रविवार
19 मई 2024

डिजिटल संस्करण
# केशव टाइम्स
आपकी आवाज



तेजस्वी यादव ने केंद्र सरकार पर साधा
2



# कुंडली-मानेसर-पलवल एक्सप्रेस-व पर बस में लगी आग, दस श्रद्धालु जिंदा जले, 28 घायल

- तावडू गांव के ग्रामीणों ने बाइक से पीछा कर बस चालक को दी आग लगने की सूचना
- बस में 64 लोग थे सवार सभी है रिश्तेदार मथुरा-वृंदावन से दर्शन कर लौट रहे थे श्रद्धालु

**एजेंसी/हरियाणा**

हरियाणा में शुक्रवार देर रात करीब डेढ़ बजे दिल को दहला देने वाली घटना समाने आई है। जहां कुंडली-मानेसर-पलवल एक्सप्रेस-वे पर श्रद्धालुओं से भरी चलती बस में आग लग गई। इस भयावह दुघर्टना में दस लोगों की जिंदा जलने से मौत हो गई। वहीं 26 यात्री गंभीर रूप से झुलस गए। दुघर्टना में आठ यात्रियों की मौत घटना स्थल पर ही हो गई थी। जबकि दो लोगों की ईलाज के दौरान अस्पताल में मौत हो गई। घायलों ने बताया कि हादसा नूंह जिले में तावडू गांव के पास हुआ। बस में कुल 64 लोग सवार थे। सभी आपस में रिश्तेदार हैं और पंजाब-चंडीगढ़ के रहने वाले हैं। वे मथुरा-वृंदावन से दर्शन कर लौट रहे थे। आग की लपटें देख स्थानीय लोगों ने पुलिस और फायर ब्रिगेड को जानकारी दी। साथ ही खुद भी आग



बुझाने का प्रयास किया। फायर ब्रिगेड ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया। अभी आग के कारणों का पता नहीं चल सका है। पुलिस ने अधिकांश घायलों को नूंह के नल्हड़ स्थित मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया है। जहां उपचार चल रहा है।

**बाइक से बस का पीछा कर ड्राइवर को जानकारी दी**

तावडू गांव के रहने वाले कुछ लोगों ने बताया कि उन्होंने बस में आग लगी देखी तो ड्राइवर को आवाज लगाकर रुकने को कहा। बस नहीं रुकी तो मोटरसाइकिल से पीछा किया और ड्राइवर को सूचना दी। तब तक आग काफी फैल चुकी थी। गांव वालों का कहना है कि उन्होंने अपने स्तर पर आग बुझाने का प्रयास किया था। पुलिस को भी जानकारी दी थी। तब तक कई लोग बुरी तरह झुलस चुके थे। उनमें से 8 की मौत हो चुकी थी।

**हादसे में ये लोग झुलसे, इनकी जान गई**

मृतकों में से अब तक 6 की पहचान हो चुकी है। कड़ा, कंगन, कुंडल और कपड़ों से मृतकों की पहचान की गई है। मरने वालों में छह लोग होशियारपुर के शालीमार नगर के रहने वाले हैं। इनमें से तीन एक ही परिवार के हैं। उनमें शशि शर्मा पत्नी राकेश कुमार, उनका बेटा गौतम शर्मा, शशि की पौत्री जोविता उर्फ खुशी सभी निवासी शालीमार नगर होशियारपुर पंजाब, सुनीता भसीन पत्नी राजेश भसीन निवासी मॉडल टाउन कमालपुर पंजाब, दर्शन लाल पुत्र हरि राम निवासी जालंधर पंजाब और अमर रानी पत्नी कश्मीर सिंह निवासी न्यू सैनी एन्क्लेव मोहाली शामिल हैं। बस में आग लगने से हंसराज, पायल शर्मा, सोनी शर्मा, स्वतंत्र शर्मा, सुदेश कुमारी, उर्मिला शर्मा, निशा शर्मा, अंजू शर्मा, मीना रानी, कृष्णा, नरेश कुमार, जसविंदर राणा, बलजीत सिंह, पूनम, वाय कुमारी, शांति, आदि लोग घायल हुए हैं। कुछ लोगों की पहचान की जा रही है। सभी के परिवारजनों से संपर्क किया गया है।

**डीसी ने कहा- मधुबन की फोरेंसिक टीम जांच करेगी**

**हरियाणा।** नूंह के डीसी धीरेंद्र खड़गटा ने इस मामले में बताया है कि हादसे में घायल सभी लोगों का मेडिकल कॉलेज नल्हड़ में उपचार चल रहा है। उपचार वरिष्ठ चिकित्सकों की निगरानी किया जा रहा है। प्राथमिक उपचार के बाद 4 घायलों को मेडिकल कॉल्होज से डिस्चार्ज कर दिया गया है। डीसी के अनुसार, 2 लोगों को दिल्ली अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया है। जहां उनका उपचार चल रहा है। बस में आग लगने के कारणों का पता लगाने के लिए मधुबन से फोरेंसिक विभाग की टीम नूंह पहुंच गई है। टीम ने कई सैंपल को इकट्ठा कर अपने साथ ले जाएगी।

**हरियाणा सीएम बोले- सरकार इलाज की व्यवस्था कर रही**

इस हादसे को लेकर सीएम नायब सैनी ने कहा- तावडू में केएमपी हाइवे पर श्रद्धालुओं की बस में आग लगने की दुर्घटना बेहद आहत करने वाली है। नल्हड़ के मेडिकल कॉलेज में घायलों का उचित उपचार किया जा रहा है। प्रशासन मुस्तैद है और जरूरत के मुताबिक घायल श्रद्धालुओं को और भी बेहतर से बेहतर इलाज की व्यवस्था सरकार कर रही है। इसके लिए डॉक्टरों की एक टीम तैयार कर भेज दिया गया है। सभी मरीजों की हालत पर नजर रखी जा रही है। ताकि उनका बेहतर इलाज हो सके।

# देश को बर्बाद कर रहा इंडी गठबंधन : पीएम नरेंद्र मोदी

- बोले- देश में लोगों की रक्षा करते-करते करीब 35 हजार पुलिस के जवान शहीद हुए
- बोले-एक सौ चालीस करोड़ लोगों का मेरा परिवार बन गया है

**केटी न्यूज/नई दिल्ली**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी राजधानी दिल्ली में पहली जनसभा को संबोधित किया। उत्तर पूर्वी दिल्ली के करतार नगर इलाके में प्रधानमंत्री ने कहा कि देश की जनता के लिए मेरा पल-पल और कण-कण है। 50 साल पहले घर छोड़कर निकला था। वहीं पीएम ने जनसभा में इंडी गठबंधन को लेकर कांग्रेस पर निशाना साधा। पीएम ने कहा कि भ्रष्टाचार के मामले में इंडी गठबंधन के नेता जेल जा रहे हैं। पीएम ने दिल्ली की सभी सीटों पर भाजपा के उम्मीदावारों को वोट देने की अपील की। दिल्ली की रैली में पीएम मोदी ने इंडी गठंबधन को लेकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि ये मौका परस्त गठबंधन तुष्टिकरण के लिए देश में हिंसा भी फैला सकता। याद कीजिए, जब सीएए कानून आया था, तब इन्होंने महीनों के लिए दिल्ली को बंधक बना दिया था। पहले रास्ते रोके, फिर दंगे कराए। लेकिन आज इनके झूठ का पदार्फाश हो चुका है। पीएम मोदी ने कांग्रेस पर तंज कसा कांग्रेस की चार पीढ़ियों ने दिल्ली पर राज किया। लेकिन आज इनमें दिल्ली की चार सीट पर लड़ने की ताकत नहीं रही। कांग्रेस वहां भी नहीं लड़ पा रही है, जहां इनका 10 जनपथ का दरबार है।देश का दुर्भाग्य देखिए, जब तक मोदी नहीं आया, देश की सरकारों को देश के वीर जवानों के सम्मान में वार मेमोरियल बनाने का महत्व समझ नहीं आया। देश में लोगों की रक्षा करते-करते करीब 35 हजार पुलिस के जवान शहीद हुए हैं। दुनिया में कोई भी जगह हो, इंफ्रास्ट्रक्चर का विकास, इन्वेस्टमेंट लेकर आता है। एक तरफ अनधिकृत कॉलोनियां को रेगुलर करने का काम चल रहा है, वहीं दूसरी तरफ झुग्गियों की जगह पक्के घर बनाने का अभियान भी जारी है।

**मेरा परिवार आप लोग हैं: पीएम**

पीएम मोदी ने कहा कि बचपन में जब घर छोड़ा तब नहीं जानता था कि एक सौ चालीस करोड़ लोग मेरा परिवार बन जाएंगे, मैं आप लोगों के लिए मर खप रहा हूं। मेरा कोई वारिस नहीं है। अगर कोई वारिस है तो आप सब ही हैं। मेरा पल पल आपके लिए है। पीएम ने कहा कि हर बूथ पर कमल खिलेगा।

**ये चुनाव भारत को टॉप तीन अर्थव्यवस्था में लाने का है: पीएम**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि 2024 का ये चुनाव भारत को टॉप तीन अर्थव्यवस्था में लाने के लिए है। 2024 का ये चुनाव भारत की अर्थव्यवस्था उन ताकतों से बचाने के लिए है जो अपनी आर्थिक नीतियों से भारत को दिवालिया कर देना चाहते हैं। 2024 का ये चुनाव भारत के युवाओं के लिए नए अवसर बनाने के लिए हैं।

**अरविंदर सिंह लवली ने स्वाति मालीवाल मामले की टिप्पणी**

मंच से भाजपा नेता अरविंदर सिंह लवली ने कहा कि बात वहां भी यही होती है कि आएंगे तो मोदी ही। बड़े शर्म की बात है कि सीएम अरविंद केजरीवाल के घर के भीतर एक महिला को मारा पीटा जाता है। केजरीवाल इस विषय में एक शब्द नहीं बोलते है। उन्होंने आगे कहा कि इस बार भी दिल्ली में भाजपा सातों सीटें जीत रही है।

## बाबा रामदेव को बड़ी राहतः 14 दवाओं पर बैन के आदेश पर लगी अंतरिम रोक

**दिल्ली।** पिछले कुछ महीनों से कानूनी पचड़े में फंसे योग गुरु बाबा रामदेव और आचार्य बालकृष्ण को बड़ी राहत मिली है। उत्तराखंड सरकार ने बड़ा फैसला लेते हुए पतंजलि और दिव्य फामेर्सी की 14 दवाओं पर लगाए गए बैन के आदेश पर अंतरिम रोक लगा दी है। दरअसल, बीते 30 अप्रैल को सुप्रीम कोर्ट की फटकार के बाद उत्तराखंड सरकार के औषधि नियंत्रक के लाइसेंस प्राधिकरण ने पतंजलि की दिव्य फामेर्सी कंपनी के कुल 14 उत्पादों पर बैन लगा दिया था। दिव्य फामेर्सी के इन 14 उत्पादों पर भ्रामक विज्ञापन मामले में बैन लगाया गया था। विभाग ने कहा था कि दिव्य फार्मेसी की तरफ से अपने उत्पादों के बारे में भ्रामक विज्ञापन प्रकाशित करने के लिए लाइसेंस को रोक दिया गया है। दिव्य फामेर्सी के जिन प्रोडक्ट्स पर बैन लगा था, उनमें श्वासारि गोल्ड, वासारि वटी, दिव्य ब्रोंकोम, वासारि प्रवाही, श्वासारि अवलेह, मुक्ता वटी एक्स्ट्रा पावर, लिपिडोम, बीपी ग्रिट, मधुग्रिट, मधुनाशिनी वटी एक्स्ट्रा पावर, लिवामृत एडवांस, आईग्रिट गोल्ड, लिवोग्रिट और पतंजलि दृष्टि आई ड्रॉप शामिल हैं। विभागीय जांच रिपोर्ट के आधार पर राहत मिली है।

## अमेठीः प्रचार के अंतिम दिन प्रियंका और अमित शाह ने झोंकी ताकत, दोनों के रोड शो में उमड़ी भारी भीड़

**केटी न्यूज/अमेठी**

कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने शनिवार को रोड शो कर चुनाव प्रचार के आखिरी दिन माहौल बनाया। भीड़ इस कदर उमड़ी कि बस स्टॉप से नौगजी चौराहा तक करीब एक किलोमीटर का सफर 50 मिनट में पूरा हो सका। जायस शहर में प्रियंका गांधी का रोड शो दोपहर 12 बजे से प्रस्तावित था, परंतु ढाई बजे प्रियंका गांधी वाड्रा रोड शो करने पहुंची। उन्होंने नगर पालिका से अपना रोड़ शो शुरू किया। रास्ते में छतों से प्रियंका पर फूलों की वर्षा भी की गई। कुछ लोगों ने रास्ते में गदा भेंट किया। एक दुकानदार ने उन्हें ककड़ी फल उपहार स्वरूप दिया, जिसे लेकर उन्होंने खाना भी शुरू कर दिया। साथ में मौजूद भीड़ प्रियंका गांधी के नारे लगाती रही तो उन्होंने इशारा किया कि कांग्रेस प्रत्याशी किशोरी लाल के भी नारे लगाए जाएं।पूरे कार्यक्रम के दौरान प्रियंका गांधी ने कोई संबोधन या बयान नहीं दिया। नौगजी चौराहे के पास रोड शो समाप्त हुआ। इस दौरान जिलाध्यक्ष प्रदीप सिंघल, शुभम सिंह, नगर पालिका अध्यक्ष मनीषा चौहान, सपा महिला मोर्चा अध्यक्ष गुंजन सिंह, अनिल सिंह, शमशाद खान जायसी, शकील इदरीसी, हाजी इशरत हुसैन भी मौजूद रहे।



**केंद्रीय गृह मंत्री शाह ने गांधी परिवार को लिया आड़े हाथ**

**अमेठी।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को अमेठी में रोड शो किया। इस दौरान उन्होंने गांधी परिवार व राहुल गांधी पर हमला बोला। कहा कि यह चुनाव दो लोगों के बीच का है। एक चांदी के चम्मच के साथ पैदा हुए राहुल गांधी और दूसरी ओर चाय बेचने वाले गरीब के घर में पैदा हुए नरेंद्र मोदी के बीच। 12 लाख करोड़ रुपये का भ्रष्टाचार करने वाले गांधी परिवार है, वहीं 23 साल तक मुख्यमंत्री व प्रधानमंत्री रहने के बावजूद विरोधी 25 पैसे का आरोप नरेंद्र मोदी पर नहीं लगा पाए। ऐसे हैं हमारे नरेंद्र मोदी। वर्ष 2019 में राहुल बाबा को यहां से जनता ने हराकर स्मृति इरानी को सांसद बनने का काम किया। उसे राहुल आज तक भूल नहीं पाए। वायनाड से जब निकले तो अमेठी की जगह रायबरेली चले गए। लोकतंत्र में जनता ही सबसे ऊपर है।गृह मंत्री ने कहा कि मुझे उसे दिन बहुत दर्द हुआ जब स्मृति इरानी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ अमेठी के कलेक्ट्रेट भवन का पूजन करने आया। 55 साल तक जिस जनता ने आपको जिताया आप उस जनता के लिए कलक्टर ऑफिस तक नहीं बनवा पाए। इसके बाद भी कहते हैं कि अमेठी हमारा परिवार है। कोरोना कल का जिक्र करते हुए गृहमंत्री ने पूछा कि कोरोना में राहुल गांधी, सोनिया गांधी, प्रियंका दिखी थीं क्या? उनका परिवार था तो आना चाहिए था। कौन आया था, स्मृति आई थीं। मोदी जी ने सभी को निशुल्क टीका लगवाया। किसी को एक पैसा नहीं देना पड़ा। उन्होंने राहुल गांधी पर तंज कसते हुए कहा कि गर्मी बढ़ते ही बैंकॉक व थाईलैंड चले जाते हैं। याद रखना छह तारीख को वह चले जाएंगे। दूसरी ओर 23 साल तक दीपावली के दिन भी अपने परिवार की जगह दूर दराज के सीमा की रक्षा पर खड़े देश के लिए दौड़ने वाले नरेंद्र मोदी हैं। सबका साथ उन्हें मिलना चाहिए।

## मनमोहन-आडवाणी ने घरेलू मतदान सुविधा का किया उपयोग, डाले अपने वोट

**एजेंसी/नई दिल्ली**

पूर्व उप राष्ट्रपति हामिद अंसारी, पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह, पूर्व उप प्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी और पूर्व केंद्रीय मंत्री मुरली मनोहर जोशी ने घरेलू मतदान सुविधा का इस्तेमाल करके अपना वोट डाला। दिल्ली चुनाव आयोग ने शनिवार को यह जानकारी दी। दिल्ली के मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने गुरुवार को बुजुर्ग मतादाताओं और दिव्यांगों के लिए घर पर मतदान की सुविधा शुरू की, जो 24 मई तक चलेगी। पश्चिमी निर्वाचन क्षेत्र में 348 वोट घर से आयोग के अनुसार, सुविधा शुरू होने के दूसरे दिन शुक्रवार को दिल्ली के सभी सात संसदीय क्षेत्रों में 1409 मतदाताओं ने घरों से मतदान किया। पश्चिमी दिल्ली निर्वाचन क्षेत्र में सबसे अधिक 348 घरेलू वोट पड़े। इनमें 299 बुजुर्ग व्यक्ति थे। मिलाकर कुल 2956 मतादाताओं ने घर से वोट दिया। पूर्व पीएम मनमोहन सिंह और पूर्व केंद्रीय मंत्री जोशी ने नई दिल्ली संसदीय क्षेत्र में 17 मई को घर से वोट डाला। वहीं, पूर्व उपराष्ट्रपति अंसारी ने गुरुवार को अपना वोट डाला। पूर्व उप प्रधानमंत्री आडवाणी ने शनिवार को अपना वोट डाला। दिल्ली भर में कुल 5,406 बुजुर्ग और दिव्यांग मतदाताओं ने इस चुनावों में घरेलू मतदान सुविधा का लाभ लिया है।

## सीएम अरविंद केजरीवाल के पीए विभव कुमार की तीस हजारी कोर्ट में अग्रिम जमानत याचिका खारिज

**केटी न्यूज/नई दिल्ली**

आम आदमी पार्टी की राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल के साथ कथित तौर पर मारपीट और अभद्रता करने के आरोप में सीएम अरविंद केजरीवाल के पीए विभव कुमार को दिल्ली पुलिस ने शनिवार को उनके आवास से गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तारी के बाद विभव कुमार ने तीस हजारी कोर्ट में अग्रिम जमानत की याचिका दायर की है। इस याचिका पर आज ही सुनवाई हुई जिसमें कोर्ट ने विभव कुमार की अग्रिम जमानत याचिका को खारिज कर दिया है। स्वाति से मारपीट की घटना 13 मई की है। स्वाति अरविंद केजरीवाल से मिलने सुबह करीब 9 बजे सीएम हाउस पहुंची थीं। स्वाति मालीवाल ने विभव कुमार पर मारपीट और बदसलूकी का आरोप लगाया।जिस से उनके कपड़े भी फट गए थे। 16 मई को दिल्ली पुलिस में उन्होंने एफआईआर दर्ज करवाई। एफआईआर में यह भी लिखा है कि विभव ने उनके सीने और पेट पर लात मारी, उनका सिर टेबल पर पटक दिया। स्वाति मालीवाल ने 17 मई को तीस हजारी कोर्ट में मजिस्ट्रेट के सामने बयान दर्ज कराया है। एफआईआर दर्ज करवाने के अगले दिन 17 मई को 12 बजे रात दिल्ली के एम्स में स्वाति का मेडिकल करवाया गया। मेडिकल की रिपोर्ट शनिवार को आ गयी। रिपोर्ट में बताया गया है कि मालीवाल की आंख और पैर में चोट के निशान है। वहीं मारपीट के आरोपी अरविंद केजरीवाल के पीए विभव कुमार ने मालीवाल के खिलाफ 17 मई को एफआईआर दर्ज कराई है। उन्होंने शिकायत में कहा कि स्वाति मालीवाल जबरदस्ती सीएम आवास में दाखिल हुईं और रोके जाने पर हंगामा खड़ा किया और स्टाफ को गाली दी। विदित हो कि अभी हाल में ही सीएम केजरीवाल कोर्ट से जमानत पर रिहा हुआ है। उनकी रिहाई के बाद यह विवाद उत्पन्न हुआ है।

**सीएम योगी ने महाराष्ट्र के पालघर में चुनावी जनसभा को किया संबोधित**

# 6 महीने में पीओके होगा भारत का हिस्सा : योगी आदित्यनाथ

**केटी न्यूज/पालघर**

यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बड़ा ऐलान करते हुए कहा है कि तीसरी बार मोदी सरकार बनने के 6 महीने के भीतर पाक अधिकृत कश्मीर (पीओके) भारत का हिस्सा होगा। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान के हालात खराब हैं, उससे पीओके संभाले नहीं संभल रहा है और पीओके के लोग भारत में शामिल होना चाहते हैं। योगी आदित्यनाथ शनिवार को यहां नालासोपारा वेस्ट में चुनावी जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने पार्टी प्रत्याशी हेमंत सांवरा के लिए जनता से वोट की अपील की।



योगी आदित्यनाथ ने अपने संबोधन में कहा कि छत्रपति शिवाजी के हिन्दवी स्वराज को प्रधानमंत्री मोदी साकार कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज कोई टेढ़ी नजर से भारत को देखता है तो उसकी नजर निकाल ली जाती है। कहा कि इस चुनाव में जनता कांग्रेस का विसर्जन कर रही है। योगी ने कहा कि अब यूपी में कोई सड़क पर नमाज नहीं पढ़ सकता, मस्जिदों से लाउडस्पीकर भी उतार लिये गये हैं। उन्होंने इंडी गठबंधन पर हमला बोलते हुए कहा कि पाकिस्तान का राग अलापने वाले वहीं जाकर भीख मांगे। सीएम योगी ने यह भी कहा कि काशी और अयोध्या के बाद अब हम मथुरा की ओर बढ़ रहे हैं। उन्होंने भरोसा जताते हुए कहा कि रामभक्त ही राज करेगा दिल्ली के सिंहासन पर। हमने जो कहा वो कर के दिखा दिया। योगी आदित्यनाथ ने हिन्दवी स्वराज का बोध जागृत करने वाले छत्रपति शिवाजी महाराज और क्रांतिकारी राघव जी भागरे व श्रीकृष्णा जी राव को नमन किया। उनहोंने कहा कि पिछली बार यहां आया था तो कांग्रेस का सूर्यास्त हो गया था। सीएम योगी ने कांग्रेस के साथ साथ उद्धव ठाकरे और शरद पवार पर हमला बोलते हुए कहा कि ये लोग कहते थे कि भाजपा वाले 100 जन्म भी ले लेंगे फिर भी राम मंदिर नहीं बनवा पाएंगे। हम तब भी कहते थे कि रामलला हम आएंगे मंदिर वहीं बनाएंगे.



### इंडी गठबंधन परिवारवादी नेताओं का एक दिशाहीन एवं अवसरवादी गठबंधन है

# बोले संजय झा ...चुनाव के शुरूआती चार चरणों में ही विपक्ष चारों खाने चित

- कहा- इंडी गठबंधन के बौआजी का हाल तो सबको पहले से दिख रहा है
- इंडी गठबंधन के प्रधानमंत्री पद के स्वघोषित दावेदार कितने हताश हैं



**केटी न्यूज/पटना**

जदयू के राष्ट्रीय महासचिव सह राज्यसभा सांसद संजय कुमार झा ने विपक्ष पर तंज कसते हुए कहा कि लोकसभा चुनाव के शुरूआती चार चरणों के मतदान में ही विपक्ष चारो खाने चित्त हो चुका है। इंडी गठबंधन के प्रधानमंत्री पद के स्वघोषित दावेदार कितने हताश हैं, इसका अनुमान उनके हालिया बयानों और भाषणों और ट्वीट की भाषा से आसानी से लगाया जा सकता है। दरअसल देश की जनता अच्छी तरह समझ चुकी है कि इंडी गठबंधन परिवारवादी नेताओं का एक दिशाहीन एवं अवसरवादी गठबंधन है, जिसके पास न तो नीति है, न नीयत है और न ही कोई सर्वमान्य नेता है। उन्होंने कहा कि चार चरणों का मतदान संपन्न होने के बाद से इंडी की दीदी का भी राग अचानक बदल गया है। वे समझ गई हैं कि डूबती नैया से समय रहते कूद जाना ही बेहतर है। इसीलिए उन्होंने इंडी गठबंधन से किनारा करना और सहयोगी दलों को निशाना बनाना शुरू कर दिया है।

**राहुल गांधी पर भी कसा तंज**

संजय कुमार झा ने राहुल गाँधी पर तंज कसते हुए कहा कि इंडी के बौआजी का हाल तो सबको पहले से दिख रहा है। बिहार आने तक की हिम्मत नहीं जुटा पाये। अमेठी से पलायन करके खुद को रायबरेली तक सीमित कर लिया है। मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल के बारे में काल्पनिक बातें बोल कर, अनर्गल प्रलाप करके लोगों को भरमाने की नाकाम कोशिश कर रहे हैं। लोगों के खाते में कभी खटाखट तो कभी टकाटक पैसे भेजने का प्रलोभन ऐसे दे रहे हैं, मानो देश उनकी जागीर हो।

**अपनी पार्टी की महिला सांसद के साथ दुर्व्यवहार पर चुप्पी साध रखी है:** संजय कुमार झा ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल पर हमला करते हुए कहा कि इंडी के सर जी तो बाकी सब से दो कदम आगे निकल गये। वे बेल पर जेल से बाहर क्या आये, अपने पीए को जेल भेजने का प्रयोजन कर बैठे। अपनी ही पार्टी की महिला सांसद के साथ दुर्व्यवहार पर उन्होंने चुप्पी साध रखी है। भ्रष्टाचार और दुष्प्रचार को राजनीतिक शिष्टाचार बनाने की उनकी कोशिशों का दिल्ली की जनता वोट के जरिये करारा जवाब देगी।

**एनडीए की डबल इंजन की सरकार में ही बिहार एक विकसित प्रदेश बन सकता है:** संजय कुमार झा ने कहा कि बिहार में जहां भी जा रहा हूं, यह स्पष्ट दिख रहा है कि मतदाता अब काफी जागरूक हो चुके हैं। वे जाति-धर्म की भावना से ऊपर उठ कर देश में शांति, समृद्धि, सुरक्षा, सद्भाव और सुशासन सुनिश्चित करने के लिए मतदान कर रहे हैं। उन्हें पता है कि देश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी और बिहार में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जी की राजनीति विकास और जनकल्याण के लिए समर्पित है। उन्हें पता है कि बिहार में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पिछले 18 वर्षों में और देश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछले 10 वर्षों में न केवल विकास को नई ऊंचाई प्रदान की है, बल्कि लोगों में आशा और विश्वास की नई ऊर्जा का भी संचार किया है। आज देश की जनता आश्वस्त है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के तीसरे कार्यकाल में भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी आर्थिक शक्ति बनेगा। इसी तरह बिहार के लोग आश्वस्त है कि एनडीए की डबल इंजन की सरकार में ही बिहार एक विकसित प्रदेश बन सकता है। इसलिए देश और प्रदेश के मतदाता एनडीए प्रत्याशियों के पक्ष में मतदान कर रहे हैं।

## तेजस्वी यादव ने केंद्र सरकार पर साधा निशाना, बोले....पीएम ने नहीं किया एक भी वादा पूरा



**केटी न्यूज/पटना**

तेजस्वी यादव ने केंद्र सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि दस वर्षों से नरेंद्र मोदी देश के प्रधानमंत्री हैं और उन्होंने अपना एक भी वादा पूरा नहीं किया है। मैं तो प्रधानमंत्री के वादों का रिकॉर्ड लेकर चलता हूं, जिसमें उन्होंने सबसे पहली घोषणा की थी कि बिहार को स्पेशल स्टेट्स और स्पेशल अटेंशन देंगे लेकिन वह आज दस वर्ष गुजर जाने के बावजूद नहीं मिला है। वहीं मढ़ौरा में बंद चीनी मिलों को शुरू करने और रोजगार देने की बात कही थी लेकिन एक भी वादा पूरा नहीं कर पाए हैं। किसानों की आय दुगुनी, सबको पक्का मकान और काला धन वापस लाने की बात कही थी, लेकिन क्या हुआ आप सभी को पता ही हैं। विगत दस वर्षों से मोदी जी केंद्र में प्रधानमंत्री हैं और सारण में दस वर्षों से राजीव प्रताप रूडी सांसद हैं और दोनों ने कुछ भी नहीं किया है। जनता को केवल झूठ के सहारे ठगा जा रहा है। जनता को कितने दिनों तक मूर्ख बनाया जा सकता है।

### लालू प्रसाद के बाद किसी ने नहीं किया कोई विकास

तेजस्वी यादव ने राजीव प्रताप रूडी पर तंज कसते हुए कहा कि रूडी जी सत्ताधारी दल के नेता हैं लेकिन विकास करने में पूरी तरह से विफल साबित हुए हैं। सारण का विकास मेरे पिता लालू यादव ने किया है। क्योंकि उन्होंने सारण में रेल चक्का फैक्ट्री और विश्वविद्यालय की स्थापना की है। लालू जी के बाद आज तक किसी ने सारण का विकास नहीं किया है। बिहार में हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सात बार आ चुके हैं, जिसमें रोड शो के साथ ही भाषण भी दिए हैं। चुनाव प्रचार में हर संभव का काम किया है, लेकिन बिहार के विकास के लिए क्या किया एक बार भी नहीं बताया है। विकास के नाम पर पीएम मोदी चुप्पी साध लेते है। देश में बेरोजगारी चरम पर जा रही है। उसे रोकने के लिए भाजपा कोई उपाय नहीं कर रही है।




## उपेंद्र कुशवाहा बोले.... मेरे खिलाफ हमेशा षडयंत्र रचते रहे लालू यादव

**केटी न्यूज/काराकाट**

काराकाट के एनडीए के प्रत्याशी उपेंद्र कुशवाहा ने राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव और उनके बेटे तेजस्वी यादव पर हमला बोला। तेजस्वी द्वारा प्रधानमंत्री को बेड रेस्ट की सलाह दिए जाने वाले बयान को उन्होंने बचकाना कहा। साथ ही नेता प्रतिपक्ष को नसीहत दी कि वह अपने पिताजी को बेड रेस्ट की सलाह दें, तो ज्यादा अच्छा रहेगा। 73 वर्ष की उम्र में भी प्रधानमंत्री एक युवा की तरह देश का नेतृत्व कर रहे हैं। उन्हें किसी ने बीमार पड़ता हुआ भी नहीं देखा है। उपेंद्र कुशवाहा ने लालू प्रसाद यादव पर भी हमला बोला लालू प्रसाद यादव द्वारा ही षड्यंत्र रचा जा रहा है। लालू प्रसाद द्वारा मुझे हमेशा टारगेट किया गया है ।

## सीएसपी संचालक से पांच लाख लूटकर दो अपराधी फरार, दो पकड़े गये

**केटी न्यूज/दरभंगा**

दरभंगा जिले के बिशनपुर थाना क्षेत्र के गोधाइला गांव से एक सीएसपी संचालक से बाइक सवार चार अपराधियों ने पिस्तौल के बल पांच लाख रुपये लूटकर फरार हो गए। बताया जा रहा है कि भाग रहे अपराधियों में से दो को ग्रामीणों ने खदेड़कर पिस्टल के साथ पकड़ लिया। लेकिन बाकी दो बाइक सवार अपराधी रुपये से भरा थैला लेकर फरार हो गए। पकड़े गए अपराधियों की पहचान मुजफ्फरपुर जिले के



अहियापुर थाना क्षेत्र के विजयी छपरा गांव निवासी अर्जुन कुमार और अभिषेक कुमार के तौर पर हुई है। जानकारी के अनुसार, अहलेसुबह सीएसपी खुलते ही अपराधियों ने सीएसपी संचालक को पिस्तौल का भय दिखाकर पांच लाख रुपये से भरा थैला लूट लिया और फरार हो गए। वहीं, इस दौरान पास में खड़े एक ग्रामीण ने विरोध जताया तो अपराधियों ने छुरा मारकर उसे जख्मी कर दिया। घटना की सूचना


## असम सीएम हिमंत का लालू यादव पर विवादित बयान, कहा... मुस्लिमों को आरक्षण देना है तो पाकिस्तान जाएं

**केटी न्यूज/पटना**

असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने मुजफ्फरपुर में शनिवार को जनसभा को संबोधित करते हुए विवादित बयान दे दिया। उन्होंने कहा कि लालू यादव मुस्लिम समुदाय के आरक्षण की बात कहकर मुस्लिम तुष्टिकरण की बात कहते हैं। इस देश में यह संभव नहीं है, अगर फिर भी उनको एक समुदाय का आरक्षण चाहिए तो पाकिस्तान में जा सकते हैं। दरअसल, हिमंत सरमा मुजफ्फरपुर के औराई विधानसभा क्षेत्र में बीजेपी प्रत्याशी के पक्ष में वोट की अपील करने पहुंचे थे। यहां अपने संबोधन के दौरान ही उन्होंने यह बात कही। इस दौरान में सीएम सरमा ने आरोप लगाते हुए यह भी



कहा कि यह लोग मुस्लिम समुदाय के आरक्षण की बात को कहकर बाबा साहब अंबेडकर के संविधान का अपमान कर रहे हैं। भाजपा नेता हिमंत बिस्वा सरमा ने मुजफ्फरपुर में मुसलमान के आरक्षण और सात शादी पर अपने विचार रखे। उन्होंने कहा कि दो बेटों के साथ लालू प्रसाद यादव पाकिस्तान में चले जाएं। फिर वहां सभी मुसलमानों को वहीं से आरक्षण दिलवा दें। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार के फिर से बनते ही सात शादी करने वाली दुकान बंद हो जाएगी। सरमा ने कहा कि हमारे देश का अपना कानून है और यह संविधान से अधिकृत है, इसको कोई भी खत्म नहीं कर सकता है। जो भी लोग आरक्षण को खत्म करने की बात कहते हैं तो यह कोई नहीं ले सकता है।वहीं, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी को लेकर हिमंत बिस्वा सरमा ने कहा कि यह लोग कहते हैं कि प्रधानमंत्री बनने वाले हैं। उन्होंने कहा कि वह पाकिस्तान के पीएम बनने जा रहे हैं। यहां के लिए कोई जगह खाली नहीं है। पीएम तो यहां के नरेंद्र मोदी हैं और कोई भी जगह खाली नहीं है। इसलिए ऐसे लोग बाहर जा सकते हैं और देश में रहकर देश विरोधी बात करने वाले के लिए कोई जगह नहीं है। लालू यादव मुस्लिमों को केवल बरगलाने का प्रयास करते है।






## असम के मुख्यमंत्री ने अर्जुनपुर में किया चुनाव सभा को संबोधित, उमड़ी कार्यकर्ताओं की भीड़

# देश में पहली बार जगा है हिंदू : हिमंता विश्व शर्मा

- देशहित में अभी कई फैसले लेने बाकी, मथुरा व ज्ञानवापी का लौटेगा पुराना गौरव

**केटी न्यूज/बक्सर**

देश में हिंदू पहली बार जगा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रयासों से हिंदुओं में चेतना आई तथा वे सनातन व राष्ट्र विरोधियों को सबक सिखा रहे है। इस बार भी केन्द्र में पूर्ण बहुमत की एनडीए की सरकार बनेगी। उक्त बातें असम के मुख्यमंत्री व प्रखर हिंदू नेता हिमंता विश्वशर्मा ने शनिवार को बक्सर संसदीय क्षेत्र के अर्जुनपुर हाई स्कूल के मैदान में एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि काश्मीर से धारा 370 हट गई है, राम मंदिर भी बन गया है। लेकिन, अभी देशहित में कई फैसले लिए जाने है। असम के मुख्यमंत्री ने कहा कि यदि इस बार केन्द्र में एनडीए की सरकार बनी तो भगवान कृष्ण के जन्मस्थली मथुरा व वाराणसी के ज्ञानवापी में भी भव्य मंदिर बनेगा। उन्होंने विपक्षी इंडी गठबंधन को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि राहुल गांधी व लालू प्रसाद एक धर्म विशेष को आरक्षण देने की बात कह रहे है। उन्होंने कहा कि एनडीए के सरकार ने दस वर्षों में ही चहुंमुंखी विकास कर विरोधियों के मुंह पर ताला जड़ दिया है। जो विकास 70 वर्षों में नहीं हुआ था वह मोदी जी ने अपने दस वर्षों के कार्यकाल में कर दिखाया है। उन्होंने कहा कि देश व बक्सर की उन्नति के लिए एनडीए की जरूरी है। क्योंकि एनडीए की सरकार में ही बक्सर की शत प्रतिशत विकास संभव है। इसलिए इस बार चुकना नहीं है, और मोदी के पक्ष में मतदान करना है।





### अल्पसंख्यक आरक्षण पर विपक्ष को घेरा

बक्सर। उन्होंने मतदाताओं को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस व राजद के नेता एक धर्म विशेष को आरक्षण देने की बात कह रहे है। इसके लिए राहुल बाबा से लेकर लालू यादव तक जनता को गुमराह करने में लगे हैं। लेकिन, जनता सब जानती है, धर्म, जाति व परिवार की राजनीति करने वाले हाशिए पर चले गए है। उन्होंने लालू, राहुल गांधी व अखिलेश यादव जैसे विपक्ष के नेताओं पर चुटकी लेते हुए निशाना साधा और कहा कि राम को मंजूर नहीं था कि ऐसे लोग मंदिर उद्घाटन के कार्यक्रम में शामिल हो। आगे उन्होंने कहाकि इंडिया गठबंधन के लोग मुस्लिमों को आरक्षण देने के बात करते हैं। जो अपने जीवन में चार चार शादी करते हैं और छोड़ते हैं। जबकि हिन्दू एक शादी में ही परेशान रहते है। उन्होंने बक्सर से भाजपा उम्मीदवार मिथिलेश तिवारी को भारी बहुमत से जिताने की अपील की।

### भाजपा की सेवा के नाम पर आए और खुद बन गए स्वघोषित उम्मीदवार



**बक्सर।** चुनावी सभा के दौरान असम के मुख्यमंत्री ने असम कैडर के आईपीएस रहे आनंद मिश्र पर कहा कि वे भाजपा की सेवा करने के नाम पर वीआरएस लिए थे, लेकिन बक्सर आकर खुद को स्वघोषित भाजपा उम्मीदवार बन गए थे और जब टिकट नहीं मिला तो निर्दलीय प्रत्याशी बन गए। उन्होंने कहा कि वे लोगों के बहकावे में आकर ऐसा किए है। वह एक समझदार व्यक्ति है। परंतु उन्होंने इस तरह का कदम उठाया है। यह शोभनीय है। वह अपनी तरफ से हर प्रयास कर ले। लेकिन, चुनाव बाद मैं उसे लेकर असम जाउंगा। वहां वह जनता की सेवा करेंगे।

### एनडीए सरकार में ही देश का विकास संभव


**बक्सर।** इस सभा को संबोधित करते हुए बिहार सरकार के स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने कहा कि केन्द्र व बिहार में एनडीए के नेतृत्व में ही विकास हुआ है। उन्होंने कहा कि बिहार में एनडीए की सरकार बनने से पहले जंगलराज था, केन्द्र में भी पिछले दस सालों में विकास का पहिया काफी तेजी से घुमा है। जिसका परिणाम है कि दस साल में भारत दुनिया का 11 वां से पांचवा अर्थव्यवस्था वाला देश बन गया है। उन्होंने कहा कि यदि इस बार केंद्र में मोदी की नेतृत्व में एनडीए की सरकार बनी तो देश की आर्थिक स्थिति तीसरे स्थान पर आ जायेंगी। इस मौके पर कार्यक्रम संयोजक विजय मिश्र, पूर्व विधायक स्वामीनाथ तिवारी, पूर्व विधायक दिलमणि देवी, पूर्व विधायक अजीत चौधरी, जदयू के प्रदेश महासचिव विनोद राय, जिला अध्यक्ष भोला सिंह, भाजपा नेता कतवारु सिंह, सत्येंद्र कुंवर, शेषनाथ पाठक, विनोद राय, राजाराम पाण्डेय, मुखिया अशोक राय, प्रखंड प्रमुख प्रियंका पाठक, पिंकी पाठक, वंदना भगत, ओम ज्योति भगत, संतोष दूबे, डुमरी मंडल अध्यक्ष बंशीधर पाण्डेय सहित पार्टी के कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## यूपी के गाजीपुर का सजायाफ्ता बक्सर में बन गया है पंचायत शिक्षक

- मामला संज्ञान में आने के बाद विभाग में मचा हड़कंप, जांच में जुटा शिक्षा विभाग
- 2003 में गाजीपुर जिले के करीमुद्दीनपुर थाने के लौडीहा निवासी संजय राय पर दर्ज हुआ था हत्या का मामला, 31 मई 2023 को कोर्ट ने सुनाया है सजा

**केटी न्यूज/बक्सर**

उत्तर प्रदेश के गाजीपुर जिले का एक सजायाफ्ता बक्सर के फर्जी आवासीय प्रमाण पत्र पर यहां नियोजित शिक्षक बन गया है। गाजीपुर कोर्ट ने पिछले वर्ष उसे आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। जिसके बाद वह लंबी छुट्टी पर चला गया है। इस मामले में उसी गांव के विनोद राय नामक एक व्यक्ति ने बक्सर डीईओ अनिल



कुमार द्विवेदी को आवेदन दे मामले की जानकारी दी है तथा उक्त फर्जी शिक्षक पर कार्रवाई की मांग की है। इसकी जानकारी मिलते ही शिक्षा विभाग में हड़कंप मच गया है। डीईओ ने सदर प्रखंड के बीईओ को इसका जांच कर कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। मामला सदर प्रखंड के बड़का नुआंव पंचायत के प्राथमिक विद्यालय तुर्क चकिया में पद स्थापित नियोजित शिक्षक संजय राय का है। आवेदन देने वाले विनोद राय की माने तो उस पर गाजीपुर के करमुद्दीन थाने में हत्या के आरोप में कांड संख्या 89/03 दर्ज हुआ था। इसके बाद बक्सर जिले में आकर फर्जी निवास प्रमाण पत्र बनवा लिया। आवासीय प्रमाण पत्र पर नियोजित शिक्षक बन बैठा। और यहां आराम से नौकरी कर रहा था। इसी बीच पिछले वर्ष 31 मई 2023 को गाजीपुर कोर्ट ने उस पर लगे आरोप को सही पाते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई। नियोजित शिक्षक को जेल जाना पड़ा। जिसके बाद वह विभाग आंखों में धूल झोंकते हुए लंबी छुट्टी पर चला गया था। वहीं विनोद कुमार राय का पत्र आने के बाद डीईओ ने इसकी रिपोर्ट सदर प्रखंड के प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी से मांगी। परंतु उनके स्तर से रिपोर्ट डीईओ को उपलब्ध नहीं करा गया गया है। इस संबंध में पूछे जाने पर डीईओ ने कहा कि मामले की जांच करवाई जा रही है। जांच में आरोप की पुष्टि होने पर शिक्षक को निलंबित किया जाएगा। विदित हो कि शिक्षा विभाग में हर समय नये नये कारनामे सामने आते रहते है। पिछले कुछ सालों में लगातार फर्जी शिक्षक बर्खास्त हो रहे है।

## आशा दिवस पर आशा डायरी व ओआरएस का हुआ वितरण

**केटी न्यूज/डुमरांव**

लोकसभा चुनाव में बढ़ते लू और गर्मी को लेकर स्वास्थ्य विभाग भी एलर्ट मोड में आ गया है। हर बूथों पर आशा कार्यकर्ता मौजूद रहेंगी। उनके पास ओआरएस का घोल भी रहेगा। किसी भी परिस्थिति का सामना करने के लिए उन्हें प्रशिक्षित किया जा रहा है। इसी को लेकर शनिवार को पीएचसी के सभागार में एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में सभी आशा को आशा डायरी व ओआरएस का घोल दिया गया। आशा को बताया गया कि आप अपने क्षेत्र में प्रतदिन घुमेगी और घरों में ओआरएस के घोल का विरतण करेगी। साथ ही कोई बीमार पड़ता है तो उसे पीएचसी या अनुमंडलीय अस्पताल ले जाने के लिए उत्प्रेरित करेंगी। साथ ही में उन्हें यह भी बताया गया की चुनाव के दिन उनका बूथ पर ड्यूटी लगेगी। ड्ब्यूटी के दौरान उनके पास ओआरएस का घोल मौजूद रहेगा, जिस मतदाता को ओआरएस के घोल की आवश्यकता पड़ेगी उसे मुहैया कराना आपका काम होगा। किसी की तबियत ज्यादा बिगड़ जाता है तो पीएचसी में संपर्क करेंगी। किसी भी परिस्थिति में बूथ को नहीं छोड़ना होगा जब तक मतदान नहीं समाप्त हो जाता है। जो आशा डायरी दी गई है और जो बताया गया है, उसी के अनुसार काम करना होगा। साथ ही यह भी हिदायद दिया गया कि यदि चुनाव के दौरान किसी वोटर की तबियत खराब हो जाती है। तब उसे प्राथमिक उपचार तत्काल किया जाए।

## ग्रामीण इलाकों के लोगों में बढ़ी नियोजन के अस्थायी साधानों के इस्तेमाल की रुचि

**केटी न्यूज/बक्सर**

जिले में जनसंख्या स्थिरीकरण को लेकर विभिन्न अभियान चलाए जाते हैं। जिसमें योग्य दंपति या लाभुकों को परिवार नियोजन के स्थायी साधन के साथ साथ अस्थाई साधनों के उपयोग पर बल दिया जाता है। जिससे लोग परिवार नियोजन के साधनों के प्रति जागरूक हो और उनका इस्तेमाल करें। जिसकी बदौलत आज शहरी के साथ साथ ग्रामीण स्तर पर भी लोग परिवार नियोजन के स्थायी साधानों के साथ साथ अस्थाई साधनों के प्रति जागरूक हुए हैं। जिसमें ग्रामीण इलाकों के लोगों द्वारा सबसे अधिक अस्थायी साधनों का प्रयोग करने लगे हैं। जो ग्रामीण इलाकों में लोगों के जागरूक होने का सबूत दे रहा है। सिविल सर्जन डॉ. सुरेश चंद्र सिन्हा ने बताया कि पूर्व में लोगों को नियोजन के स्थायी या अस्थायी साधन दोनों के इस्तेमाल कराने के लिए काफी मशक्कत करनी पड़ती थी। लेकिन अब जिले के सभी सरकारी अस्पतालों में च्वाइस बॉक्स रखा गया है। जिसमें पड़े नियोजन के अस्थायी साधानों का प्रयोग लाभुक बेधड़क कर रहे हैं। जिसमें सबसे अहम भूमिका जिले में संचालित हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर्स ने निभाई है। जहां पर महिला या पुरुष लाभुक अपनी सुविधा अनुसार अपने इच्छा के साधन का उठाव करते हैं। हालांकि, इसके लिए आशा कार्यकताएं भी बधाई की पात्र हैं, जिन्होंने लोगों को स्थायी के साथ साथ अस्थाई साधनों के प्रति लोगों को जागरूक करने में अपनी महती भूमिका अदा की है।

### निर्दलीय प्रत्याशी के क्रमांक में फेरबदल, भाजपा पर लगाया आरोप

**बक्सर।** बक्सर संसदीय क्षेत्र से निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ने वाले पूर्व आईपीएस आनंद मिश्र का क्रमांक बदल गया है। शुक्रवार को जहां चुनाव चिन्हों की घोषणा के दौरान उन्हें सात नंबर पर दिखाया गया था जबकि दूसरे प्रत्याशी आनंद मिश्र को आठ नंबर पर दिखाया गया था। लेकिन शनिवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने इसमें फेरबदल करते हुए उन्हें सातवे से आठवे क्रमांक पर चुनाव लड़ने की जानकारी दी। इसके बाद पूर्व आईपीएस आनंद मिश्र ने इसे भाजपा की साजिश बताया और कहा कि इससे उनके मतदाताओं में कोई फर्क पड़ने वाला नहीं है। उनकी लोकप्रियता से घबड़ाकर ही भाजपा ने एक साजिश के तहत ऐसा कराया है।

## 25 मई को बक्सर आएंगी स्वीप आईकॉन मैथिली ठाकुर, मतदान के लिए करेंगी प्रेरित

**केटी न्यूज/बक्सर**

बिहार की स्वीप आईकॉन व चर्चित लोक गीत गायिका मैथिली ठाकुर 25 मई को बक्सर में होंगी। वे बक्सर नगर भवन में सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से लोगों को मतदान के लिए प्रेरित करेंगी। जिला प्रशासन द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम तथा उनकी सुरक्षा व ठहरने की व्यवस्था की तैयारी शुरू कर दी गई है। उनका यह आगमन राज्य के अपर मुख्य सचिव सह अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के निर्देश पर हो रहा है। स्वीप कोषांग बक्सर से मिली जानकारी के अनुसार लोक सभा आम निर्वाचन 2024 के आलोक में मैथिली ठाकुर 25 मई को नगर भवन बक्सर में सांस्कृतिक कार्यक्रम का



आयोजन निर्धारित किया गया है। वे अपने लोकगीतों के माध्यम से लोगों में मतदान का जज्बा भरेंगी। बता दें कि मैथिली ठाकुर बहुत कम उम्र में ही लोक गीत गायकी के क्षेत्र में काफी ख्याति अर्जित कर चुकी है तथा वे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के हाथों सम्मानित भी हो चुकी है। इस आयोजन को सफल बनाने के लिए जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीएम अंशुल अग्रवाल ने कार्यक्रम स्थल पर निर्धारित तिथि को पुख्ता सुरक्षा व्यवस्था करने का निर्देश बक्सर के सदर एसडीओ व डीएसपी को दिया है। डीएम ने कहा है कि राज्य के स्वीप आईकॉन के आगमन पर किसी तरह की चूक बर्दाश्त नहीं होगी। लोक सभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए जिला प्रशासन काफी मजबूती से स्वीप कार्यक्रम चला रहा है। बिहार के स्वीप आईकॉन के पहले बक्सर के स्वीप आईकॉन व रूद्रा संगठन से जुड़े अभिराम सुंदरम अपनी टीम रूद्रा के साथ जिले के कई गांवों में जाकर लोगों को मतदान के लिए लगातार प्रेरित कर रहे है।

## पुलिस के दबाव में हत्या के प्रयास व आर्म्स ऐक्ट के अभियुक्त ने किया सरेंडर

**डुमरांव।** स्थानीय थाना क्षेत्र के नंदन गांव निवासी व कुख्यात अपराधकर्मी पंकज चौबे ने शनिवार की शाम डुमरांव थाने में सरेंडर कर दिया है। उस पर सिमरी थाने में वर्ष 2009 में आर्म्स ऐक्ट व हत्या के प्रयास का मामला दर्ज था, जबकि भोजपुर जिले में भी संगीन धाराओं में एक एफआईआर दर्ज है। जिसमें वह लंबे समय से फरार चल रहा था। पुलिस उसकी गिरफ्तारी के लिए लगातार प्रयास कर रही थी। हालांकि, वह पहले भी जेल जा चुका था। मिली जानकारी के अनुसार उसके फरार रहने पर कोर्ट ने कुर्की जप्ती का आदेश दिया था। जिसके बाद शनिवार को डुमरांव थाने की पुलिस पूरे लाव लश्कर के साथ उसकी संपति कुर्क करने पहुंची थी। पुलिस ने कुर्की जप्ती की कार्रवाई शुरू भी कर दी थी, इसी दौरान पुलिस दबिश के कारण वह स्थानीय थाने में सरेंडर कर दिया। डुमरांव थानाध्यक्ष अनिशा राणा ने इसकी पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि अभियुक्त के सरेंडर करने के बाद कुर्की जप्ती की कार्रवाई रोक दी गई है।

## ब्रह्मपुर में अगलगी में दो दुधारू मवेशियों की झुलसकर मौत, हजारों की संपति खाक



**ब्रह्मपुर।** स्थानीय थाना क्षेत्र के ब्रह्मपुर पश्चिम टोला स्थित एक घर में अचानक अगलगी की घटना हो गई। इस घटना में गृहस्वामी गणेश पाल की दो दुधारू गाय, अनाज, कपड़ा बिछावन समेत हजारों की संपति खाक हो गई। ग्रामीणों ने अपने स्तर से मोटर पंप चालू कर इस आग पर काबू पा इसे आस पास के घरों में फैलने से बचा लिया। इस घटना के बाद ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि प्रखंड मुख्यालय पर एक भी अग्निशामन वाहन नहीं है तथा टॉल फ्री नंबर पर फोन करने पर फोन रिसीव नहीं होता है। जिस कारण अगलगी की घटनाओं में बड़ा नुकसान होता है। वही, इस घटना के बाद पीड़ित परिवार में मायूशी छाई है। ग्रामीणों की माने तो अगलगी में पीड़ित के समक्ष दो वक्त की रोटी का संकट खड़ा हो गया है। घर में आग कैसे लगी, इसकी जानकारी नहीं मिल सकी है। इस संबंध में सीओ खुशबू खातून ने बताया कि अंचल कर्मी को भेज घटना की जांच व क्षति का आंकलन करवाया गया है। उसके जांच रिपोर्ट के आधार पर शीघ्र ही पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा दिया जाएगा।

## 25 को बक्सर आएंगे पीएम मोदी, तैयारी तेज

**बक्सर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 25 मई को बक्सर आएंगे। वे बक्सर संसदीय सीट से एनडीए समर्थित भाजपा प्रत्याशी मिथिलेश तिवारी के समर्थन में एक चुनावी सभा को संबोधित करेंगे। उनके आने की खबर मिलते ही बक्सर वासियों का उत्साह बढ़ गया है। अभी से ही लोग उनकी एक झलक पाने के लिए उत्सुक हो गए है। शनिवार को अर्जुनपुर हाई स्कूल के खेल मैदान में चुनावी सभा को संबोधित करने के दौरान असम के मुख्यमंत्री हिमंता विश्वशर्मा ने खुद इसकी घोषणा की। वही भाजपा के जिला मीडिया प्रभारी उमाशंकर राय ने भी बताया कि 25 मई को यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बक्सर आ रहे है। उन्होंने कहा कि उनके सभा स्थल व हेलीपैड का निर्माण युद्ध स्तर पर करवाया जाएगा। श्री राय ने कहा कि प्रधानमंत्री के चुनावी सभा में एक लाख से अधिक लोगों के जुटने की उम्मीद है।

## प्रत्याशियों के व्यय लेखा पंजी की जांच के लिए निर्धारित हुई तिथि



**बक्सर।** भारत निर्वाचन आयोग के व्यय प्रेक्षक की सहमति से बक्सर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशियों द्वारा किये जाने वाले व्यय को दैनिक रूप से संधारित व्यय लेखा की जांच किया जाना है। अभ्यर्थियों के द्वारा किये जाने वाले व्यय लेखा जांच के लिए जिला निर्वाचन पदाधिकारी अंशुल अग्रवाल ने तीन तिथियां निर्धारित की है। जिला सूचना एवं जनसंपर्क विभाग से मिली जानकारी के अनुसार प्रथम जांच 21 मई को, द्वितीय जांच 25 मई को एवं तृतीय जांच 31 मई को समाहरणालय परिसर स्थित सभागार में सुबह दस बजे से शाम पांच बजे तक किया जाएगा। सभी निर्वाचन अभ्यर्थियों को निर्देशित किया गया है कि निर्वाचन व्यय लेखा जांच के लिए स्वयं या अपने निर्वाचन अभिकर्ता के माध्यम से निर्धारित तिथि एवं स्थल पर ससमय उपस्थित होकर लेखा जांच करवाना सुनिश्चित करेंगे। अन्यथा निर्वाचन नियमावली 1951 के सुसंगत नियमों के अंतर्गत विधि सम्मत कार्रवाई की जायेगी। निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया है कि बक्सर जिला में लोक सभा आम निर्वाचन 2024 के अंतर्गत आवश्यक सूचनाओं को प्राप्त कर कार्रवाई करने एवं आवश्यक सूचना उपलब्ध कराने के लिए 16 मार्च 2024 से ही तीन टीम, तीन पाली में कार्यरत है। डीएम ने कहा कि यह प्रयास है कि निष्पक्ष तरीके से चुनाव संपन्न हो। इसके अंतर्गत तीन हंटिंग नंबर भी चालू किए गए है, ये नंबर - 06183-223010, 06183-222134 एवं 06183-222197 है।

## योग्य शिक्षकों के मार्गदर्शन तथा अभिभावकों के देखरेख में छात्रों ने लहराया है परचम

# कैंब्रिज स्कूल ने सीबीएसई बोर्ड के टॉपरों को लैपटॉप व मोमेंटो देकर किया सम्मानित

- स्कूल के सभागार में आयोजित हुआ प्रतिभा सम्मान समारोह, सांस्कृतिक कार्यक्रम की हुई प्रस्तुति

**केटी न्यूज/डुमरांव**





स्थानीय कैंब्रिज स्कूल के सभागार में शनिवार को सीबीएसई बोर्ड में सफल छात्र-छात्राओं के लिए प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान स्कूल के 10वीं के टॉपर छात्र विश्वेश ठाकुर व 12वीं के अर्पित कुमार ठाकुर को लैपटॉप, मोमेंटो व मेडल देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान सफल प्रतिभावान छात्र-छात्राओं और अभिभावकों को संबोधित करते हुए स्कूल के चेयरमैन टीएन चौबे ने सर्वप्रथम अभिभावकों व छात्रों के स्कूल के प्रति दृढ़ विश्वास रखने के लिए आभार जताया। उन्होंने कहा कि अभिभावक अमूल्य है, उनका योगदान ही हमारी प्रेरणा है। अपनी मेहनत और योग्य शिक्षकों के मार्गदर्शन तथा अभिभावकों के देखरेख में इस बार भी छात्र-छात्राओं ने सीबीएसई बोर्ड की परीक्षा में सफलता का परचम लहराया। उन्होंने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि जीवन मूल्यवान है। जीवन मे खूब मेहनत करे एवं समय का सदुपयोग करते हुए आगे बढ़ अपने परिवार व स्कूल का नाम रौशन करने को कहा। इसके साथ ही उन्होंने छात्रों को कहा कि हमारा स्कूल 12वीं के लिए कोटा से भी बेहतरीन शैक्षणिक माहौल उपलब्ध कराता है। जिसका फायदा हमलोगों को मिल रहा है। कार्यक्रम की शुरूआत गणेश वंदना से शुरू की गयी। इसके बाद छात्र-छात्राओं की टीम ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सबको मंत्र मुग्ध कर दिया। इस कार्यक्रम का संचालन रोबिन राय ने किया। इस दौरान सीबीएसई टॉपर के अलावे 95 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाले लकी राज व उत्कर्ष कुमार को इलेक्ट्रॉनिक टैब के साथ मोमेंटो व मेडल देकर सम्मानित किया गया। इसके अलावे अनुज दुबे, उत्कर्ष मिश्रा, हर्षित, सुमित, अंजली, सृष्टि, पीयूष, नीरज, प्रियांशु, शुभ, भूमि, अवंतिका, खुशी, दिव्या, शिवांश, प्राची, शशांक, व खुशबू को स्मार्ट वॉच जबकि लकी एवं पीयूष को पेन ड्राइव तथा स्मार्ट वॉच के साथ सभी को मोमेंटो व प्रशस्ति पत्र देकर नवाजा गया।

## देशी कट्टा व दो जिंदा कारतूस के साथ कुख्यात अपराधी गिरफ्तार

**केटी न्यूज/चौसा**

मुफस्सिल पुलिस ने शुक्रवार की देर शाम वाहन जांच के दौरान ठोरा पुल के समीप देशी कट्टा व दो जिंदा कारतूस के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया। जिसे थाने ला पूछताछ की गई। पुलिस ने बताया उक्त युवक पूर्व से आपराधिक प्रवृत्ति का है, जिसके ऊपर मुफस्सिल थाना समेत नगर थाने में लूट-हत्या जैसे कई संगीन मामले दर्ज है।थानाध्यक्ष चंदन झा ने बताया शुक्रवार की देर शाम मुफस्सिल पुलिस ठोरा पुल के समीप बाइक जांच कर रही थी। उसी दौरान अपाचे बाइक पर सवार युवक बक्सर से चौसा की ओर आ रहा था। जिसकी जांच की तो उसके पास से 315 बोर की एक देशी कट्टा व दो जिंदा कारतूस बरामद की गई। जिसे गिरफ्तार कर थाने लाया गया, जहा पूछताछ की गई तो युवक ने अपना नाम राहुल कुमार उर्फ बंटी यादव पिता रविन्द्र यादव, जो नगर थाना के मुसाफिरगंज का रहने वाला है। जिसने पूछताछ में अपने पिछले अपराध की जानकारी दी। जिसपर पूर्व से मुफस्सिल थाने में हत्या व नगर में थाने में लूट समेत दर्जनों संगीन मामले दर्ज है। हालांकि, विगत 2 मई को चौसा बक्सर मार्ग पर हादीपुर-मिश्रवलिया के बीच व्यवसायी के साथ लूट के नियत से गोली मारने की घटना में पुलिस अनुसंधान करने की बात बता रही है।

# स्वीप कोषांग के मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में महत्वपूर्ण कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**केटी न्यूज/जहानाबाद**

लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के अवसर पर स्वीप कोसांग के मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के लिए आज जिला में एक अति महत्वपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें जिला निर्वाचन सह जिला पदाधिकारी अलंकृता पांडे ,पुलिस अधीक्षक अरविंद प्रताप सिंह, सहायक निर्वाचि पदाधिकारी सह अनुमंडल पदाधिकारी ,विकास कुमार , स्वीप की नोडल पदाधिकारी पूनम कुमारी ,कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद , जहनाबाद,जिला नियोजन पदाधिकारी ,बाल विकास परियोजना पदाधिकारी , स्थानीय थाना प्रभारी जहानाबाद सहित जिला, प्रखंड एवं पंचायत के पूरा प्रशासनिक एवं पुलिस महकमा मौजूद थे। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह पुलिस पदाधिकारी की संयुक्त अध्यक्षता में 216 जहानाबाद विधानसभा क्षेत्र के गोनवा पंचायत के कालोपुर ,मध्य विद्यालय के प्रांगण में संध्या चौपाल का आयोजन किया गया। इस चौपाल में भारी संख्या में ग्रामीण मतदाता मौजूद रहे ।जीविका दीदियों तथा आंगनबाड़ी सेविका सहायिकाओं के सहयोग से रंगोली , दीप प्रज्वलन का कार्यक्रम आयोजित किया गया और 1 जून को मतदान के लिए मतदान केंद्रों पर पहुंचने की अपील



आमजन से की गई। जिला पदाधिकारी ने अपने संबोधन में मतदाताओं को अपने मताधिकार के बारे में विस्तार से बताया एवं इस तथ्य से भी परिचित कराया की उनके एक मत से हमारे जनप्रतिनिधि चुने जाते हैं हमारे लिए सरकारें बनती हैं और वह सरकार अंततः हमारे लिए विकास कार्यों की नींव रखती है अतः बिना लोभ और बिना भय के मतदान के लिए आगे आना अति आवश्यक है ।अपने संबोधन में जिला पदाधिकारी द्वारा मतदाताओं को उन सभी पक्षों के बारे में बताया गया और उन सभी सुविधाओं से अवगत कराया गया जो कि मतदान केंद्र पर उनके लिए दी जा रही हैं ।बताते चलें कि महिला मतदाताओं को विशेष सुविधा देने के लिए उनके लिए अलग कतार की व्यवस्था की गई है ।साथ ही पीडब्ल्यूडी मतदाता एवं वृद्ध मतदाताओं के लिए भी अलग से कतार रहेगी । भीषण गर्मी को देखते हुए मतदान केन्द्रों पर शेड,आराम स्थल, बैठने की व्यवस्था ,पेयजल ,ओआरएस की व्यवस्था ,मेडिकल किट की व्यवस्था के अलावा सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम रहेंगे। दिव्यांगजन एवं वृद्ध मतदाता मतदान केन्द्रों में पहुंचने में परिवहन की अनुपलब्धता के कारण ,यदि खुद को असमर्थ पाते हैं तो वह सक्षम एप माध्यम से वाहन की मांग भी जिला प्रशासन से कर सकते हैं।

## एक नजर

### बैग में कट्टा और कैमरा लेकर घूम रहे कम उम्र के दो लड़के गिरफ्तार

**आरा।** नगर थाने की पुलिस ने बैग में देसी कट्टा और कैमरा लेकर घूम रहे कम उम्र के दो लड़कों को गिरफ्तार किया है। दोनों को शुक्रवार की शाम रमना मैदान स्थित जिला स्कूल के समीप पकड़ा गया। उनके पास से एक देसी कट्टा, एक कैमरा और तीन मोबाइल बरामद किया गया है। गिरफ्तार लड़कों में एक महादेव और दूसरा बाबू बाजार वी मार्ट के इलाके का रहने वाला है।? दोनों की उम्र 17 साल बताई जा रही है। पुलिस दोनों से कट्टा लेकर घूमने के कारणों की पूछताछ की गयी। यह भी पता किया जा रहा है कि कट्टा कहां से खरीदी गई है। पुलिस हथियार की खरीद-बिक्री सहित अन्य एंगल से मामले की जांच कर रही है। जानकारी के अनुसार पुलिस को शुक्रवार शाम सूचना मिली कि दो लड़के हथियार लेकर रमना मैदान के समीप घूम रहे हैं। उस आधार पर दारोगा नागेश्वर यादव के नेतृत्व में पुलिस टीम तत्काल रमना मैदान के समीप जिला स्कूल के पास पहुंची, तो दो लड़के भागने लगे। हालांकि पुलिस द्वारा दोनों को पकड़ लिया गया। तलाशी के दौरान एक के पीठ पर टंगे पीठू बैग से एक देसी कट्टा और एक कैमरा, जबकि पैंट की जेब से एप्पल सहित दो मोबाइल बरामद किया गया। दूसरे लड़के की जेब से भी एक मोबाइल बरामद किया गया। इस मामले में दोनों के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज की गयी है।

### जमीन विवाद में दो पक्षों में मारपीट, मां-बेटा समेत पांच जख्मी

**आरा।** गजराजगंज ओपी क्षेत्र के छोटकी सासाराम गांव में शनिवार की दोपहर जमीन के विवाद में दो पक्षों में मारपीट हुई। उसमें मां-बेटे सहित दोनों पक्षों के पांच लोग जख्मी हो गए। सभी का इलाज आरा सदर अस्पताल में कराया गया। घायलों में एक पक्ष के छोटकी सासाराम गांव निवासी विदेशी तुरहा की पत्नी उषा देवी, पुत्र दीपक कुमार व सूरज कुमार जबकि दूसरे पक्ष के परमेश्वर प्रसाद और उनका पुत्र बिट्टू कुमार शामिल हैं। एक पक्ष के सूरज कुमार ने बताया कि उन लोगों की जमीन उसके दादा के नाम पर है। चाचा उसके पिता के हिस्से की जमीन भी अपने नाम लिखवाने के प्रयास में हैं। उसके पिता द्वारा अपने हिस्से की जमीन मांगी गयी, तो कहासुनी हुई। उसके बाद उसके चाचा और उनके लड़कों द्वारा तीनों मां-बेटों की पिटाई कर दी गई। सूरज कुमार द्वारा अपने ही चाचा परमेश्वर प्रसाद और उनके लड़कों पर मारपीट करने का आरोप लगाया गया है। हालांकि दूसरे पक्ष के बिट्टू कुमार की ओर से जमीन विवाद से साफ इनकार किया गया है। उसने बताया कि अर्थिंग का तार छत से होते हुए उसके हिस्से की जमीन तक आया है। उसे उन लोगों द्वारा निकाल कर फेंक दिया था। उसी बात को लेकर उनके बीच कहासुनी हुई। उसके बाद उन लोगों द्वारा बाप-बेटों की पिटाई कर दी गई।

### कुएं में गिरने से बच्ची की मौत

**जहानाबाद।** काको थाना क्षेत्र के भेलू बीघा गाँव में कुँए में गिरने से एक ढाई बर्षीय बच्ची की मौत हो गई घटना के संबंध में ग्रामीणों से प्राप्त जानकारी के अनुसार भेलू बीघा गाँव निबासी रामप्रीत यादव की ढाई वर्षीय पौत्री खेलने के क्रम में घर के पास कुँए में गिर पड़ी जिससे उसकी मौत हो गयी घटना की जानकारी परिजनों को तब लगी जब वह काफी देर तक घर मे नही देखी गई परिजनों ने जब इधर उधर उसकी खोज बिन प्रारंभ की तो उसका शव कुँए में तैरता पाया गया जिसके बाद ग्रामीणों के सहयोग से उसे कुँए से बाहर निकाल कर उसे स्थानीय डॉक्टरों के पास इलाज के लिए ले जाया गया जहाँ डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## खबरें फटाफट

### 20 लीटर देसी शराब साथ दो महिला एवं एक पुरुष कारोबारी गिरफ्तार

**दिनारा(रोहतास)।** नटवार पुलिस ने देसी शराब के साथ दो महिला एवं एक पुरुष कारोबारी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। नटवार थानाध्यक्ष अजीत कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र के तेनुअज गांव से लक्ष्मण चौधरी एवं रामगढ़ दलित बस्ती से तेतरी देवी एवं पार्वती देवी को देसी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया है । उन्होंने बताया कि गिरफ्तार तीनों कारोबारी के पास से कुल मिलाकर 20 लीटर देसी शराब बरामद किया गया । श्री कुमार ने कहा कि गिरफ्तार तीनों कारोबारी के विरुद्ध संबंधित मामला दर्ज करते हुए जांच के उपरांत जेल भेज दिया गया।

### शराब कांड मामले में एक अभियुक्त गिरफ्तार

**दावथ(रोहतास)** । सूर्यपुरा पुलिस ने शराब कांड मामले में एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया । सूर्यपुरा थानाध्यक्ष प्रिया कुमारी ने बताया कि थाना क्षेत्र के बलिहार निवासी मंटू मुसहर को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया । उन्होंने कहा कि गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध थाना में कांड संख्या 136/24 के आलोक में शराब कांड का मामला दर्ज था ।

### पूर्व के विवाद में दो भाइयों की पिटाई

**आरा।** कोईलवर थाना क्षेत्र के सकड्डी गांव में पूर्व के विवाद में दो सगे भाइयों की जमकर पिटाई कर दी गई। उसमें दोनों जख्मी हो गए, जिनका इलाज सदर अस्पताल में कराया जा रहा है। घायलों में सकड्डी गांव निवासी बाबू लाल यादव के पुत्र पिंटू कुमार और 32 जीतेंद्र यादव शामिल है। पिंटू कुमार ने बताया कि दो महीना पूर्व गांव के कुछ लोगों से झगड़ा हुआ था। उसको लेकर उनके द्वारा स्थानीय थाना में प्राथमिक की भी दर्ज कराई गई थी। आरोपितों की ओर उस पर केस वापस लेने का दबाव डाला जा रहा था। दोनों भाई बाइक से बाजार से वापस गांव लौट रहे थे। तभी आरोपितों द्वारा बीच रास्ते में घेरकर लाठी-डंडे और बेल्ट से दोनों की पिटाई कर दी गई।

## पीरो थाना क्षेत्र के लमारी टोला के शनिवार की घटना

# रिश्तेदार की पुण्यतिथि से घर लौट रहे रिटायर शिक्षक पुत्र की हादसे में मौत

- ♦ बाइक सवार शिक्षक पुत्र को रौंदते निकल गया तेज रफ्तार ट्रक
- ♦ इलाज के लिए अस्पताल लाने के दौरान रास्ते में तोड़ा दम





**केटी न्यूज/आरा**

पीरो थाना क्षेत्र के लमारी टोला के समीप शनिवार की सुबह बेलगाम ट्रक ने बाइक सवार रिटायर शिक्षक के पुत्र को रौंद दिया। हादसे में गंभीर रूप से जख्मी शिक्षक पुत्र की इलाज के लिए अस्पताल ले जाने के दौरान रास्ते में मौत हो गयी। मृतक पीरो थाना क्षेत्र के राजापुर गांव निवासी शिक्षक कन्हैया सिंह का 24 वर्षीय पुत्र राजू नंदन सिंह था। इधर, हादसे के बाद चालक ट्रक लेकर भाग निकला। कन्हैया सिंह ने बताया कि उनके रिश्तेदार और उनके साथ शिक्षक रहे बम्हवार गांव निवासी जनार्दन सिंह की शुक्रवार को चौथी पुण्यतिथि थी। उनका पुत्र राजू नंदन सिंह पुण्य तिथि में भाग लेने शुक्रवार की शाम बाइक से बम्हवार गांव गया था। शनिवार की अहले सुब वह बाइक से वापस घर लौट रहा था। उसी दौरान लमारी टोला के समीप बेलगाम ट्रक ने उसे रौंद दिया। उससे वह बुरी तरह जख्मी हो गया। स्थानीय लोगों की सूचना पर परिजन फौरन घटनास्थल पर पहुंचे और उसे गंभीर हालत में इलाज के लिए आरा स्थित एक निजी अस्पताल ले जाया गया। वहां डाक्टर द्वारा उसे मृत घोषित कर दिया गया। उसके बाद सदर अस्पताल लाया गया। सूचना मिलने पर पुलिस अस्पताल पहुंची और शव का पोस्टमार्टम कराया गया। बताया जा रहा है कि राजू नंदन सिंह तीन भाई और चार बहन में दूसरे स्थान पर था। उसके परिवार में मां शिव कुमारो देवी, बहन मालती, अनामिका, आशा, माया, भाई विनय और दीपक है। घटना के बाद उसके घर में कोहराम मच गया है। मां और पिता सहित परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

### चार दिनों बाद भी छात्र अनमोल का नहीं मिला कोई सुराग

**काराकाट(रोहतास)** । काराकाट थाना क्षेत्र के कुरूर गांव निवासी उमेश लाल उर्फ सुनील लाल का 18 वर्षीय पुत्र अनमोल कुमार का चार दिनों बाद भी कोई सुराग नहीं मिला है। पिता सुनील कुमार और उनकी पत्नी डिहरी स्थित एसपी विनीत सिंह के कार्यालय में पहुंच कर एसपी से गुहार लगाई है। एसपी ने अनमोल की तालाश के लिए हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया। गौरतलब हो कि छात्र अनमोल किताब खरीदने के लिए पैशन प्रो बाइक से मंगलवार को करीब ग्यारह बजे अपने घर से बिक्रमगंज गया था। बिक्रमगंज से किताब खरीद कर मां को फोन पर बताया कि किताब खरीद लिया हूं वापस घर आ रहा हूं। लेकिन दो बजे तक घर वापस नहीं आने पर परिजन चिंतित हो गये। परिजन जब फोन करने लगे तो उसका मोबाइल पर रिंग हो रहा था, लेकिन कोई रिसीव नहीं कर रहा था। शाम तक घर नहीं लौटने पर परिजन खोजबीन करने बिक्रमगंज गये। जहां काफी खोजबीन के बाद बिक्रमगंज काव नदी के पास से देर शाम करीब 8 बजे लवारिस हालत में बाइक मिला। वहीं पास में हेलमेट व मोबाइल भी मिला। इसके बाद परिजनों ने दुर्घटना की आशंका व्यक्त करते हुए बिक्रमगंज के सभी सरकारी व निजी अस्पतालों में खोजबीन किया। लेकिन कहीं कुछ पता नहीं चला। जिसके बाद परिजन लापता की सूचना देने थाना पहुंचे। जैसे ही पुलिस के संज्ञान में मामला आया तो लापता छात्र के खोजबीन में पुलिस जुट गई।

## राजनैतिक दल प्रतिनिधियों के साथ डीएम ने की बैठक



**जहानाबाद।** लोक सभा आम निर्वाचन, 2024 के अवसर पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी -सह- जिला पदाधिकारी अलंकृता पांडे की अध्यक्षता में जिले के राजनैतिक दल प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर निर्वाचन कार्य से संबंधित कई महत्त्वपूर्ण जानकारियाँ दी गई। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि 36-जहानाबाद संसदीय लोकसभा क्षेत्र में 07 मई को नामांकन की अधिसूचना जारी की गई थी, नाम निर्देशन दाखिल करने की अंतिम तिथि 14.05.2024 रखी गई थी, जिसके पश्चात यह पाया गया कि कुल 40 अभ्यर्थियों ने नाम निर्देशन दाखिल किया था। उक्त अभ्यर्थियों के नाम निर्देशन पत्र की संवीक्षा दिनांक 15.05.2024 को की गई, जिसमें 23 अभ्यर्थियों की अभ्यर्थिता अस्वीकृत कर दी गई थी तथा 17 अभ्यर्थियों की अभ्यर्थिता को स्वीकृत की गया। अभ्यर्थिता वापसी की अंतिम तिथि दिनांक 17.05.2024 तक कुल 02 अभ्यर्थियों द्वारा अपनी अभ्यर्थिता वापस लेने के फलस्वरूप 15 (पन्द्रह) अभ्यर्थी चुनाव लड़ने के लिए योग्य पाये गये।

36-जहानाबाद लोकसभा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में कुल 06 विधानसभा क्षेत्र है, जिसमें तीन जहानाबाद जिले के, दो अरवल जिले के और एक गया जिले के अंतर्गत आते है। इनमें निर्वाचको की कुल संख्या 1670327 है, जिसमें 873212 पुरूष, 797083 महिला तथा 32 अन्य मतदाता है। मतदाता सूची का लिगानुपात 913 प्रतिशत है। साथ ही ईपी रेशियों 59.4 प्रतिशत है। जहानाबाद लोक सभा क्षेत्र में कुल 1793 मतदान केन्द्र है, सेवा मतदाताओं की कुल संख्या 8389 है, दिव्यांगजन मतदाताओं की संख्या 14784 है और अशक्त वृद्धजनों (85प्लस) की संख्या 15065 है। अनुमंडल पदाधिकारी, जहानाबाद के कार्यालय में स्थापित सिंगल विंडो सिस्टम के माध्यम से वाहन, लाउडस्पीकर, सभा, जूलूस, रैली इत्यादि की अनुमति फर्स्ट कम, फर्स्ट सर्व (पहले आओ, पहले पाओ) के आधार पर दी जा रही है। जहानाबाद जिले में 09 स्थलों पर वाहनों और अन्य गतिविधियों की जाँच करने हेतु चेक पोस्ट बनाये गये है। पूरे जिले में 09 फलाईग स्कवाड का गठन किया गया है। सभा, जुलूस, रैली इत्यादि की विडियोग्राफी किये जाने हेतु दंडाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की गई है। पूरे जिले में धारा 144 लगाया गया है। साथ हीं सभी मतदान केन्द्रों पर न्यूनतम आधारभूत सुविधा के तहत पेयजल, रैम्प, रौशनी, छायादार स्थल इत्यादि की व्यवस्था की जा रही है। पर्याप्त संख्या में ईवीएम और वीवी पैट उपलब्ध है, अभ्यर्थियों एवं प्रेक्षक महोदय की उपस्थिति में ईवीएम और वीवी पैट का द्वितीय रैण्डमाईजेशन कर लिया गया है। 06 विधानसभा क्षेत्रों के लिए 06 डिस्पैच सेन्टर चिन्हित किये गये है, जो कि उस विधानसभा क्षेत्र में हीं अवस्थित हैं।

## शिक्षक प्रतिनिधि निर्विरोध निर्वाचित

**बिक्रमगंज(रोहतास)** । बिक्रमगंज शहर के इन्दु तपेश्वर सिंह महिला महाविद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिए प्रो इन्दल सिंह को निर्विरोध शिक्षक प्रतिनिधि निर्वाचित घोषित किया गया । डॉ बिनोद कुमार सिंह प्राचार्य ने शिक्षक प्रतिनिधि को निर्वाचित घोषित करते हुए प्रमाण पत्र निर्गत करते हुए हर्ष व्यक्त किया एवं कहा कि प्रो इन्दल सिंह का विगत वर्षो का कार्यकाल बहुत ही सराहनीय रहा है । अपना विचार व्यक्त करते हुए डॉ उमेश्वर प्रसाद सिंह उप-प्राचार्य ने विस्तार पूर्वक उन्हें कर्मठ एवं योग्य शिक्षक प्रतिनिधि बताया । प्रस्तावक डॉ मनोज कुमार एवं समर्थक डॉ रविंद्र कुमार थे । विचार व्यक्त करने वालों में मुख्य रूप से डॉ उदय प्रताप सिंह, डॉ पुष्पा रसिक, डॉ पुष्पा सिंह ,डॉ निरजा सिंह, जगदीश शर्मा, अरविन्द पाण्डेय, विनोद मेहता, डॉ हरेंद्र कुमार सिंह, डॉ उमेश सिंह , रामाकांत सिंह एवं अन्य शिक्षक-शिक्षकेतर कर्मचारी लोग उपस्थित थे । प्रो इन्दल सिंह को बधाई देते हुए पुष्पमाला एवं बुकें भेंट किया गया । शिक्षक प्रतिनिधि निर्विरोध निर्वाचित होने पर महिला महाविद्यालय में खुशी एवं हर्ष का माहौल था । महाविद्यालय के सभी लोगों ने नवनिर्वाचित शिक्षक प्रतिनिधि को बधाई एवं शुभकामनाएं दी ।

## सासाराम लोकसभा अंतर्गत सासाराम नगर दक्षिणी कार्यालय का अमरा तालाब पर हुआ उद्घाटन

**सासाराम/रोहतास।** आज दिनांक 18 म ई 2024 दिन शनिवार को सासाराम लोकसभा के अन्तर्गत सासाराम नगर दक्षिणी कार्यालय का उद्घाटन अमरा तालाब पर हुआ । जिसका उद्घाटन दरभंगा विधायक संजय सरावगी, ज़िला अध्यक्ष सुशील कुमार ओबीसी मोर्चा संयोजक नवीन चंद्र शाह ,पुर्व विधायक जवाहर प्रसाद, जिला मंत्री रामायण पासवान ,रेखा कुमारी ,विजय शर्मा ने सामूहिक रूप से रीबन का फीता काट कर किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता बृजनंदन कुशवाहा तथा संचालन सत्येन्द्र सिंह जिला उपाध्यक्ष ने की। विधायक संजय सरावगी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को महा मानव बताया। रामकृष्ण हरे हरे कमल छाप घर घर का नारा भी लगाया। कार्यालय उद्घाटन समारोह के शुभ अवसर पर निम्न कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित थे सरत चंद्र, संतोष सोनी ,हृदय नारायण गुप्ता ,बबन पाल, राकेश शर्मा, शंकर गुप्ता मोर्चा के महामंत्री ,संजीव ,महिला मोर्चा के प्रदेश मंत्री राम कुमारी देवी ,सरिता सिंह ,कांति कुमारी, सीमा देवी ,सीता गुप्ता, पूनम देवी, चंदन गुप्ता ,महेंद्र महतो ,झंडू पासवान ,जगन्नाथ प्रसाद ,केसरी प्रसाद केसरी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे। समापन के समय अबकी बार फिर मोदी सरकार तथा 400 पर का नारा लगाया गया।






## खेल स्टेडियम एवं काराकाट बाजार में डीएम ने शत प्रतिशत मतदान करने का किया आह्वान

# लोकतंत्र की मजबूती के लिए अवश्य करें मतदान : डीएम

**केटी न्यूज/काराकाट (रोहतास)**

शुक्रवार की देर शाम काराकाट प्रखंड मुख्यालय गोड़ारी खेल स्टेडियम एवं काराकाट बाजार पर स्थित राजकीयकृत मध्य विद्यालय के परिसर में रोहतास जिलाधिकारी सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी नवीन कुमार ने जिला समेत काराकाट प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों के सभी मतदाताओं से लोकतंत्र के इस महापर्व में अपनी सहभागिता करते हुए लोकसभा निर्वाचन 2024 के मद्देनजर शतप्रतिशत मतदान करने का आह्वान किया । डीएम सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी श्री कुमार ने कहा कि 01 जून 2024 को अपने मतदान केन्द्र पर पहुंचकर निर्भीक होकर मतदान कर भारतीय लोकतंत्र को मजबूत बनाने में अपनी सक्रिय भागीदारी निभायें ।




उन्होंने बताया कि मतदाता ही समृद्ध भारत की समृद्ध लोकतांत्रिक परम्पराओं के संवाहक होते हैं । मतदाताओं की सक्रिय सहभागिता से ही हमारा लोकतंत्र परिष्कृत और समृद्ध बनता है । मतदान से लोकतांत्रिक परम्परा को अधिक समृद्ध बनाने, संवैधानिक कर्तव्य निभाने का एक और अवसर मिला है । श्री कुमार ने कहा कि लोकतंत्र में स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं पारदर्शी निर्वाचन प्रक्रिया एक महत्वपूर्ण सोपान है । उन्होंने जिला समेत सभी अनुमंडल एवं प्रखंड अंतर्गत शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों के प्रत्येक मतदाताओं से स्वतंत्र और निर्भीक होकर मतदान अवश्य करने की अपील की ।

एसपी विनीत कुमार ने कहा कि मतदान के दौरान जिले के सभी मतदान केन्द्रों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं । उन्होंने कहा कि चुनाव से संबंधित या किसी भी तरह की भ्रामक जानकारी या अफवाह फैलाने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जायेगी । डीडीसी विजय कुमार पांडेय ने कहा कि सम्पूर्ण निर्वाचन प्रक्रिया को सहज, सुगम, पारदर्शी और समावेशी बनाने के लिए 85 वर्ष से अधिक आयु वाले वरिष्ठ मतदाताओं , दिव्यांग मतदाताओं , गर्भवती महिलाओं या वैसे मतदाता जो कतार में खड़ा होने में असमर्थ है वैसे मतदाताओं को पहली प्राथमिकता देते हुए मतदान कर्मियों द्वारा जिले के सभी मतदान केंद्रों पर मतदाताओं को अलग से मतदान करने की सुविधा दी गयी है ।

डीएम श्री कुमार ने कहा कि सभी मतदान केंद्रों पर छाया ,पीने के लिए ठंडा पानी, मतदाताओं के लिए वेटिंग रूम , पुरुष व महिला मतदाताओं के लिए शौचालय , व्हीलचेयर ,मेडिकल की टीम आदि की समुचित व्यवस्थाएं की गई हैं । उन्होंने कहा कि सभी मतदान केंद्रों पर 500 मीटर के दायरे के अंदर सभी मतदाताओं को वाहन ले जाने की अनुमति दी गई है । अगर किसी मतदाताओं की मतदान करने वाली पर्ची गुम हो गई हो तो घबराने की कोई जरूरत नही है । वैसे मतदाताओं के लिए सभी मतदान केंद्रों पर अलग से मतदान करने की व्यवस्थाएं की गई है । कार्यक्रम स्थल पर जिला से आये हुए टीम के द्वारा चुनाव गीत के माध्यम से सभी मतदाताओं को जागरूक किया गया । साथ ही साथ सभी मतदाताओं को नुक्कड़ नाटक के जरिए भी जागरूक किया गया ।

मौके पर डीएम नवीन कुमार , डीडीसी विजय कुमार पांडेय ,एसपी विनीत कुमार , डीपीआरओ धर्मवीर कुमार , एसडीपीओ कुमार संजय ,बीडीओ राहुल कुमार सिंह , बीपीआरओ रेणुका कुमारी , प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी राहुल सिंह ,बीएचएम कौशलेंद्र शर्मा , थानाध्यक्ष फुलदेव चौधरी , काराकाट मुखिया सह मुखिया संघ जिलाध्यक्ष योगेंद्र सिंह ,डाटा ऑपरेटर नागेश्वर तिवारी , किशु कुमार , बीएलओ आनंद कुमार सिन्हा ,शिक्षक अनिल कुमार पासवान सहित अन्य अधिकारी ,कर्मी ,जीविका दीदी ,आशा कार्यकर्ता लोग मौजूद थे ।

## खबरें फटाफट

### मिट्टी पाटने के विवाद में चटकी लाठियां, तीन गंभीर रूप से घायल

**मऊ ।** जनपद के चिरैयाकोट थाना क्षेत्र के नगर क्षेत्र में स्थित इब्राहिम मठिया में उस समय हड़कंप मच गया जब मिट्टी पाटने के विवाद में चटकी लाठियां चलने लगी और तीन लोगों गम्भीर रूप से घायल हो गए। बताया जाता है कि चिरियाकोट थाना क्षेत्र के इब्राहिम मठिया में लाल बहादुर यादव पुत्र स्वर्गीय रामबली यादव अपने घर के समीप अपने बास की खूंटी पर मिट्टी पाट रहे थे। तभी उनके बगल के ओमप्रकाश पुत्र नखड्डु, पिनटू, रीकू, सरिता सहित परिवार वालों ने लाठी डंडों के साथ हमला बोल दिया। जिसमें लाल बहादुर के परिवार के लीलावती पति राम जीत, राम सोच यादव पुत्र राम जीत यादव गम्भीर रूप से घायल हो गए। जिनको 108 एम्बुलेंस के माध्यम से रानीपुर समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर लाया गया। जहां चिकित्सकों द्वारा उपचार के दौरान सबकी हालत गम्भीर देखते हुए जिला अस्पताल के लिय रेफर कर दिया गया ।

वही पीड़ित लालबहादुर ने बताया कि हम अपनी जमीन में बास के खुटी पर माटी पाट रहे थे। तभी जबतक हम कुछ समझ पाते ओमप्रकाश के परिवार वालों ने हम पर लाठी डंडों से हमला बोल दिया और हमें बहुत बुरी तरह से मार पीट कर घायल कर दिया।

### प्रेक्षकगण की अध्यक्षता में प्रत्याशियों की हुई बैठक

**मऊ ।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 को सकुशल संपन्न कराने हेतु भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नामित तीनों प्रेक्षकों की अध्यक्षता में लोकसभा 70 घोसी के 28 प्रत्याशियों की बैठक कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में संपन्न हुई। बैठक के दौरान सामान्य प्रेक्षक अनिल कुमार सिंह ने कहा कि सभी प्रत्याशी भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी गाइडलाइन के अनुसार ही चुनाव का प्रचार प्रसार करें।

# 18 लाख 26 हजार मतदाता करेंगे सांसद का चुनाव

♦ दस प्रत्याशियों के बीच बटेंगे लाखों वोट

**केटी न्यूज/ चंदौली**

लोक सभा चुनाव के लिए जनपद में नामांकन नाम वापसी और चुनाव चिन्ह का आवंटन कर दिया गया है। इसके साथ ही अब सांसद पद के लिए दावेदारों के बीच प्रतिस्पर्धा तेज हो गई है। लोकसभा में 10 उम्मीदवार चुनावी मैदान में आमने-सामने हैं। इस बार चंदौली लोकसभा सांसद का चुनाव 18लाख 26 हजार 437 मतदाता मतदान करेंगे।वहीं वर्ष 2019 में हुए लोकसभा चुनाव के मुकाबले इस बार के चुनाव में 76 हजार 693 अधिक मतदाता हैं।

यदि प्रतिशत में देखें तो पिछले बार के मुकाबले इस बार चुनाव में 4.38 प्रतिशत मतदाता बढ़ें हैं। चंदौली संसदीय क्षेत्र के सांसद बनने के लिए सपा, भाजपा, बसपा सहित अन्य छोटे प्रमुख दल भी जोर राजमाइश करने के लिए रणनीति बनाने में लगे हुए हैं, लेकिन देखना यह है कि इस बार कौन सांसद चुना जाता है।

चंदौली संसदीय क्षेत्र में कुल पांच विधानसभा शामिल हैं।जिसमें तीन चंदौली जनपद की और दो वाराणसी जनपद की हैं।

इसमें एक विधानसभा सुरक्षित है। पिछली बार 2019 में लोकसभा की बात करें तो कल 17 लाख 49 हजार744 मतदाता थे और इसमें 93 थर्ड जेंडर शामिल थे। जहां पुरुष मतदाता 9लाख 50 हजार926 और 7 लाख 98 हजार725 महिला शामिल है। इसमें मुगलसराय में 210196 पुरुष और 178231महिला के साथ 58 थर्ड जेंडर है। सकलडीहा 178121 पुरुष, 149444महिला व 7 थर्ड जेंडर है। सैयद राजा में 177022 पुरुष 148716 महिला व17 थर्ड जेंडर है। वाराणसी के अजगरा सुरक्षित में 188471 पुरुष 161437 महिला और 10 थर्ड जेंडर है। शिवपुर में 197116 पुरुष 160897 महिला और एक थर्ड जेंडर है।

वही 2024 की बात करें तो टोटल मतदाता 18 लाख 26हजार437 है। जिसमें 978574 पुरुष 847793 महिला और 70 थर्ड जेंडर है।वहीं मुगलसराय में 220581 पुरुष, 189927महिला व35 थर्ड जेंडर है। सकलडीहा में 180719 पुरुष, 157568 महिला,7 थर्ड जेंडर, सैयद राजा में 180364 पुरुष, 155932 महिला व दो थर्ड जेंडर है। वाराणसी के अजगरा सुरक्षित में 191968 पुरुष, 169875 महिला, 12 थर्ड जेंडर शिवपुर में

## सीडीपीओ ने आठ आंगनबाड़ी केन्द्रों के औचक निरीक्षण से हड़कंप

# आठ केन्द्रों में से दो आंगनबाड़ी व एक सहायिका का वेतन बाधित

♦ निरीक्षण के दौरान बिना किसी सूचना के गायब रहने पर चौबीस घंटे के अंदर मांगा स्पष्टीकरण

**केटी न्यूज/ गाजीपुर**



रेवतीपुर बाल विकास परियोजना कार्यालय अंतर्गत आने वाले आठ आंगनबाड़ी केन्द्रों का शनिवार को सीडीपीओ अरूण कुमार दूबे ने औचक निरीक्षण किया। उनके धमकते ही कर्मचारियों में हड़कंप मच गया। निरीक्षण के दौरान बिना किसी सूचना गायब रहने पर सख्त रूख अपनाते हुए एक आंगनबाड़ी व एक सहायिका को तत्काल प्रभाव से नोटिस जारी कर चौबीस घंटे के अंदर स्पष्टीकरण देने का सख्त निर्देश दिया। साथ ही दोनों का अगले आदेश तक वेतन बाधित करने का भी पत्र जारी कर दिया।

निरीक्षण के क्रम में ही सीडीपीओ नगसर एक अन्य केन्द्र पर धमक पडे, जहाँ उन्होंने पोषण ट्रैकर पर अंकित लंबाई और नौनिहालों के वास्तविक लंबाई में बड़ा अंतर मिला। जिस पर उनकी भृकुटी तन गई। इसे उन्होंने काफी गंभीरता से लेते हुए आंगनबाड़ी कार्यकर्ता का वेतन बाधित करते हुए नोटिस जारी कर जल्द स्पष्टीकरण देने का सख्त निर्देश दिया है। सीडीपीओ के अचानक निरीक्षण व उनके कड़े तेवरों से बाल विकास परियोजना विभाग में हड़कंप मचा हुआ है। इस दौरान सीडीपीओ अरूण कुमार दूबे ने आंगनबाडी केन्द्रों पर ग्राम स्वास्थ्य पोषण दिवस ( बीएच एंडी) के तहत चल रहे टीकाकरण का भी औचक निरीक्षण कर जानकारी ली। इस दौरान सीडीपीओ ने निर्देशित किया कि बाल विकास विभाग के ओर से चलाई जा रही योजनाओं में किसी तरह की अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

उन्होंने सख्त लहजे में कहा कि समय से केन्द्र खुलने व बंद होने चाहिए। कहा पोषण ट्रैकर के जरिए हर तरह की जानकारी सही तरीके से अंकित किया जाए।उन्होंने लापरवाह कर्मचारियों को अपने रवैये में सुधार लाने की चेतावनी दी। कहा कि अगर लापरवाही जारी रही तो उनकी सेवा समाप्ति के लिए उच्चाधिकारियों को पत्र प्रेषित किया जाएगा। निर्देशित किया कि लाभार्थियों को मिलने वाली योजनाएं समय से उन तक हर हाल में मिलनी चाहिए।सीडीपीओ अरूण कुमार दूबे ने बताया कि आठ केन्द्रों का निरीक्षण किया गया। जिसमें एक आंगनबाडी व एक सहायिका बिना बताए गायब थी। जबकि एक अन्य आंगनबाडी के द्वारा पोषण ट्रैकर पर नौनिहालों की अंकित लंबाई वास्तविक लंबाई में बड़ा अंतर मिला। बताया कि लापरवाही पर दो आंगनबाडी व एक सहायिका का वेतन बाधित कर नोटिस जारी कर जबाब मांगा गया है।कान्त शर्मा ने दिया।

कार्यक्रम स्थल का जिलाध्यक्ष सुनील सिंह ने स्थलीय निरीक्षण करते हुए व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। और क्षेत्रीय जनता से भारी संख्या में कार्यक्रम स्थल पर पहुंच कर उनके उदबोधन को सुनने का आह्वान किया।इस अवसर पर शशिकांत शर्मा, अविनाश सिंह, नीतीश दूबे, ग्राम प्रधान धर्मेन्द्र

### गाजीपुर लोकसभा में दस उम्मीदवारों को मिला चुनाव चिह्न

**गाजीपुर।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन- 2024 के लिए नाम वापसी एवं प्रतिक आवंटन का कार्य न्यायालय कक्ष में संपन्न हुआ। जिस क्रम में नाम वापसी जन जनवादी पार्टी के प्रत्याशी रामचरन द्वारा जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी आर्यका अखौरी के समक्ष अपना पर्चा वापस लिया गया एवं कुल 10 प्रत्याशियों का प्रतिक (चुनाव चिन्ह) आवंटन किया गया। चुनाव चिह्न पाने वालों में मुख्य रूप से समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी अफजाल अंसारी को साइकिल चिन्ह, बहुजन समाज पार्टी के प्रत्याशी उमेश कुमार सिंह को हाथी, भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी पारस नाथ राय को कमल, विश्व कल्याण राष्ट्रीय मानव समाज पार्टी के प्रत्याशी अजय को स्पैनर, युग तुलसी पार्टी के प्रत्याशी आदित्य श्रीवास्तव को रोड रोलर, भारतीय लोकवाणी पार्टी के प्रत्याशी धनन्जय कुमार तिवारी ` को कम्प्यूटर, मौलिक अधिकार पार्टी के प्रत्याशी रामप्रवेश को ऑटो-रिक्सा, निर्दलीय प्रत्याशी नुसरत अंसारी को छड़ी, निर्दलीय प्रत्याशी सत्यदेव यादव को केतली एवं ज्ञानचन्द्र बिन्द को चारपाई चुनाव चिन्ह आवंटित किया गया।

## एक नजर

### मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव का आगमन रविवार को बगीचे में करेंगे संबोधित

**गाजीपुर।** 75- लोकसभा गाजीपुर के चुनावी समर में भाजपा प्रत्याशी पारसनाथ राय के समर्थन में मतदाताओं को साधने मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री



मोहन यादव का रविवार को कल 11 बजे पूर्वाह्न में आगमन हो रहा है। मुख्यमंत्री अंधऊ हवाई अड्डे से सीधे कार्यक्रम स्थल मगई नदी के पार राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे ग्राम पंचायत शेखपुर बगीचे में पहुंचेंगे और क्षेत्रीय जनता को सम्बोधित करेंगे। इस बात की जानकारी जिलाध्यक्ष सुनील सिंह के माध्यम से जिला मीडिया प्रभारी शशिकान्त शर्मा ने दिया। कार्यक्रम स्थल का जिलाध्यक्ष सुनील सिंह ने स्थलीय निरीक्षण करते हुए व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। और क्षेत्रीय जनता से भारी संख्या में कार्यक्रम स्थल पर पहुंच कर उनके उदबोधन को सुनने का आह्वान किया।इस अवसर पर शशिकांत शर्मा, अविनाश सिंह, नीतीश दूबे, ग्राम प्रधान धर्मेन्द्र शर्मा,नीखील राय आदि उपस्थित थे।

### अभ्यर्थियों के निर्वाचन व्यय रजिस्टर के निरीक्षण हेतु तिथि निर्धारित

**बलिया।** भारत निर्वाचन आयोग के निदेशानुसार सभी अभ्यर्थियों को आयोग द्वारा निर्धारित किये गये प्रारूप पर रजिस्टर में अपने दिन प्रतिदिन के निर्वाचन व्यय का लेखा-जोखा रखा जाना है तथा इस रजिस्टर को निरीक्षण हेतु व्यय प्रेक्षक के समक्ष प्रस्तुत किया जाना है। व्यय प्रेक्षक महोदय की सहमति से एतद्द्वारा अभ्यर्थियों के निर्वाचन व्यय रजिस्टर के निरीक्षण हेतु निम्नानुसार तिथिया सुनिश्चित की गई है। जिसमें प्रथम निरीक्षण व लेखा मिलान तिथि 21 मई को तथा द्वितीय निरीक्षण 25 मई को तथा तृतीय निरीक्षण व लेखा मिलान तिथि 29 मई को प्रातः 10 बजे से शाम 05 बजे तक स्थान कार्यालय वरिष्ठ कोषाधिकारी बलिया में होगा। 72-बलिया लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के रिटर्निंग ऑफिसर रवींद्र कुमार ने बताया है कि निर्धारित तिथि व समय पर स्वयं अथवा अपने निर्वाचन व्यय-अभिकर्ता के माध्यम से निर्वाचन व्यय रजिस्टर का निरीक्षण अनिवार्य रूप से कराने का कष्ट करें। अन्यथा की स्थिति में सम्बन्धित अभ्यर्थी के विरूद्ध लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की सुसंगत धाराओं के अधीन कार्यवाही सम्पादित की जायेगी।

### विश्वविद्यालयी परीक्षा में पकड़े गए तीन नकलची

**बलिया।** जननायक चंद्रशेखर विश्वविद्यालय की सम सेमेस्टर की परीक्षाएँ चल रही हैं। कुलपति प्रोफेसर संजीत कुमार गुप्ता के कुशल मार्गदर्शन में शुचितापूर्ण और नकलविहीन तरीके से परीक्षाओं को संपन्न कराने के लिए विश्वविद्यालय प्रशासन पूर्णतया प्रतिबद्ध है। विश्वविद्यालय द्वारा गठित सचल दस्ते तीनों पालियों में परीक्षा केंद्रों का लगातार दौरा कर रहे हैं। इसी क्रम में शनिवार को डॉ. शिव नारायण यादव के नेतृत्व सचलदस्ता की टीम ने जय माता दुलहमी त्रिभुवन महाविद्यालय, चोगड़ा से एक परीक्षार्थी को स्मार्ट वॉच के साथ और श्री नरहेजी महाविद्यालय, नरही से एक परीक्षार्थी को नकल करते हुए पकडा। इस दस्ते में डॉ. अभिषेक मिश्र, डॉ. दुर्गा प्रसाद सिंह एवं डॉ. अंजू पटेल शामिल हैं। डॉ. प्रकाश त्रिपाठी के नेतृत्व वाली दूसरी टीम ने श्रीरामचंद्र महाविद्यालय, त्रिकालपुर से एक परीक्षार्थी को नकल करते हुए पकड़ा। इस टीम में डॉ. विवेक कुमार और डॉ. प्रवीण पायलट सम्मिलित हैं। इन नकलचियों के खिलाफ विवि द्वारा कड़ी कार्रवाई की जायेगी।

### अज्ञात कारणों से लगी आग, झोपड़ी जलकर राख, गाय मरी

**गाजीपुर।** सादात ब्लॉक अंतर्गत ग्राम सभा कटया में विद्या देवी पत्नी स्व. रामजीत के घर अज्ञात कारणों से लगी आग में सभी सामान जलकर राख हो गए। बीती रात अचानक झोपड़ी में आग लग गई। झोपड़ी में रखा कीमती सामान कपड़े, खाद्य पदार्थ बिस्तर, एक गाय छः माह की बछिया एवं जरुरी सामान जलकर राख गए। आग लगने के बाद थोड़ी देर के लिए अफरा-तफरी का माहौल उत्पन्न हो गया था। बता दें कि काफी मशक्कत के बाद स्थानीय लोगों की तत्परता से आग को बुझाया गया। जिससे आग फैलने से रोकने में कामयाबी मिल गई। सरकारी सहायता के लिए प्रशासन से गुहार लगाई गई है। जखनियां विधायक बेदी राम ने कहा कि जो गरीब का झोपड़ी जला है और उसका जितना नुकसान हुआ है एसडीएम से बात की फिर लेखपाल द्वारा रिपोर्ट लगा करके पूरी सहायता करूंगा। विधायक बेदी राम ने मौके पर ही आर्थिक सहायता प्रदान किया। इस मौके पर अरविंद कुमार, पीयूष, रमेश यादव प्रधान, लेखपाल रमेश कुमार इत्यादि लोग मौजूद रहे।

### मेडिकल स्टोर स्वामी और फार्मासिस्ट के बीच हाथापाई ,दोनो तरफ से थाने में दी गई तहरीर

**मऊ ।** रतनपुरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर शाम को स्वास्थ्य केंद्र के फर्मासिस्ट और एक मेडिकल स्टोर मालिक से कहा सुनी और मार पीट के मामला में हलधरपुर पुलिस मामले की जांच कर रही है। बताया जाता है कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में तैनात फर्मासिस्ट सत्येन्द्र कुमार यादव एवं मेडिकल स्टोर चलाने वाले धीरेन्द्र के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी हो रही थी उसी दौरान हाथापाई भी हो गई जिसको लेकर दोनों तरफ से हलधरपुर थाना में तहरीर दी है दोनों लोगों के तहरीर पर पुलिस जांच पड़ताल में जुटी है थानाध्यक्ष हलधरपुर हरेंद्र यादव ने बताया कि दोनों पक्षों से तहरीर मिली है इसकी जांच चौकी प्रभारी रतनपुरा रामअवध को सौंपी गई है जांच के बाद मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

# घोसी लोकसभा क्षेत्र में 28 प्रत्याशी मैदान में

♦ चुनाव चिन्ह का किया गया आबंटन

**केटी न्यूज/मऊ**




लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के तहत 70 घोसी लोकसभा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के सातवें चरण में होने वाले मतदान हेतु दिनांक 07 मई से नामांकन पत्रों की बिक्री एवं नामांकन दाखिल 14 मई को सम्पन्न एवं नामांकन पत्रों की जांच का कार्यक्रम 15 मई को संपन्न हुआ, जिसमें 29 नामांकन पत्र वैध पाये गए। नाम वापसी एवं चुनाव चिन्ह आवंटन के दौरान एक निर्दलीय अभ्यर्थी चंदन चौहान द्वारा अपना नाम वापस लिया गया। अब चुनावी मैदान में कुल 28 अभ्यर्थी चुनाव लड़ेंगे। जिसमें 19 राजनीतिक दल एवं 09 निर्दलीय अभ्यर्थी सम्मिलित हैं। नाम वापसी होने के बाद राजनीतिक दलों एवं निर्दलीय अभ्यर्थियों का चुनाव चिन्ह आवंटन किया गया। जिसमें राजनीतिक दलों का विवरण एवं चुनाव चिन्ह निम्न प्रकार है-बालकृष्ण चौहान बहुजन समाज पार्टी का चुनाव चिन्ह हाथी, राजीव कुमार राय समाजवादी पार्टी का चुनाव चिन्ह साइकिल, अरविंद राजभर सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी का चुनाव चिन्ह छड़ी, रामनरेश यादव जन राज्य पार्टी का चुनाव चिन्ह सीटी, प्रेमचंद प्रगतिशील मानव समाज पार्टी का चुनाव चिन्ह गन्ना किसान, विजय सोशलिस्ट यूनिटी सेंटर आफ इंडिया कम्युनिस्ट पार्टी का चुनाव चिन्ह बैटरी टॉर्च, विनोद कुमार राय कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया का चुनाव चिन्ह बाल और हसिया, लीलावती राजभर मूल निवासी समाज पार्टी का चुनाव चिन्ह हॉकी और बाल, याकूब अंसारी पीस पार्टी का चुनाव चिन्ह कांच का गिलास, मदन राजभर मांग समाज पार्टी का चुनाव चिन्ह बल्ला, संतोष कुमार गुप्ता जन लोक विकास पार्टी का चुनाव चिन्ह सेब, अवधेश कुमार चौहान जन क्रांति पार्टी का चुनाव चिन्ह बक्सा, रोली गुप्ता अखिल भारतीय हमारा समाज पार्टी का चुनाव चिन्ह चारपाई, वीरेंद्र नाथ राम राष्ट्रीय जनतांत्रिक भारत विकास पार्टी का चुनाव चिन्ह मेज, सतीश चंद्र प्रजापति फौजी समझदार पार्टी का चुनाव चिन्ह गैस सिलेंडर, ईश्वर दयाल सिंह भारतीय सबका दल का चुनाव चिन्ह बाल्टी, राम बचन सरदार पटेल सिद्धांत पार्टी का चुनाव चिन्ह कटहल, ईस्माइल अंसारी आवामी पिछड़ा पार्टी का चुनाव चिन्ह एयर कंडीशनर एवं गोपाल सिंह आजाद अधिकार सेना का चुनाव चिन्ह अलमारी आवंटित किया गया।इसके अलावा 09 निर्दलीय अभ्यर्थी जिनको चुनाव चिन्ह आवंटित किए गए जिनका विवरण निम्न प्रकार है- ज्योतिर्मा पाठक का चुनाव चिन्ह केतली, पवन कुमार चौहान का चुनाव चिन्ह कैंची, राजेंद्र राम का चुनाव चिन्ह कोट, राजेंद्र कुमार अग्रवाल का चुनाव चिन्ह चक्की, बद्रीनाथ का चुनाव चिन्ह टेलीविजन, सौदागर अली का चुनाव चिन्ह ऑटो रिक्शा, प्रज्ञेश कुमार का चुनाव चिन्ह कंप्यूटर, प्रेमचंद नायक का चुनाव चिन्ह सिलाई की मशीन एवं राजीव कुमार सिंह का चुनाव चिन्ह टाफियां आवंटित किया गया।

# बेटियों को आगे बढ़ाने के लिए कम्प्यूटर के डिजिटल लैब के नए भवन का निर्माण शुरू

♦ कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में टेंडर प्रक्रिया के एक साल बाद हुआ शुरू

**केटी न्यूज/ गाजीपुर**



कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में शिक्षा महकमें द्वारा बेटियों को डिजिटल तरीके से दक्ष बनाने के लिए टेंडर प्रक्रिया के एक साल बाद करीब दस लाख से स्थापित होने वाले कम्प्यूटर के डिजिटल लैब के नए भवन का निर्माण शुरू हो गया है। बेसिक शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने बताया कि अगर सबकुछ ठीक रहा तो जून के आखिरी सप्ताह में भवन बनकर तैयार हो जाएगा। इसके बाद इसे सुविधाओं से लैस कर ग्रीष्मावकाश के बाद खुलने वाले स्कूलों के साथ छात्राओं के लिए खोल दिया जाएगा। इसके बाद उन्हें डिजिटल तरीके से दक्ष बनाने में काफी मदद मिलेगी।मालूम हो कि दो साल पहले शासन ने निजी स्कूलों की तरह कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में भी डिजिटल तरीके से आनलाइन पढ़ाई के लिए कम्प्यूटर के डिजिटल लैब बनाने की घोषणा किया था,इसके लिए जरुरी करीब दस लाख की धनराशि भी जारी किया था,मगर इसके टेंडर व निर्माण की प्रक्रिया शुरू होने में दो साल से अधिक का समय लग गया। बेसिक शिक्षा विभाग के अधिकारियों के मुताबिक इस डिजिटल लैब की स्थापना हो जाने के बाद कस्तूरबा विद्यालय में पढने वाली बेटियों को भी अब निजी विद्यालयों की तरह बेहतर एवं डिजिटल तरीके से शैक्षणिक दृष्टिगत दक्ष बनाया जा सकेगा ।बेसिक शिक्षा विभाग के अधिकारियों के मुताबिक कस्तूरबा में सौ छात्राएं अध्यनरत है, स्थापित होने वाले इस डिजिटल लैब में 6 डेस्कटाप, 6 यूपीएस, 6 स्पीकर, 6 हेडफोन, प्रोजेक्टर, डिजिटल बोर्ड, एक मल्टीफंक्शनल प्रिंटर के अतिरिक्त अन्य जरूर संसाधन उपलब्ध कराए जा चुके हैबस इंतजार है तो बन रहे नए भवन के तैयार होने का।जिसके बाद कमरे की रंगाई, पुताई, विद्युत वायरिंग, टायलीकरण, ब्राडबैंड या वाईफाई कनेक्शन, कंप्यूटर टेबल, कुर्सी, पर्दे, ट्यूब लाइट, पंखा आदि से बन रहे भवन को सुसज्जित कर चालू कर दिया जाएगा। बीईओ अशोक कुमार गौतम ने बताया कि कस्तूरबा गांधी बालिका बालिका विद्यालय में डिजिटल लैब की स्थापना के लिए नए भवन का निर्माण शुरू हो गया है,जो जून तक बनकर तैयार हो जाएगा, जिसके बाद उसे सुविधाओं से लैस कर चालू कर दिया जाएगा।

## अभी जिले में 515 उपक

# ईवीएम व वीवीपैट का द्वितीय रैण्डमाईजेशन संपन्न

**केटी न्यूज/बलिया**



बलिया। लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए एनआईसी सभागार में ईवीएम एवं वीवीपैट का द्वितीय रैण्डमाईजेशन सामान्य प्रेक्षक हरबंस सिंह ब्रैस्कोन, जिला निर्वाचन अधिकारी रवींद्र कुमार एवं समस्त प्रत्याशियों तथा अभिकताओं की उपस्थिति में संपन्न हुआ।

सामान्य प्रेक्षक व जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा समस्त प्रत्याशियों को बताया गया कि ईवीएम को लेकर मन में कोई कोई डाउट, जिज्ञासा हो तो वे पूछ ले। सामान्य प्रेक्षक, रिटर्निंग ऑफिसर सहित उपस्थित समस्त प्रत्याशियों को बताया गया कि फर्स्ट रैण्डमाईजेशन के अन्तर्गत ईवीएम व वीवीपैट विधानसभावार एलॉट हो गये थे। जनपद के सभी विधानसभाओं के सापेक्ष बीयू, सीयू 24 फीसदी और वीवीपीएटी 35 फीसदी अतिरिक्त एलाट किए गए थे।द्वितीय रैण्डमाईजेशन के बाद निर्धारित विधानसभा के बूथवार ईवीएम व वीवीपैट की ऑनलाईल सूची की प्रिन्ट आउट कापी पर सामान्य प्रेक्षक, जिला निर्वाचन अधिकारी व सभी प्रत्याशियों तथा अभिकताओं की प्रमाणित हस्ताक्षर हुई। बता दे कि द्वितीय रैंडमाइजेशन के बाद ईवीएम पर कैंडिडेट का नाम और निशान आदि की कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। मतदान के दिन मतदान प्रक्रिया के दौरान यदि ईवीएम के किसी मशीन में कोई दिक्कत, कमी या खराबी आती है तो तत्काल रिजर्व में से ही बदल दिया जाएगा। जिला सूचना विज्ञान अधिकारी निजामुद्दीन अंसारी ने बहुत ही सरल व सहज शब्दों में ईवीएम व वीवीपैट के द्वितीय रैण्डमाईजेशन की प्रक्रिया को उपस्थित प्रत्याशियों व अभिकताओं को समझाया।

# भक्त की मुसीबत भांप जाते हैं भगवान : शालिनी त्रिपाठी

**केटी न्यूज / चंदौली।**

इलिया क्षेत्र के बेन गांव स्थित हनुमान मंदिर पर चल रहे नव दिवसीय संगीतमय श्री राम कथा की चौथी निशा पर शुक्रवार को कथावाचिका शालिनी त्रिपाठी ने अहिल्या चरित्र का वर्णन किया।



कहा कि जब राम लक्ष्मण गुरु के साथ मिथिला के राजा जनक के यहां धनुष यज्ञ में शामिल होने जा रहे थे तो उन्हें रास्ते में एक आश्रम मिला। जहां एक विशाल पत्थर का टुकड़ा पड़ा था। राम ने जब गुरु विश्वामित्र से इसके बारे में पूछा तो उन्होंने बताया कि यह गौतम ऋषि का विश्रामालय है, यह जो पत्थर देख रहे हो उनकी पत??नी अहिल्या है जो श्रापवश पत्थर हो गई है। तब राम ने अहिल्या को तारना चाहा किंतु सूर्य वंश में स्त्री को पैर से छूना मना था। राम की यह दुविधा देख पवन देव ने अपने झोकों से प्रभु के चरणों की धूल पत्थर पर डाल दिया। चरण रज पाते ही पत्थर नारी हो गई। अहिल्या को प्रगट होते ही वहां ब्रह्मा, शंकर सहित अनेक देव गण पहुंच गए और भगवान राम का जयघोष करने लगे। कहने का अर्थ यह है कि जब भी भक्त मुसीबत में होता है भगवान उसे मुक्ति दिलाने के लिए वहां पहुंच जाते हैं। इस दौरान मनोज तिवारी, प्रताप नारायण, राहुल दुबे, वीरेंद्र द्विवेदी ,रामचंद्र जायसवाल ,रामदुलारे तिवारी, प्रदीप, भूपेंद्र यादव ,बृजमोहन, पंचदेव द्विवेदी, कंचन तिवारी, रागिनी द्विवेदी, माला देवी, मंगल द्विवेदी सहित श्रोता उपस्थित थे।




**रेत पर ईवीएम की आकृति उकेर मतदान का संदेश**

लोकसभा चुनाव में मतदान के लिए वोटरों को जागरूक करने के उद्देश्य से वाराणसी में गंगा की रेत पर शनिवार को ईवीएम की आकृति बनाई गई। नमो घाट पर उकेरी इस आकृति को देख हर कोई तारीफ कर रहा। इस कलाकृति को देखने के लिए लोग बेताब दिखे। रेत पर ईवीएम मशीन की तस्वीर उकेरने वाले कोई और नहीं महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ के पूर्व छात्र रूपेश सिंह हैं।

# पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने परिवार के साथ किया रामलला का दर्शन-पूजन

**अयोध्या।** रामलला के प्राण प्रतिष्ठा के बाद से लगातार देश के विभिन्न प्रदेशों के लोग रामलला का दर्शन करने के लिए अयोध्या पहुंचा रहे हैं। इस क्रम पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने शनिवार को अपने परिवार संग भगवान श्रीराम के बाल स्वरूप विग्रह का विधि-विधान से दर्शन पूजन कर भाव विभोर हो गए। उनके स्वागत में मंदिर परिसर सहित पूरे गर्भगृह को भव्य रूप से फूलों से सजाया गया था। वे कुबेर टीला भी गये, पक्षिराज जटायु की विशाल प्रतिमा को श्रद्धापूर्वक निहारा और नतमस्तक हुए। वहीं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर अतिथियों की सुरक्षा व्यवस्था के लिए चाक-चौबंद इंतजाम किए गए थे। पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद शुक्रवार दोपहर बाद ही परिवारजनों के साथ रामनगरी



पहुंच गए थे। जैन मंदिर में अल्प विश्राम के बाद वे सरयू आरती में सम्मिलित हुए। आज प्रातः वे श्रीराम लला के दर्शन को पहुंचे। उनकी अगवानी के लिए श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के महामंत्री चम्पत राय पहले से मंदिर परिसर में मौजूद थे।

## एक नजर

### पांचवें चरण में भाजपा एक भी सीट नहीं जीत रही : शिवपाल यादव

**आजमगढ़।** आजमगढ़ के गंभीरपुर बाजार के मार्टिनगंज में सपा प्रत्याशी दरोगा सरोज के पक्ष में चुनावी जनसभा को संबोधित करने पहुंचे सपा महासचिव शिवपाल यादव ने भाजपा पर जमकर निशाना साधा है। सपा महासचिव ने कहा कि आप सभी लोग जानते हैं कि यह लोकसभा का चुनाव हम सबके लिए बहुत ही महत्वपूर्ण है। चार चरणों का चुनाव हो चुका है। पांचवें चरण का चुनाव होने जा रहा है। सपा महासचिव शिवपाल यादव का कहना है कि जितने भी चुनाव हुए हैं भाजपा बुरी तरह हार चुकी है। भाजपा निराश और हताश हो चुकी है। प्रधानमंत्री से लेकर मुख्यमंत्री तक सभी बौखलाए हुए हैं। अब इनको हटना भी तय हो गया है। हम जानते हैं कि पांचवें चक्र में भाजपा नहीं जीतेगी। सपा कार्यकताओं को नसीहत देते हुए कहा कि कहीं पर झगड़ा हो तो बचाने भी मत जाना क्योंकि भाजपा के लोग षडयंत्रकारी हैं। जितने भी वादे किए थे एक भी वादा पूरा नहीं किया। 25 को साइकिल का बटन दबा देना जिताने के बाद हम लोग सरकार को हटाकर यूपी में हमारे सभी-साथी निकल पड़ेगे। महंगाई भ्रष्टाचार लगातार बढ़ रहा है। यह लोग पूंजीपतियों से मिले हुए हैं। इस अवसर पर मंच पर मौजूद दरोगा सरोज, बेचई सरोज, वर्तमान विधायक कमलाकांत राजभर, सहित बड़ी संख्या में सपा के पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### मदरसा शिक्षा बोर्ड ने कहा मदरसों में गणित और विज्ञान की पढ़ाई होगी अनिवार्य

**वाराणसी।** अब अनुदानित और मान्यता प्राप्त मदरसों में एनसीईआरटी के पाठ्यक्रम के अनुसार गणित और विज्ञान विषयों की पढ़ाई अनिवार्य होगी। अब तक आधुनिक विषय के रूप में ये विषय पढ़ाए जाते हैं। उत्तर प्रदेश मदरसा शिक्षा बोर्ड ने इसकी संस्तुति कर दी है। चुनाव आचार संहिता हटने के बाद जिला अल्पसंख्यक कल्याण विभाग को इस संबंध में पत्र जारी करने की तैयारी है। इससे जिले के 35 हजार मदरसा विद्यार्थी प्रभावित होंगे। वाराणसी जिले में 108 मदरसे संचालित होते हैं। इनमें 23 मदरसे अनुदानित हैं। इनमें करीब 35 हजार विद्यार्थी तालीम लेते हैं। मदरसों में हाईस्कूल और इंटरमीडिएट स्तर पर हिंदी और अंग्रेजी अनिवार्य विषय जबकि गणित, विज्ञान और कंप्यूटर आदि आधुनिक विषय ऐच्छिक के रूप में पढ़ाए जाते हैं। लेकिन, अब गणित, विज्ञान, इतिहास और नागरिक शास्त्र को अनिवार्य विषय के तौर पर पढ़ाया जाएगा।

### आज से जौनपुर में दिग्गजो का जमावड़ा

**जौनपुर।** जनपद की दो लोकसभा सीटों पर छठवे चरण 25 मई में मतदान होना है।जिसको लेकर जिले में दिग्गजो का जमावड़ा रहेगा।सभी पार्टियां अपने अपने जीत का दावा कर रही है।कल 19 मई को मछलीशहर लोकसभा क्षेत्र के मडियाहू रामलीला मैदान में आएंगे अमित शाह भाजपा प्रत्यासी बी पी सरोज के पक्ष में जनसभा को संबोधित करेंगे।वही 19 मई को ही सूबे के मुखिया योगी आदित्यनाथ जौनपुर लोकसभा क्षेत्र के शाहगंज में प्रत्यासी कृपा शंकर सिंह की जीत के लिए भरेंगे हुंकार। बीएसपी प्रमुख मायावती 21 मई को दोनो लोकसभा क्षेत्र के प्रत्याशियों जौनपुर से श्याम सिंह यादव वमछलीशहर से कृपा शंकर सरोज के लिए मांगेंगी जन समर्थन। वहीं सपा प्रमुख अखिलेश यादव 23 मई को दोनो लोकसभा क्षेत्रों में अलग अलग स्थानों पर पार्टी प्रत्यासियो के लिए मांगेंगे जनता से समर्थन।जौनपुर लोकसभा से बाबू सिंह कुशवाहा व मछलीशहर लोकसभा से प्रिया सरोज को सपा ने अपना उम्मीदवार बनाया है।

### कांस्टेबल पर पत्नी से मारपीट और जलाने का लगा आरोप, पुलिस ने दर्ज की एफआईआर

**सोनभद्र ।** सोनभद्र मे राबट्सगंज कोतवाली के चुर्क स्थित पुलिस लाइन में तैनात एक सिपाही पर शराब के नशे में पत्नी की पिटाई और घर से निकालने का मामला सामने आया है। पीड़ित पत्नी ने एसपी को सौंपे गए प्रार्थना पत्र में पति पर जलाने के प्रयास का भी आरोप लगाया है। रॉबर्ट्सगंज कोतवाली पुलिस ने केस दर्ज कर मामले की जांच मे जूट गई है। एसपी को दिए प्रार्थना पत्र में महिला ने आरोप लगाया कि उसका पति चंद्रमा कुमार पुलिस लाइन चुर्क में आरक्षी के पद पर नियुक्त है। वह शराब का आदी है। रोज शराब पीकर गाली गलौज मारपीट करता है। साथ ही घर से बाहर भगा देता है। महिला ने बताया कि 14 मई की रात में भी शराब पीकर पति ने उसकी और बच्चों की पिटाई की।

## खबरें फटाफट

### जंगली सुअर के हमले से अधेड़ की मौत

**मिजार्पुर।** जमालपुर थाना क्षेत्र के ओड़ी चट्टी गांव और जमालपुर के सिवान में शुक्रवार की सुबह टहल रहे दो ग्रामीणों पर जंगली सुअर ने हमला कर दिया। सुअर के हमले एक ग्रामीण की मौत हो गई। वहीं दूसरे का इलाज चल रहा है। इससे परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर मिलने पर वन विभाग के अधिकारियों ने मौके पर जाकर जायजा लिया ग्राम प्रधान सुशील सिंह ने बताया कि ओड़ी चट्टी गांव निवासी श्रवण केशरी सुबह घर के बाहर टहल रहे थे। इस दौरान जंगली सुअर ने हमला कर श्रवण को घायल कर दिया। श्रवण के शोर मचाने पर मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने सुअर को दौड़ाया तो वह जमालपुर की तरफ भाग गया। जमालपुर के सिवान में जंगली सुअर को देखकर कुत्तो ने भौंकना शुरू कर दिया। घबराए जंगली सुअर ने सिवान में टहल रहे जमालपुर निवासी 52 वर्षीय रामविलास बियार पर हमला कर दिया। सुअर के हमले से गंभीर रुप से घायल रामविलास को लोग स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### संदिग्ध परिस्थितियों में फंदे से लटकता मिला युवक का शव

**सोनभद्र ।** सोनभद्र के अनपरा थाना क्षेत्र के बंजरग नगर में मानसिक रूप से विक्षिप्त युवक का शव घर के कमरे में बडेर के सहारे फांसी के फंदे से लटका मिला। परिजनों ने घटना की सूचना स्थानीय पुलिस को दिया। मौके पर पहुंच पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पंचनामा कर पोस्टमॉर्टम हेतु दुद्धी भेजवाया। मिली जानकारी के अनुसार अनपरा थाना क्षेत्र के बजरंग नगर निवासी हरेंद्र गुप्ता का बड़ा लड़का सूरज गुप्ता (20) तकरीबन 6 माह से मानसिक रूप से विक्षिप्त था। आज घर के कमरे में बडेर के सहारे अपनी मां के साड़ी के फंदे से संदिग्ध परिस्थितियों में उसका शव लटका हुआ मिला। परिजनों के अनुसार तकरीबन 6 माह से सूरज लगातार बीमार था जिसका उपचार चल रहा था। पुलिस ने सूरज के शव को कब्जे में लेकर पंचनामा कर पोस्टमॉर्टम हेतु दुद्धी भेजा दिया। मौत के सही कारण का पता पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद खुलासे की बात कही।

### योगी आदित्यनाथ ने 49 दिन में किए 111 जनसभा समेत 144 कार्यक्रम

# श्रीराम जन्मभूमि की अयोध्या में भी चुनाव इसी चरण में, मोदी संग योगी ने भी किया रोड शो

- पांचवें चरण में पांच केंद्रीय मंत्री मैदान में, पांचों के प्रचार में पहुंचे योगी
- औसतन तीन से चार रैलियों में प्रतिदिन पहुंच रहे यूपी के मुख्यमंत्री
- लखनऊ पूर्व से विधानसभा उपचुनाव में भी मुख्यमंत्री ने मांगा जनसमर्थन

**केटी न्यूज/लखनऊ**

लोकसभा चुनाव-2024 के लिए पांचवें चरण का चुनाव 20 मई को है। 18 मई यानी शनिवार की शाम चुनाव प्रचार थम जाएगा। इस चरण में उत्तर प्रदेश की 14 सीटों पर चुनाव होंगे। इन सभी सीटों पर कमल खिलाने का संकल्प लिए योगी आदित्यनाथ चिलचिलाती धूप और 45 डिग्री तापमान में भी आमजन के बीच पहुंचे तो वहीं मौसम की परवाह किए बिना भी योगी आदित्यनाथ की रैलियों में जबर्दस्त भीड़ उमड़ती रही। आमजन का यह प्यार, स्नेह देख योगी आदित्यनाथ भी यूपीवासियों के विश्वास के प्रति आभारी रहे। वहीं पांचवें चरण पर निगाह दौड़ाएं तो उत्तर प्रदेश के लिहाज से यह चरण काफी महत्वपूर्ण है। इस चरण में यूपी की सबसे खास सीटों में से एक अयोध्या (लोकसभा-फैजाबाद) में भी चुनाव है। वहीं केवल एक सीट (रायबरेली) कांग्रेस के पास है, शेष पर भाजपा का कब्जा है। रायबरेली सीट पर भी कमल खिलाने और शेष पर पिछली बार से बढ़त दिलाने के लिए भी योगी आदित्यनाथ ने सभी प्रत्याशियों का हाथ थामे रखा। उत्तर प्रदेश के अलावा स्टार प्रचारक योगी आदित्यनाथ अब तक आठ राज्यों में भी चुनाव प्रचार कर चुके हैं। भजन गायक कन्हैया मित्तल का गीत 'जो राम को लाए हैं, हम उनको लाएंगे' जुबां-जुबां पर चढ़ गया है। अयोध्या में 500 वर्ष की प्रतीक्षा के उपरांत रामलला मंदिर में विराजमान हुए इसका श्रेय मोदी-योगी की जोड़ी को जाता है। इस जोड़ी को यूपी समेत पूरे भारत में काफी मान मिल रहा है। इस चरण में फैजाबाद सीट पर होने वाला चुनाव भी काफी दिलचस्प होगा। इस सीट से भाजपा सांसद व प्रत्याशी लल्लू सिंह के पक्ष में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी संग सीएम योगी आदित्यनाथ का जबर्दस्त रोड शो निकला था। इसके अलावा योगी आदित्यनाथ ने दो अन्य जनसभा भी लल्लू सिंह के लिए की। मतदाताओं ने यूपी के योगी को आश्वस्त करते हुए कहा कि रामभक्त ही राज करेगा, दिल्ली के सिंहासन पर।



### पांचवें चरण में योगी आदित्यनाथ का चुनाव प्रचार

पांचवें चरण की इन सभी 14 सीटों पर योगी आदित्यनाथ प्रचार करने पहुंचे।
मोहनलालगंज- जनसभा (12 मई), 17 मई को बाराबंकी से पीएम संग सीएम ने कौशल किशोर के लिए की अपील

- लखनऊ- जनसभा 14,15-16, 17 मई
- रायबरेली-जनसभा (13 मई)
- अमेठी- जनसभा (12, 14 मई)
- जालौन- जनसभा (15 मई)
- झांसी- रोड शो (15 मई)
- हमीरपुर- जनसभा (15-16 मई)
- बांदा- जनसभा (13 मई)
- फतेहपुर- जनसभा (16 मई),
- कौशांबी- जनसभा (16 मई)
- बाराबंकी- जनसभा (13 मई, 17 मई)
- फैजाबाद-जनसभा (14 मई, 17 मई)
- कैसरगंज- जनसभा (12 मई)
- गोंडा- जनसभा (17 मई)

### पांचवें चरण में पांच केंद्रीय मंत्री, पांचों के प्रचार में पहुंचे योगी

पांचवें चरण में उत्तर प्रदेश की 14 सीटों में से पांच पर पांच केंद्रीय मंत्री मैदान पर हैं। यूपी के मुखिया के तौर पर इन पांचों केंद्रीय मंत्रियों के लिए योगी आदित्यनाथ ने चुनाव प्रचार किया और कमल खिलाने की अपील की। इस चरण में सबसे बड़ा नाम रक्षा मंत्री व लखनऊ से सांसद राजनाथ सिंह का है। वहीं अमेठी से केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी, मोहनलालगंज से कौशल किशोर, जालौन से भानु प्रताप सिंह वर्मा व फतेहपुर से साध्वी निरंजन ज्योति भी इन्हीं सीटों से प्रत्याशी हैं।

### योगी ने संभाला है यूपी का चुनावी कमान

योगी आदित्यनाथ 49 दिन के भीतर लोकसभा चुनाव-2024 के लिए 144 कार्यक्रम कर चुके हैं। 27 मार्च को मथुरा से सीएम ने प्रबुद्ध सम्मेलन कर यूपी की चुनावी कमान संभाल ली थी। 27 मार्च से 18 मई तक कुल 49 दिन सीएम मैदान में उतरे। इनमें 111 जनसभा कर कर्मयोगी के रूप में बनी अपनी पहचान को एक बार फिर सार्थकता प्रदान की। वहीं अब तक उन्होंने 15 प्रबुद्ध सम्मेलन, 12 रोड शो भी कर लिए हैं। इसके अलावा सीएम योगी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी (सातवें चरण में मतदान) व रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के नामांकन में भी उपस्थित रहे। वाराणसी में कार्यकर्ता सम्मेलन में भी उन्होंने हिस्सा लिया। इसके अतिरिक्त पांचवें चरण में होने वाले लखनऊ पूर्व विधानसभा उपचुनाव में भी सीएम योगी ने पार्टी प्रत्याशी ओपी श्रीवास्तव के लिए जनसभा कर मतदाताओं से समर्थन की अपील की।

### प्रदेश सरकार के एक मंत्री भी मैदान में, दो सीटों पर नए प्रत्याशी

यूपी में वर्तमान में रायबरेली ही एक सीट है, जिस पर अभी कांग्रेस का कब्जा है। इस सीट से योगी सरकार के मंत्री दिनेश प्रताप सिंह भाजपा से मैदान में हैं। वहीं कैसरगंज और बाराबंकी सीट पर भाजपा ने नए प्रत्याशियों पर दांव चला है। कैसरगंज में पार्टी ने युवा चेहरे करण भूषण शरण सिंह को मैदान में उतारा है तो बाराबंकी से उपेंद्र रावत की जगह राजरानी रावत पर भाजपा ने दांव लगाया है। राजरानी के लिए प्रधानमंत्री संग सीएम ने 17 मई को रैली की। 13 मई को भी सीएम ने बाराबंकी सीट के लिए चुनाव प्रचार किया।

# सत्ता पक्ष के इशारे पर पर्चा खारिज करने का लगाया आरोप

**केटी न्यूज/चंदौली**

लोकसभा सीट के लिए भारतीय जवान किसान पार्टी ने पूर्व सैनिक दिलीप सिंह को मैदान में उतारा था, लेकिन नामांकन के बाद उनका पर्चा खारिज होने पर उन्होंने अपने गांव अरंगी में जिला प्रशासन के प्रति विरोध जताया । ऐसे में अब दिलीप सिंह ने निर्वाचन कार्य में लगे अफसरों के खिलाफ मोर्चा खोल दिया हैं। उन्होने बताया कि अफसरों ने सत्ता पक्ष के इशारे पर उनका पर्चा खारिज कर दिया हैं। साथ ही दावा किया कि वह क्षेत्र में जनसंपर्क कर-के लोगों से मतदान का बहिष्कार करने की अपील करेंगे। साथ ही अफसरों के चरित्र को भी उजागर करेंगे। दरअसल, बरहनी ब्लाक क्षेत्र के अरंगी गांव निवासी दिलीप सिंह भरतीय सेना में लंबे वर्षो तक तैनात रहे। हालांकि सेवानिवृत्त होने के बाद उन्होने समाजसेवा करने का रास्ता चुना। ऐसे में उन्होने चंदौली लोकसभा सीट पर चुनाव लड़ने का ऐलान कर दिया। इसके बाद भारतीय जवान



किसान पार्टी की ओर से उन्हे प्रत्याशी घोषित कर दिया गया। लेकिन नामांकन के बाद जांच प्रक्रिया के दौरान उनका पर्चा खारिज हो गया। जबकि दिलीप सिंह ने दावा किया कि साजिस के तहत उनका पर्चा खारिज हुआ हैं। अफसरों ने सत्ता पक्ष के इशारे पर उनका पर्चा खारिज किया हैं। ऐसे में उन्होने चंदौली लोकसभा क्षेत्र में लोगों से जनसंपर्क करके मतदान का बहिष्कार करने की अपील करेंगे। उन्होने बताया कि लोकतांत्रिक देश में सभी को चुनाव लड़ने का अधिकार हैं। लेकिन अफसरों ने सत्ता पक्ष के इशारे पर लोकतंत्र के इस महापर्व में अपनी मनमानी करने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी हैं। अब ऐसे लोगों के चरित्र को जनता के सामने रखना जरूरी हैं।




### समर्थ पोर्टल के क्रियान्वन हेतु अधिकारियों एवं विभागाध्यक्षों की बैठक में कुलपति ने कहा

# विश्वविद्यालय समर्थ पोर्टल पर दर्ज करायें सशक्त उपस्थिति

**केटी न्यूज/जौनपुर**

वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के कुलपति सभागार में कुलपति प्रो वंदना सिंह की अध्यक्षता में समर्थ पोर्टल के क्रियान्वन हेतु अधिकारियों एवं विभागाध्यक्षों की बैठक हुई। भारत सरकार के डिजिटल इंडिया अभियान के तहत देश के सभी राज्य विश्वविद्यालय इससे जुड़ रहे है। विश्वविद्यालय ने भी समर्थ पोर्टल पर अपनी सशक्त उपस्थिति दर्ज कराने की तैयारी कर ली है। आने वाले समय में विश्वविद्यालय की हर शैक्षणिक, प्रशासनिक और अकादमिक गतिविधि इस पर होगी।



बैठक में कुलपति प्रो वंदना सिंह ने कहा कि डिजिटल का जमाना है, समर्थ पोर्टल पर सूचनाएं अपलोड होने से बहुत सारे लाभ होंगे। उन्होंने कहा कि विभागाध्यक्ष समर्थ पोर्टल पर पाठ्यक्रम विवरण एवं विद्यार्थियों की सूचना शीघ्र अपडेट करे. उन्होंने पोर्टल के विभिन्न आयामों पर समन्वयकों से विस्तार से चर्चा की। कुलसचिव महेंद्र कुमार से समर्थ पोर्टल के सम्बन्ध में शासन से मिले निर्देशों से अवगत कराया. उन्होंने कहा कि इस कार्य को सभी विभाग प्राथमिकता पर करें।गौरतलब है कि बीतें दिनों उत्तर प्रदेश की राज्यपाल एवं राज्य विश्वविद्यालयों की कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल की अध्यक्षता में डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, लखनऊ में आयोजित दो दिवसीय कार्यशाला समर्थ से सामर्थ्य सम्पन्न हुई थी। जिसमें प्रदेश के राज्य विश्वविद्यालयों में ह्यसमर्थ पोर्टलह्य को सफलतापूर्वक लागू के लिए अनुबंध हुआ था।इस अवसर पर वित्त अधिकारी संजय कुमार राय, परीक्षा नियंत्रक अजीत कुमार सिंह, प्रो अजय प्रताप सिंह, प्रो मनोज मिश्र, प्रो सौरभ पाल, प्रो संदीप सिंह, डॉ आशुतोष सिंह, उप कुलसचिव बबिता सिंह, डॉ अमित वत्स समेत अधीक्षक एवं प्रभारी उपस्थित रहे।

## सुभाषितम्

साफ सुथरे सादे परिधान में ऐसा यौवन होता है जिसमें अधिक उम्र छिप जाती है।
**- अज्ञात**

## आम आदमी पार्टी को ईड़ी ने बनाया आरोपी, देश का पहला मामला

100 करोड रुपए के शराब घोटाले के आरोप मैं पहली बार किसी राजनीतिक दल को आरोपी बनाया गया है। केंद्रीय प्रवर्तन निदेशालय के अधिकारियों का कहना है, शराब घोटाले की रकम को गोवा के चुनाव में खर्च किया गया है। जिसके कारण आम आदमी पार्टी को आरोपी बनाया गया है। मनी ट्रेल में आम आदमी पार्टी भी शामिल है। शुक्रवार को न्यायालय में सातवीं चार्ज शीट दायर की गई है। इस आरोप पत्र में अभियुक्त के रूप में अरविंद केजरीवाल और आम आदमी पार्टी भी शामिल किया गया है। केंद्रीय प्रवर्तन निदेशालय के अधिकारियों का कहना है, केजरीवाल के खिलाफ पर्याप्त सबूत हैं। शराब घोटाले की रकम को गोवा के चुनाव में खर्च किया गया है। इसके प्रमाण भी ईड़ी के पास उपलब्ध हैं। इसलिए उन्होंने राजनीतिक दल आम आदमी पार्टी को भी आरोपी बनाया है। भारत में इस तरह का यह पहला मामला है। राजनीतिक दल को कभी किसी भी अपराधिक मामले में आरोपी नहीं बनाया गया। राजनीतिक दल के पदाधिकारी यदि कोई गलत काम करते हैं। तो उन्हें जरूर अपराधिक गतिविधियों में शामिल मानकर उनके ऊपर कारवाई की जाती है। यह पहली बार हुआ है, जब आम आदमी पार्टी को आरोपी बनाया गया है। केंद्रीय प्रवर्तन निदेशालय के अधिकारियों ने आम आदमी पार्टी के लिए जो राह चुनी है। आगे चलकर कई राजनीतिक दलों के ऊपर आपराधिक मामला चलाने का नया रास्ता खुल गया है। विशेष रूप से कई राजनीतिक दल इस दायरे में भविष्य में आ सकते है। जो गड्ढा आज आम आदमी पार्टी के लिए पीएमएलए कानून के द्वारा खोदा गया है। भविष्य में उसका असर अन्य मान्यता प्राप्त राजनीति दलों के ऊपर पडना तय है। चुनावी बांड को सुप्रीम कोर्ट द्वारा असंवैधानिक घोषित कर दिया गया है। सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर स्टेट बैंक और चुनाव आयोग द्वारा जो डाटा सार्वजनिक किया गया है। उसके बाद भारतीय जनता पार्टी सहित कई राजनीतिक दलों के ऊपर इसी तरह के आरोप लग रहे हैं। ईड़ी, आयकर विभाग, और सीबीआई के छापे के बाद कई कंपनियों द्वारा चुनावी बांड से चंदा दिया गया है। जिन राजनीतिक दलों को चुनावी बांड से चंदा दिया गया है। उसके बाद जांच एजेंसी ने उनके खिलाफ कार्रवाई बंद कर दी है। रिजर्व बैंक का भी एक मामला इसी तरह का आया है। इसके अलावा कई दवाई कंपनियों के मामले में भी इसी तरह के घोटाले के आरोप राजनीतिक दलों पर लगाए जा रहे हैं। चुनावी बांड से चंदा लेकर केंद्र सरकार और राज्य सरकारों द्वारा कई कंपनियों को ठेके दिए गए हैं। कइयों को अन्य तरह से फायदा पहुंचाया गया है। केंद्र में भारतीय जनता पार्टी की सरकार है। पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, आंध्र, तेलंगाना में अन्य राजनीतिक दलों की सरकार है। इनके ऊपर भी चुनावी बांड से चंदा लेकर लाभ पहुंचाने के आरोप लगाए जा रहे हैं। राजनीतिक दलों ने चुनावी बांड से चंदा लेकर चुनाव में खर्च किया है। इसी तरह से अन्य राजनीतिक दलों ने भी बांड से चंदा लेकर चुनाव में खर्च किया है। आम आदमी पार्टी के खिलाफ जो आरोप पत्र दाखिल किया गया है। उससे आम आदमी पार्टी की राष्ट्रीय राजनीतिक दल के रूप में मान्यता खत्म हो सकती है। चुनाव आयोग इसका निर्णय ले सकता है। इसी तरह से अब अन्य क्षेत्रीय दलों को भी निशाना बनाया जा सकता है। ऐसा माना जाता है, संस्था कभी कोई अपराध नहीं करती है। अपराध संस्था के पदाधिकारियों द्वारा किए जाते हैं। ईड़ी के अधिकारियों ने जो चार्ज शीट दाखिल की है। निश्चित रूप से यह भारत का यह पहला मामला है। सुप्रीम कोर्ट में जमानत के मामले में जो बहस चल रही थी। उस दौरान भी यह मामला सामने आया था। सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता ने कहा था। पीएमएलए कानून में राजनीतिक दलों के ऊपर इस तरह की कार्रवाई नहीं की जा सकती है। ट्रायल कोर्ट में जो चार्ज सीट दाखिल की गई है। निश्चित रूप से आम आदमी पार्टी हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट में भी चुनौती देगी। हाल फिलहाल जिस तरह के हालात चल रहे हैं। उसमे आम आदमी पार्टी के ऊपर राजनीतिक दल के रूप में उनकी मान्यता पर बड़ा संकट खड़ा होता हुआ दिख रहा है। राजनीतिक हल्कों में गैर भाजपा राजनीतिक दलों मे चिंता की लहर जरूर देखने को मिल रही है। चुनाव आयोग जिस तरह से विपक्षी दलों की उपेक्षा कर रहा है। ऐसी स्थिति में विपक्षी राजनीतिक दलों की मान्यता समाप्त करके उन्हें चुनाव लड़ने से रोका जा सकता है। यह आशंका विपक्षी दलों द्वारा व्यक्त की जा रही है। ईड़ी के अधिकारियों का कहना है, पीएमएलए की धारा 70 के तहत जो कार्रवाई की गई है। उसमें कार्रवाई करने का अधिकार ईड़ी के पास है। जबकि एक्ट में कंपनी शब्द का उल्लेख किया गया है। कंपनी और राजनीतिक दल दोनों में अंतर है। राजनीतिक दल का कोई उल्लेख एक्ट में नहीं है। इस मामले में टॉयल कोर्ट में अब चार्ज शीट पेश हो चुकी है। निश्चित रूप से आम आदमी पार्टी उच्चतम न्यायालय में चुनौती देगी। इसी बीच चुनाव आयोग पार्टी की मान्यता समाप्त करने की कार्रवाई कर सकता है। इसको लेकर तरह-तरह की आशंकायें व्यक्त की जाने लगी है।

## चिंतन-मनन

# चिंतन सही हो

एक व्यक्ति ने अपने मित्र से साठ रूपए उधार लिए। कुछ दिनों बाद वह आया और बीस रूपए देकर बोला, सारे रूपए आ गए मित्र ने कहा, साठ दिए थे और तुम बीस लौटा रहे हो, तो अभी चालीस रूपए बाकी रहेंगे। तीस और तीस साठ होते हैं। उसने कहा, नहीं, दस और दस साठ होते हैं। मैंने साठ रूपए लौटा दिए हैं। मित्र ने कहा, भोले आदमी! दस और दस बीस ही होते हैं। तीस और तीस साठ होते हैं। उसने कहा, मैं इस बात को नहीं मानता। मैं तो यही मानता हूं कि दस और दस साठ होते हैं। मेरी मान्यता मेरे पास और तुम्हारी मान्यता तुम्हारे पास। से मानने वाले को विधाता भी नहीं समझा सकता। गणित का नियम -दस और दस बीस होते हैं। कोई व्यक्ति इस गणित के नियम को जानने की बात छोड़कर मानने की बात को ही पकड़ बैठता है तो उसका कोई इलाज नहीं है। हम मानने की बात को छोड़ दें और जानें। सदा जानने का प्रयत्न करें। सदा जानें। हम विशिष्ट उपलब्धियों के लिए प्रयत्न करें। वे प्राप्त हों तो ठीक है, न हों तो कोई बात नहीं। पुरूषार्थ को सही दिशा में लगाएं। पुरूषार्थ निरंतर हमारा साथ दे। हम प्रयत्न को बंद न करें। पुरूषार्थ को साथ लेकर चलें। मन और शरीर को विशेष आदेश दें। मन जो भटकता रहता है, अनेक प्रवृत्तियों में संलग्न रहता है, बहुत अधिक सक्रिय और गतिशील है, उस पर हम कुछ नियंत्रण करें। मन की सक्रियता को कम करें।

# आदिवासी जनजीवन के नये जन्म का उजाला

**- ललित गर्ग**

सुखी परिवार अभियान के प्रणेता, आदिवासी जनजीवन के मसीहा एवं प्रख्यात जैन संत गणि राजेन्द्र विजय पिछले 36 वर्षों से आदिवासी विषयों एवं मुद्दों को लेकर सक्रिय है, उन्होंने आदिवासी जनजीवन के उन्नयन एवं विकास के लिये अनेक जनकल्याणकारी गतिविधियों-योजनाओं जिनमें शिक्षा, सेवा, चिकित्सा एवं आर्थिक उन्नयन के उपक्रम किये हैं, जो आदिवासी जन-जीवन में उतरती रोशनी है। हाल ही में गुजरात में 4400 करोड़ की परियोजनाओं का शुभारंभ करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आनलाइन कवांट की आदिवासी महिलाओं से बातचीत करते हुए गणि राजेन्द्र विजय को जिस स्नेह एवं आत्मीयता से याद किया, समूचे देश ने यह परिदृश्य देखा और उनकी सेवाओं को महसूस किया। मोदी का इस तरह इस संत पुरुष को याद करना, उनके गौरव को, उनके होने का भान कराता हैं। इस वर्ष गणि राजेन्द्र विजयजी अपने जन्म दिन 19 मई, 2024 को गुजरात के आदिवासी क्षेत्र कवांट में देश के पहले कौशल विकास विश्वविद्यालय भगवान आदिनाथ आदिवासी कौशल विश्वविद्यालय के बीज को आकार देने को तत्पर हो रहे हैं, जिससे भारत के कौशल का दुनिया में डंका बजेगा एवं आदिवासी जनजीवन विकास की एक नई गाथा लिखने को तत्पर हो सकेगा। निश्चित ही गणि राजेन्द्र विजयजी आदिवासी समाज को उचित दर्जा दिलाने एवं उनकी समस्याओं के समाधान के लिये तत्पर है। वे स्वयं समर्थ एवं समृद्ध है, अतः शिक्षा जैसी मूलभूत सुविधाओं के लिये स्वयं आगे आएं। एक तरह से एक संतपुरुष के प्रयत्नों से एक सम्पूर्ण पिछडा एवं उपेक्षित आदिवासी समाज स्वयं को आदर्श रूप में निर्मित करने के लिये तत्पर हो रहा है, यह एक अनुकरणीय एवं सराहनीय प्रयास है। लेकिन इन आदिवासी लोगों को राजनीतिक संरक्षक भी मिले, इसके लिये वे सभी राजनीतिक दलों के नेताओं से सम्पर्क स्थापित कर आदिवासी जीवन के दर्द से उन्हें अवगत कराया एवं इस बार के लोकसभा चुनाव में आदिवासी लोगों को सक्रिय किये हुए है। भारतीय समाज में जिन आदर्शों की कल्पना की गई है, वे भारतीयों को आज भी उतनी ही श्रद्धा से स्वीकार हैं। मूल्य निष्ठा में जनता का विश्वास अभी तक समाप्त नहीं हुआ। व्यक्ति अगर अकेला भी हो पर नैतिकता का पक्षधर हो और उसका विरोध कोई ताकतवर कुटिलता और षड्यंत्र से कर रहा हो तो जनता अकेले आदमी को पसन्द करेगी। इन्हीं मूल्यों की प्रतिष्ठापना, गणि राजेन्द्र विजय के मिशन एवं विजन का उद्देश्य है।गणि राजेन्द्र विजय एक ऐसा व्यक्तित्व है जो आध्यात्मिक विकास और नैतिक उत्थान के प्रयत्न में तपकर और अधिक निखरा है। वे आदिवासी जनजीवन के उत्थान और उन्नयन के लिये लम्बे समय से प्रयासरत हैं और विशेषतः आदिवासी जनजीवन में शिक्षा की योजनाओं को लेकर जागरूक है, इसके लिये सर्वसुविधयुक्त करीब 12 करोड की लागत से एकलव्य आवासीय माडल विद्यालय का निर्माण होकर विगत दो दशकों से शिक्षा की नई उपलब्धियां एवं कीर्तिमान उनके प्रयत्नों से स्थापित कर रहा है। वर्ष 2007 में तत्कालीन मुख्यमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस विद्यालय एवं अन्य योजनाओं का शुभारंभ करीब डेढ़ लाख आदिवासी लोगों के बीच किया, इतनी विशाल आदिवासी उपस्थिति गणिजी के इस क्षेत्र में प्रभाव को दर्शा रही थी। उनके नेतृत्व में अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं संचालित है, जिनमें कन्या शिक्षा के लिये ब्राह्मी सुन्दरी कन्या छात्रावास का कुशलतापूर्वक संचालन हो रहा हैं। इसी आदिवासी अंचल में जहां जीवदया की दृष्टि से गौशाला संचालित है तो चिकित्सा और सेवा के लिये चलयमान चिकित्सालय भी अपनी उल्लेखनीय सेवाएं दे रहा है। आदिवासी जनजीवन की आर्थिक उन्नति एवं स्वावलम्बन के लिये वे सुखी परिवार ग्रामोद्योग भी संचालित कर रहे हैं। अपने इन्हीं व्यापक उपक्रमों की सफलता के लिये वे कठोर साधना करते हैं और अपने शरीर को तपाते हैं। अपने कार्यक्रमों में वे आदिवासी के साथ-साथ आम लोगों में शिक्षा के साथ-साथ नशा मुक्ति एवं रूढ़ि उन्मूलन की अलख जगाते हैं। उनके प्रयत्नों का उद्देश्य है शिक्षा एवं पढ़ने की रूचि जागृत करने के साथ-साथ आदिवासी जनजीवन के मन में अहिंसा, नैतिकता एवं मानवीय मूल्यों के प्रति आस्था जगाना है। हर आदमी अपने अन्दर झांके और अपना स्वयं का निरीक्षण करे। आज मानवता इसलिए खतरे में नहीं है कि अनैतिकता बढ़ रही है। अनैतिकता सदैव रही है- कभी कम और कभी ज्यादा। सबसे खतरे वाली बात यह है कि नैतिकता के प्रति आस्था नहीं रही।

त्याग, साधना, सादगी, प्रबुद्धता एवं करुणा से ओतप्रोत गणि राजेन्द्र विजयजी आदिवासी जाति की अस्मिता की सुरक्षा के लिए तथा मानवीय मूल्यों को प्रतिष्ठापित करने के लिए सतत प्रयासरत हैं। मानो वे दांडी पकडे. गुजरात के उभरते हुए ह्यगांधीह्ल हैं। इसी आदिवासी माटी में 19 मई, 1974 को एक आदिवासी परिवार में जन्में गणि राजेन्द्र विजयजी मात्र ग्यारह वर्ष की अवस्था में जैन मुनि बन गये। बीस से अधिक पुस्तकें लिखने वाले इस संत के भीतर एक ज्वाला है, जो कभी अश्लीलता के खिलाफ आन्दोलन करती हुए दिखती है, तो कभी जबरन धर्म परिवर्तन कराने वालों के प्रति मुखर हो जाती है। कभी जल, जमीन, जंगल के अस्तित्व के लिये मुखर हो जाती है। इस संत ने स्वस्थ एवं अहिंसक समाज निर्माण के लिये जिस तरह के प्रयत्न किये हैं, उनमें दिखावा नहीं है, प्रदर्शन नहीं है, प्रचार-प्रसार की भूख नहीं है, किसी सम्मान पाने की लालसा नहीं है, किन्हीं राजनेताओं को अपने मंचों पर बुलाकर अपने शक्ति के प्रदर्शन की अभीप्सा नहीं है। अपनी धून में यह संत आदर्श को स्थापित करने और आदिवासी समाज की शक्ल बदलने के लिये प्रयासरत है और इन प्रयासों के सुपरिणाम देखना हो तो कंवाट, बलद, रंगपुर, बोडेली आदि-आदि आदिवासी क्षेत्रों में देखा जा सकता है।

गणि राजेन्द्र विजयजी परिवार को सुदृढ़ बनाने के लिये ही सुखी परिवार फाउण्डेशन के द्वारा संचालित सुखी परिवार अभियान को लेकर सक्रिय है। मेरा सौभाग्य है कि वर्ष 2006 से संचालित इस फाउण्डेशन का संस्थापक महामंत्री बनने से लेकर वर्तमान में अध्यक्ष के रूप में अपनी सेवाएं दे रहा हूं। गणिजी की सर्वोच्च प्राथमिकता है कि सबसे पहले परिवार संस्कारवान बने, माता-पिता संस्कारवान बने, तभी बच्चे संस्कारवान चरित्रवान बनकर घर की, परिवार की प्रतिष्ठा को बढ़ा सकेंगे। अगर बच्चे सत्पथ से भटक जाएंगे तो उनका जीवन अंधकार के उस गहन गर्त में चला जाएगा जहां से पुनः निकलना बहुत मुश्किल हो जाएगा। बच्चों को संस्कारी बनाने की दृष्टि से गणि राजेन्द्र विजय विशेष प्रयास कर रहे हैं। भारत को आज सांस्कृतिक क्रांति का इंतजार है। यह कार्य सरकार तंत्र पर नहीं छोड़ा जा सकता है। सही शिक्षा और सही संस्कारों के निर्माण के द्वारा ही परिवार, समाज और राष्ट्र को वास्तविक अर्थों में नैतिक एवं चरित्रसम्पन्न बनाया जा सकता है। मेरी दृष्टि में गणि राजेन्द्र विजयजी के उपक्रम एवं प्रयास आदिवासी अंचल में एक रोशनी का अवतरण है, यह ऐसी रोशनी है जो हिंसा, आतंकवाद, नक्सलवाद, माओवाद जैसी समस्याओं का समाधान बन रही है। अक्सर हम राजनीति के माध्यम से इन समस्याओं का समाधन खोजते हैं, जबकि समाधान की अपेक्षा संकट गहराता हुआ प्रतीत होता है। क्योंकि राजनीतिक स्वार्थों के कारण इन उपेक्षित एवं अभावग्रस्त लोगों का शोषण ही होते हुए देखा गया है। गणि राजेन्द्र विजयजी के नेतृत्व में आदिवासी समाज कृतसंकल्प है रोशनी के साथ चलते हुए इस आदिवासी अंचल के जीवन को उन्नत बनाने एवं संपूर्ण मानवता को अभिप्रेरित करने के लिये। गणि राजेन्द्र विजयजी के आध्यात्मिक आभामंडल एवं कठोर तपचर्या का ही परिणाम है आदिवासी समाज का सशक्त होना। सर्वाधिक प्रसन्नता की बात है कि अहिंसक समाज निर्माण की आधारभूमि गणि राजेन्द्र विजयजी ने अपने आध्यात्मिक तेज से तैयार की है। अनेक बार उन्होंने खूनी संघर्ष को न केवल शांत किया, बल्कि अलग-अलग विरोधी गुटों को एक मंच पर ले आये। जबकि गुट व्यापक हिंसा एवं जनहानि के लिये तरह-तरह के हथियार लिये एक दूसरे को मारने के लिये उतावले रहते थे। हिंसा की व्यापक संभावनाओं से घिरे इस अंचल को अहिंसक बनाना एक क्रांति एवं चमत्कार ही कहा जायेगा। आदिवासी जन-जीवन में भी बहुत उजाले हैं, लेकिन इन उजालों को छीनने के प्रयास हुए हैं, हो रहे हैं और होते रहेंगे। आज बाहरी खतरों से ज्यादा भीतरी खतरे हैं। हिंसा और अलगाव की कई चुनौतियां हैं, जो समाधान चाहती है। पर गलत प्रश्न पर कभी भी सही उत्तर नहीं मिला करते। जब रोटी की जरूरत हो तो रोटी ही समाधान बनती है। रोटी के बिना आप किसी सिद्धान्त को ताकत का इंजेक्शन नहीं बना सकते।

# स्वाति मालीवाल से जुड़ा बवाल

**- राकेश अचल**

आम आदमी पार्टी की खास नेत्री सुश्री स्वाति मालीवाल के साथ मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के निज सचिव द्वारा की गयी मारपीट की घटना अब रोचक हो गयी है। इस घटना की तह में जाने से पहले आपको स्वाति का अर्थ और स्वाति का महत्व समझना चाहिए। स्वाति का अर्थ है सरस्वती। स्वाति का अर्थ है तलवार। स्वाति हिन्दू धर्म से जुड़ा बहुत ही मन मोहने वाला नाम है। स्वाति सरस्वती है और एक नक्षत्र भी। स्वाती नाम की राशि कुंभ है। इस राशि की लड़कियां स्वभाव से बेहद ईमानदार होती हैं। यह किसी भी परिस्थिति के हिसाब से अपने आप को ढाल लेती हैं। स्वाती नाम की लड़कियां अक्सर दोस्ती करने से पहले सामने वाले व्यक्ति को व्यक्तिगत रूप से परखती है। इस राशि की स्वाती नाम की लड़कियों के करियर की बात करें तो यह फोटोग्राफर, वैज्ञानिक, लेखिका, मनोवैज्ञानिक व वकील सफलतापूर्वक बन सकती हैं।

आप की नेता और दिल्ली महिला आयोग की अध्यक्ष के साथ जो कुछ हुआ वो विस्मयकारी, पीड़ादायक और निंदनीय है। लेकिन सवाल ये है कि सामाजिक आंदोलन से होते हुए आम आदमी पार्टी से जुड़ी स्वाति के साथ मुख्यमंत्री के निज सचिव को इतनी बदतमीजी करने का साहस अचानक आ कहाँ से गया ? स्वाति न मुक्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के लिए नई हैं और न उनके निज सचिव के लिये। आप ने स्वाति को महिला आयोग का अध्यक्ष भी बनाया और राज्य सभा भी भेजा, जाहिर है कि वे पार्टी के लिए महत्वपूर्ण रहीं हैं, लेकिन अचानक उनके साथ मुख्यमंत्री के निज सचिव का दुर्व्यवहार ये जाहिर करता है कि स्वाति के किसी क्रियाकलाप से मुख्यमंत्री के निज सचिव अवगत थे और उन्होंने इसीलिए स्वाति को मुख्यमंत्री से मिलने से रोका और जब नहीं रुकीं तो जो किया सो सब सीसीटीवी में कैद है। इस घटना के बाद स्वाति आप में रहेंगीं इसमें मुझे संदेह है। मुझे आशंका है कि वे आजकल में ही भाजपा के शरणार्थी शिविर में आश्रय ले सकतीं है।मामला पुलिस के पास पहुँच चुका है और पुलिस मुख्यमंत्री आवास के कार्यालय तक। भाजपा बहुत पहले से वहां पहुंचना चाहती थी, लेकिन रास्ता अब बना, वो भी स्वाति के जरिये। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल भाजपा की आँखों की सबसे बड़ी किरकिरी हैं, और शायद इसीलिए केजरीवाल की जमानत का भाजपा निविरोध किय। गनीमत है कि बड़ी अदालत ने जमानत की आलोचना को दरियादिली के साथ लिया और कुछ कहा नहीं। आखिर में स्वाति भाजपा के काम आयीं और उन्होंने जानबूझकर एक तय पटकथा के तहत जो करना था सो किया। उन्हें इसका फल मिलेगा, न्याय भी मिलेगा लेकिन उन्होंने अपने आपको समाप्त भी कर लिया। अब वे सरस्वती नहीं रहीं। सचमुच की स्वाति से हटकर उनका व्यक्तित्व शून्य बन गया है। आपको बता दें की स्वाति नक्षत्र आकाश मंडल में 15वाँ नक्षत्र होकर इसका स्वामी राहु यानि अधंकार है।स्वाति मालीवाल भी मुमकिन है कि आम आदमी पार्टी का 15 वां नक्षत्र ही हों और उनका स्वामी भी कोई अन्धकार ही हो। कहावत भी है कि जब स्वाति नक्षत्र में ओस की बूँद सीप पर गिरती है तो मोती बनता है। इस बूँद के लिए चातक भी तरसता है और सीप भी। मुमकिन है कि आप भी स्वाति को इतना ही महत्वपूर्ण मानता हो। लेकिन अब आम आदमी पार्टी के लिए स्वाति पहले वाली स्वाति नहीं रही। आम आदमी पार्टी की मंत्री आतिशी ने कहा कि स्वाति मालीवाल के लगाए सारे आरोप झूठे और निराधार है। साजिश के तहत स्वाति को बीजेपी ने भेजा था। स्वाति सीएम हाउस में जबरदस्ती घुसी थी। बीजेपी ने पूरे मामले की साजिश रची है। बिभव पर झूठे आरोप लगाए गए हैं। बिभव कुमार ने स्वाति मालीवाल के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। स्वाति हर पार्टी में है। हर पार्टी का अपनी महिला नेत्रियों के प्रति एक जैसा रवैया होता है। मैंने अपने पांच दशक के पत्रकारिता के जीवन में निकट से जाना है कि चाहे कांग्रेस हो, भाजपा हो, वामपंथी हों, समाजवादी हों या फिर और कोई विचारधारा के दल महिलाओं का केवल इस्तेमाल करते हैं और वक्त आने पर उन्हें दूध में पड़ी मख्खी कीतरह निकाल भी फेंकते है। उन्हें संरक्षण कोई नहीं देता। स्वाति ने भी इस हकीकत को शायद समझा नहीं या समझ लिया तो कुछ ज्यादा ही समझ लिया। स्वाति आम चुनाव के पांचवें चरण के पहले सत्तापक्ष की और से चली गयी एक गोटी भर हैं। जिन्हें उनका इस्तेमाल करना था वे कर चुके हैं और स्वाति को पता भी नहीं चला। अब पुलिस और अदालत स्वाति को जितना न्याय दिला सकती है शायद दिला भी दे किन्तु स्वाति का जो नुक्सान होना था उसकी भरपाई कोईनहीं कर सकता, न भाजपा और न आप। स्वाति को कांग्रेस के जमाने के स्त्री उत्पीड़न के मामले शायद याद नहीं है।वे तंदूर कांड भूल गयीं वे भाजपा के दस साल के कार्यकाल में हुए स्त्री उत्पीड़न की घटनाओं को भी शायद याद नहीं रख पायी। वे मप्र का हनीट्रैप कांड और कर्नाटक का ताजा रेमन्ना कांड भी याद नहीं रख सकीं, और उस पार्टी के खिलाफ इस्तेमाल कर ली गयीं जिस पार्टी ने उन्हें पहचान, रूतबा, पद और पैसा उपलब्ध कराया। वे पीड़िता हैं इसलिए मैं उनके साथ हूँ किन्तु उन्होंने जिस तरह से अपना इस्तेमाल होने दिया उसे देखते हुए मैं उनके साथ नहीं भी हू। वे अब स्वाति नक्षत्र की उस बूँद जैसी हैं जो किसी सीप में पड़े कच्चे माल को मोती में तब्दील नहीं कर सकतीं। वे किस अतृप्त चातक के लिए जीवनदायनी भी साबित नहीं हो सकती। वे द्रोपदी की तरह अपमानित भी हुईं और महाभारत भी नहीं करा पायीं, क्योंकि उनके होने या न होने से अब आप का कोई नुक्सान होने वाला नहीं है। बहरहाल अब आने वाले दिनों में स्वाति को न्याय मिलेगा या नहीं ? भाजपा उन्हें शरण देगी या नहीं ? आप उन्हें अपनाएगी या नहीं ? ऐसे सवाल हैं जिनका जबाब कोई नहीं दे सकता। बस प्रतीक्षा कीजिये की आने वाले दिनों में राजनीति कितनी और बदसूरत हो सकती है। हर दल की स्वातियों को सावधान हो जाना चाहिए और अपने आपको इस्तेमाल होने से बचना चाहिए।

# मोदी के बाद फिलहाल मोदी ही, और कोई नहीं

**-राकेश अचल**

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल बहुत छलिया हैं। उन्होंने भाजपा और आरएसएस के साथ ही प्रधानमंत्री माननीय नरेंद्र दामोदर दास मोदी की दुखती रग को छेड़ दिया है। केजरीवाल ने कहा है कि मोदी जी की तो रिटायरमेंट की उम्र हो चुकी है, उनके बाद कौन उनकी दी जा रही गारंटियां लेगा ? केजरीवाल को ऐसा नहीं कहना चाहिए, क्योंकि मोदी जी आम आदमी पार्टी का नहीं भारतीय जनता पार्टी का अंदरूनी मामला हैं।केजरीवाल की टिप्पणी के बाद पूरी भाजपा बिलबिला गयी है, लेकिन केंद्रीय गृहमंत्री और मोदी जी के हनुमान श्री अमित शाह से नहीं रहा गया। उन्होंने कह ही दिया कि मोदी जी अभी रिटायर होने वाले नहीं हैं, वे 2029 तक देश के प्रधानमंत्री रहेंगे। शाह साहब आखिर मोदी जी के बारे में इससे ज्यादा क्या कहते वे ये तो नहीं कह सकते थे कि मोदी जी 2034 तक प्रधानमंत्री रहेंगे या 2047 तक शाह साहब को खुद नहीं पता कल के बारे में। लेकिन मैं चाहता हूँ कि मोदी जी कब तक प्रधानमंत्री रहेंगे ये भाजपा या शाह या केजरीवाल पर नहीं खुद मोदी जी के ऊपर छोड़ देना चाहिए। कोई उन्हें लालकृष्ण आडवाणी जी की तरह धकियाकर प्रधानमंत्री बने ये मुझे बर्दाश्त नहीं। भारत की राजनीति में जैसे कांग्रेस के राहुल गांधी मोदी जी के सिर पर सवार एक भूत हैं ठीक उसी तरह मोदी जी का भूत राहुल गांधी के ही नहीं बल्कि पूरे विपक्ष और देश की 37 फीसदी आबादी के सिर पर सवार हैं। भूत होना कोई बुरी बात नहीं है। भूत ही अभूतपूर्व होता है। मोदी जी को नाश्ते में हर रोज दो किलो गालियां लगतीं हैं, वे अभूतपूर्व होने पर भी मिल रहीं है और भूतपूर्व होने पर भी आसानी से मिलेंगीं। जैसे मोदी जी दस साल बाद भी हर असफलता के लिए कांग्रेस की सरकार और देश के पहले प्रधानमंत्री से लेकर सत्रहवें प्रधानमंत्री को कोसते रहते हैं, उन्हें भी वही उपचार उपलब्ध रहेगा। दरअसल मोदी जी को लेकर देश ही नहीं पूरी भाजपा और भाजपा की जननी आरएसएस बुरी तरह से उलझ गयी है। दोनों के पास इस सवाल का कोई फौरी जबाब नहीं है कि - मोदी के बाद कौन इस सवाल पर दोनों संस्थाएं मौन हैं। तय है कि मोदीजी के बाद कोई तो होगा किन्तु किसी में इतना साहस नहीं है कि वो मोदी जी के सामने ये घोषणा कर सके कि मोदी के बाद फलां साहब भाजपा की और से प्रधानमंत्री के प्रत्याशी होंगे। ये समस्या ठीक वैसी ही है जैसी कि कांग्रेस में है। कांग्रेस में - राहुल के बाद कौन पर सब मौन रहते हैं। हालाँकि कांग्रेस में राहुल के बाद उनकी बहन खड़ी नजर आतीं है लेकिन भाजपा में तो मोदी के बाद कोसों, मीलों दूर तक केवल और केवल मोदी जी ही दिखाई देते हैं। मुझे तो कभी -कभी लगता है कि आज भी मोदी के आगे या पीछे केवल मोदी जी ही हैं। ठीक उसी तरह जैसे तीतर के आगे दो तीतर, तीतर के पीछे दो तीतर होते हैं यानि आगे तीतर, पीछे तीतर। अब बोलो कितने तीतर भाजपा में मोदी एक नहीं अनेक का प्रतीक हैं। वे अपने पूर्ववर्ती अटल बिहारी बाजपेयी और लालकृष्ण आडवाणी ही नहीं अपितु संघ के संस्थापक से भी ज्यादा महत्वपूर्ण हो जायेंगे। मुझे लगता है कि अरविंद केजरीवाल खामखां माननीय मोदी जी से उलझ रहे हैं। उन्हें खुछ खास हासिल नहीं होगा सिवाय इसके कि वे भी मोदी जी की तरह दिल्ली वालों से अपने लिए तीसरा कार्यकाल मांगेंगे। क्योंकि आम आदमी पार्टी में भी केजरीवाल के बाद कोई नहीं है। और अगर हैं तो इतने हैं कि केजरीवाल के बाद खुद आपस में लड़-भिड़कर समाप्त हो जायेंगे। अपने उत्तराधिकारी के रूप में पत्नी को बैठने की इस परम्परा के लिए भारत की राजनीति माननीय लालू प्रसाद यादव की सदियों तक आभारी रहेगी। लालू जी को इसी अभिनव प्रयोग के लिए भारतरत्न मिलना चाहिए था। बहरहाल अभी लोकसभा चुनाव के तीन चरण शेष हैं। तीन चरण के बाद आठवां चरण मतगणना का होग। इसी के बाद पता चलेगा कि देश को मोदी के किसी उत्तराधिकारी की जरूरत है भी या नहीं वैसे जैसे पति-पत्नी की जोड़ी बनाने का काम ऊपर वाला करता है वैसे ही उत्तराधिकारी बनाने का काम भी किसी न किसी के हाथ में तो होगा ही। अब नेहरू जी कौन सा शास्त्री जी को अपना उत्तराधिकारी घोषित करके गए थे, लेकिन वे नेहरू जी के उत्तराधिकारी बने। ऐसे ही शास्त्री जी के बाद इंदिरा गाँधी को भगवान ने ही शास्त्री जी का उत्तराधिकारी बनाया कि नहीं इंदिरा जी के बाद मोरारजी भाई या चौधरी चरण सिंह को किसी ने भी इंदिरा गाँधी का उत्तराधिकारी नहीं बनाया था लेकिन वे बने।उत्तराधिकार किस्मत से मिलता है। जैसे राजीव गांधी के बाद वीपी सिंह को मिला। वीपी सिंह के बाद चंद्रशेखर, नरसिम्हाराव और अटल बिहारी बाजपेयी को मिला। देवगौड़ा, इंद्रकुमार गुजराल और डॉ मनमोहन सिंह को मिला। खुद नरेंद्र मोदी जी को मिला। ऐसे ही केजरीवाल को परेशान नहीं होना चाहिए कि मोदी जी के बाद कौन उनका उत्तराधिकारी होगा। फिलहाल अगर ताकत है तो पहले मोदी जी को अभूतपूर्व से भूतपूर्व बनाने की जुगत बैठाइये, अन्यथा घर बैठिये।

## आज का राशिफल

| राशि | फल | राशि | फल |
|---|---|---|---|
| मेष | ग्रहों के शुभ योग से लाभ होगा। आपकी कारोबार से जुड़ी सभी योजनाएं सफल होंगी। | तुला | आपके प्रयास सफल होंगे। आपके आसपास काम का का माहौल काफी अच्छा होगा। |
| वृषभ | आज का दिन सुख शांति से बीतेगा। आज ऑफिस में राजनीति से दूर रहें तो आपको सफलता मिलेगी। | वृश्चिक | आज का दिन लाभ से भरा होगा। आज शाम के वक्त डॉक्टर के पास दौड़ना पड़ सकता है। |
| मिथुन | आज लाभ का दिन है और आपको किसी मूल्यवान वस्तु को पाने का मौका मिल सकता है। | धनु | विरोधी आपकी प्रशंसा करेंगे। शासन सत्ता पक्ष से निकटता व गठजोड़ का लाभ भी मिलेगा। |
| कर्क | आज भाग्य साथ दे रहा है और आज आपके लिए उत?तम संपत्ति के संकेत मिल रहे हैं। | मकर | मामलों में सफलता मिलेगी। आजीविका के क्षेत्र में चल रहे नए प्रयास फलीभूत होंगे। |
| सिंह | आमदनी के स्रोत बनेंगे। वाणी की सौम्यता से सम्मान मिलेगा और आपकी प्रसिद्धि बढ़ेगी। | कुंभ | काफी व्यस्तता से भरा होगा और आज आपको दूसरों के लिए भागदौड़ करनी पड़ सकती है। |
| कन्या | आपके लिए भाग्य में वृद्धि के योग हैं। रोजगार व्यापार के क्षेत्र में जारी प्रयास सफल होंगे। | मीन | आज जरूरी काम में बीतेगा और आज किसी काम में आ रही बाधा दूर होगी। |

## विशेष

### बेगानी शादी में अब्दुल्ला दीवाना

दिल्ली के मुख्य मंत्री आवास में आम आदमी पार्टी की संसद सदस्य स्वाति मालीवाल पर हमला हुआ। इसको लेकर भारतीय जनता पार्टी मालीवाल के पक्ष में सड़कों पर आ गई। राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष रेखा शर्मा, वित्त मंत्री सीतारमण सहित, भाजपा के नेता, गोदी मीडिया, दिन भर स्वाति मालीवाल की लड़ाई लड़ रहा है।भाजपा स्वाति का सबसे ज्यादा विरोध करती रही है। वही भाजपा अब उनके पक्ष में ढोल बजा रही है। इसके पीछे कोई ना कोई बात तो होगी। यह भी कहा जा रहा है, भारतीय जनता पार्टी स्वाति मालीवाल के जरिए अरविंद केजरीवाल को ठिकाने लगाने की रणनीति पर काम कर रही है। उसमें वह सफल होती दिख रही है। जल्द ही स्वाति मालीवाल भाजपा में जा सकती हैं। भाजपा इसी तरह नेताओं को तोड़ती है, और अपने पक्ष में लाती है। केजरीवाल के जेल जाने से पहले कोई बड़ा धमाका दिल्ली में होगा। दिल्ली में कहा जा रहा है, बेगानी शादी में अब्दुल्ला दीवाना। स्वाति मालीवाल की चुप्पी, दिल्ली पुलिस की सक्रियता, राष्ट्रीय महिला आयोग की सक्रियता और मीडिया की सक्रियता के पीछे कहीं कोई बड़ी साजिश है। खामियाजा आम आदमी पार्टी और केजरीवाल को भुगतने के लिए तैयार रहना होगा।

### शंकराचार्य को भी डरा रहे हैं सनातनी

ज्योतिष पीठाधीश्वर जगतगुरु शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने कहा है। भाजपा के लोग उन्हें और उनके भक्तों को डराने का काम कर रहे हैं। बनारस के महापौर रात में 2 बजे जाकर आंदोलन के समर्थक शिवकुमार जो बनारस में चुनाव लड़ने जा रहा था। उसके प्रस्तावक और समर्थकों को डराया और धमकाया गया। उसका फॉर्म निरस्त करा दिया गया। इससे शंकराचार्य काफी नाराज और कुपित है। उत्तर प्रदेश में सनातनियों की सरकार है। वही शंकराचार्य को डराने का काम कर रही है। इससे बड़ा आश्चर्य क्या हो सकता है।

## कार्टून कोना





## आज का इतिहास

1483 : बेंकिंघम के ड्यूक को मौत के घाट उतार दिए गए। 1534 : सिख गुरू रामदास का जन्म। 1774 : राबर्ट क्लाइव ने इंग्लैंड में आत्महत्या कर ली। 1847: ब्रिटिश सेना के अधिकारियों की हत्या के बाद दूसरा अफगान युद्ध शुरू हुआ। 1955 : डेविड बेन गुरियन ने इजरायल में सरकार का गठन किया। 1956 : हंगरी वारसा संधि से अलग हुआ। 1964 : सऊदी अरब में शाह फैजूल गद्दी पर बैठे। 1988 : श्रीलंका सरकार ने पूरे देश में रात्रिकालीन कर्फ्यू लागू किया था। 1990 : अयोध्या में हुई गोलीबारी में 8 मरे। 1994 : यूगोल्साव सेना ने क्रोएशिया पर नए सिरे से हमला किया। 1992 : बास्केटबॉल के जाने माने खिलाड़ी मैजिक जानसन ने अवकाश ग्रहण करने की दोबारा घोषणा की। 1994 : मिस्त्र में एक तेल टैंकर में हुए विस्फोट से चार सौ से अधिक लोग मारे गए। 2000 : डीटीएच टेलीविजन सेवा को केंद्र सरकार द्वारा मंजूरी।

## दैनिक पंचांग

**19 मई 2024 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह स्थिति | |
|---|---|
| सूर्य | वृष में |
| चंद्र | कन्या में |
| मंगल | मीन में |
| बुध | मेष में |
| गुरु | वृष में |
| शुक्र | मेष में |
| शनि | कुंभ में |
| राहु | मीन में |
| केतु | कन्या में |

**राहुकाल** 4.30 से 6.00 बजे तक

| लग्नारंभ समय | |
|---|---|
| वृष | 05.01 बजे से |
| मिथुन | 07.03 बजे से |
| कर्क | 09.17 बजे से |
| सिंह | 11.33 बजे से |
| कन्या | 13.45 बजे से |
| तुला | 15.56 बजे से |
| वृश्चिक | 18.10 ब.से |
| धनु | 20.26 बजे से |
| मकर | 22.31 बजे से |
| कुंभ | 00.18 बजे से |
| मीन | 01.51 बजे से |
| मेष | 03.21 बजे से |

**रविवार** 2024 वर्ष का 140 वां दिन
**दिशाशूल** पश्चिम **ऋतु** ग्रीष्म।
**विक्रम संवत्** 2081 **शक संवत्** 1946
**मास** वैशाख **पक्ष** शुक्ल
**तिथि** एकादशी 13.51 बजे को समाप्त।
**नक्षत्र** हस्त 03.16 बजे रात्र को समाप्त।
**योग** वज्र 11.24 बजे को समाप्त।
**करण** विष्टि 13.51 बजे तदनन्तर बव 02.58 बजे रात्र को समाप्त।
**चन्द्रायु** 10.9 घण्टे
**रवि क्रान्ति** उत्तर 19° 50'
**सूर्य** उत्तरायन
**कलि अहर्गण** 1871984
**जूलियन दिन** 2460449.5
**कलियुग संवत्** 5125
**कल्पारंभ संवत्** 1972949123
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123
**वीरनिर्वाण संवत्** 2550
**हिजरी सन्** 1445
**महीना** जिल्काद
**तारीख** 10
**विशेष** मोहिनी एकादशी।

| दिन का चौघड़िया | | | | रात का चौघड़िया | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| उद्वेग | 05.56 | से | 07.23 बजे तक | शुभ | 05.36 | से | 07.09 बजे तक |
| चर | 07.23 | से | 08.51 बजे तक | अमृत | 07.09 | से | 08.41 बजे तक |
| लाभ | 08.51 | से | 10.18 बजे तक | चर | 08.41 | से | 10.14 बजे तक |
| अमृत | 10.18 | से | 11.46 बजे तक | रोग | 10.14 | से | 11.46 बजे तक |
| काल | 11.46 | से | 01.14 बजे तक | काल | 11.46 | से | 01.19 बजे तक |
| शुभ | 01.14 | से | 02.41 बजे तक | लाभ | 01.19 | से | 02.51 बजे तक |
| रोग | 02.41 | से | 04.09 बजे तक | उद्वेग | 02.51 | से | 04.24 बजे तक |
| उद्वेग | 04.09 | से | 05.36 बजे तक | शुभ | 04.24 | से | 05.53 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore



यूपी और बिहार से आने वाले टीवी और फिल्मों के कई सितारे अब तक राजनीतिक पिच पर हाथ आजमा चुके हैं और कई सितारे एक सफल पारी भी खेल चुके हैं। हाल ही में अभिनेता शेखर सुमन ने भी भाजपा का दामन थामा है। गौरतलब है कि शेखर मूल रूप से पटना, बिहार के रहने वाले हैं। शेखर सुमन का यह राजनीति नें पहला कदम नहीं है, इससे पहले भी वह 2009 में कांग्रेस के टिकट से चुनाव लड़ चुके हैं। उन्होंने तब पटना साहिब लोकसभा सीट से भाजपा के टिकट पर लड़ रहे शत्रुघ्न सिन्हा को चुनौती दी थी। हालांकि, इस चुनाव में उन्हें हार का सामना करना पड़ा था। उन्होंने साल 2012 में कांग्रेस से इस्तीफा दे दिया था। हाल ही में भाजपा ज्वॉइन की है।



# शत्रुघ्न सिन्हा, रवि किशन से निरहुआ तक

## यूपी-बिहार के इन फिल्मी कलाकारों ने राजनीति में लहराया परचम

### शत्रुघ्न सिन्हा

बॉलीवुड सुपरस्टार शत्रुघ्न सिन्हा ने अपनी दमदार आवाज और अभिनय से दशकों तक दर्शकों के दिलों पर राज किया। 'शॉटगन' नाम से मशहूर शत्रुघ्न सिन्हा का जन्म बिहार की राजधानी पटना में हुआ था। वह पटना साहिब से 2009 से 2019 तक लगातार दो बार भाजपा सांसद भी रहे। इससे पहले वह वाजपेयी सरकार में केंद्र में मंत्री भी रहे। हालांकि 2019 के चुनाव में उन्हें भाजपा ने पटना साहिब से टिकट नहीं दिया, जिसके बाद वह कांग्रेस के टिकट पर यहां से चुनाव लड़े, लेकिन उन्हें हार मिली। इसके बाद उन्होंने टीएमसी ज्वॉइन की और आसनसोल से उपचुनाव जीतकर सांसद बने। इस चुनाव में भी पार्टी ने उन्हें आसनसोल से प्रत्याशी बनाया है।



### मनोज तिवारी

मनोज तिवारी भोजपुरी फिल्मों के सबसे बड़े स्टार्स में से एक हैं। यूपी के वाराणसी में जन्में मनोज ने फिल्मों और गायकी में बड़ा नाम कमाने के बाद 2009 में राजनीति में एंट्री ली। 2009 में वह सपा के टिकट पर योगी आदित्यनाथ के खिलाफ गोरखपुर से चुनाव लड़े, लेकिन उन्हें हार का सामना करना पड़ा। इसके बाद उन्होंने बीजेपी ज्वॉइन की और उत्तर पूर्वी दिल्ली से सांसद बने। इस बार वह तीसरी बार लगातार इस सीट से मैदान में हैं। वे दिल्ली भाजपा अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी भी संभाल चुके हैं।



### निरहुआ

मनोज तिवारी और रवि किशन की तरह एक और भोजपुरी स्टार निरहुआ ने भी राजनीति में कदम रखा और भाजपा में शामिल हुए। यूपी के गाजीपुर जिले के रहने वाले दिनेश लाल यादव 'निरहुआ' को भाजपा ने 2014 में समाजवादियों के किले आजमगढ़ से मुलायम सिंह यादव के खिलाफ उतारा था। हालांकि, इस चुनाव में उन्हें हार का सामना करना पड़ा था। इसके बाद पार्टी ने उन्हें 2019 में आजमगढ़ से ही अखिलेश यादव के खिलाफ मैदान में उतारा। इस चुनाव में भी उन्हें हार मिली, लेकिन 2022 के उपचुनाव में उन्होंने सपा का किला ध्वस्त करते हुए आजमगढ़ में कमल खिलाया। उन्होंने सपा के धर्मेंद्र यादव को तकरीबन आठ हजार मतों से शिकस्त दी थी। अब एक बार फिर भाजपा ने उन्हें आजमगढ़ से प्रत्याशी बनाया है।

### पवन सिंह



भोजपुरी फिल्मों के स्टार और गायक पवन सिंह भी राजनीति में एंट्री ले चुके हैं। पहले उन्हें भाजपा ने शत्रुघ्न सिन्हा के खिलाफ आसनसोल से प्रत्याशी बनाया था, लेकिन उन्होंने निजी कारणों का हवाला देते हुए टिकट वापस कर दिया था। इसके बाद अब उन्होंने बिहार की कराकाट सीट से निर्दलीय चुनाव लड़ने का फैसला किया है। इस सीट से वह अपना नामांकन भी दाखिल कर चुके हैं।

### रवि किशन

भोजपुरी फिल्मों के स्टार रवि किशन ने कई बॉलीवुड फिल्मों और वेब सीरीज में भी काम किया है। अपने अनोखे अंदाज और अभिनय से अलग पहचान बना चुके रवि किशन ने 2009 में कांग्रेस के टिकट पर जौनपुर से पहला चुनाव लड़ा था। 2019 में वह भाजपा के टिकट पर गोरखपुर से पहली बार संसद पहुंचे। पार्टी ने उन्हें फिर से इसी सीट से उम्मीदवार बनाया है।

# बांग्लादेश की सीमा से सटी असम की

## इस लोकसभा सीट पर क्यों टूटता है मतदान का रिकॉर्ड? इस बार हुई 92 प्रतिशत वोटिंग

**धुबरी लोकसभा सीट के 11 विधानसभा क्षेत्रों में से दो (गौरीपुर और बिरसिंग-जरुआ) में 94 प्रतिशत से थोड़ा ज़्यादा मतदान हुआ। 2019 के लोकसभा चुनाव में, धुबरी में 90.66 प्रतिशत मतदान हुआ, जबकि पूरे देश में 67.4 प्रतिशत मतदान हुआ। भारत के सभी 543 संसदीय क्षेत्रों में धुबरी का मतदान सबसे ज़्यादा रहा। एआईयूडीएफ के बदरुद्दीन अजमल ने 718,764 वोट पाक र चुनाव जीत गए थे। कांग्रेस के अबू ताहिर बेपारी को 492,506 वोट मिले और एजीपी के ज़ाबेद इस्लाम को 399,733 वोट मिले।**



2024 के लोकसभा चुनाव के तीनों चरणों में मतदान प्रतिशत काफी हद तक निराशाजनक रहा है। लेकिन बांग्लादेश की सीमा से सटे असम के एक छोटे से निर्वाचन क्षेत्र ने 7 मई को शानदार प्रदर्शन किया, जहां अनुमानित 92 प्रतिशत तक वोटिंग हुई। ये अब तक हुए चुनाव में किसी एक सीट पर सबसे अधिक है। असम की धुबरी लोकसभा सीट पर मुस्लिम बहुल सीट है। तीनों चरणों में अनुमानित सामान्य वोटिंग प्रतिशत पहले चरण में 66.1प्रतिशत, दूसरे चरण में 66.7 प्रतिशत और तीसरे चरण में 65.58 प्रतिशत रहा। असम (जहां सभी 14 लोकसभा सीटों पर मतदान हो चुका है) में 81.56 प्रतिशत मतदान हुआ, जो राष्ट्रीय औसत से काफी अधिक है। धुबरी लोकसभा सीट के 11 विधानसभा क्षेत्रों में से दो (गौरीपुर और बिरसिंग-जरुआ) में 94 प्रतिशत से थोड़ा ज़्यादा मतदान हुआ। 2019 के लोकसभा चुनाव में, धुबरी में 90.66 प्रतिशत मतदान हुआ, जबकि पूरे देश में 67.4 प्रतिशत मतदान हुआ। भारत के सभी 543 संसदीय क्षेत्रों में धुबरी का मतदान सबसे ज़्यादा रहा। एआईयूडीएफ के बदरुद्दीन अजमल ने 718,764 वोट पाक र चुनाव जीत गए। कांग्रेस के अबू ताहिर बेपारी को 492,506 वोट मिले और एजीपी के ज़ाबेद इस्लाम को 399,733 वोट मिले।

### 2014 में भी मतदान प्रतिशत रहा था हाई

2014 के लोकसभा चुनाव में धुबरी में 88.48 प्रतिशत मतदान हुआ था, जो राष्ट्रीय औसत 66.4 प्रतिशत से 22 प्रतिशत अधिक था। बदरुद्दीन अजमल ने कांग्रेस उम्मीदवार वाजिद अली चौधरी को 2,29,730 वोटों के अंतर से हराया था। उन्हें कुल 43.27 प्रतिशत वोट मिले। बदरुद्दीन को 5,92,569 वोट मिले, जबकि दूसरे नंबर पर रहे वाजिद अली चौधरी को 3,62,839 वोट मिले। तीसरे नंबर पर रहे भाजपा उम्मीदवार देबोमय सान्याल को 2,98,985 वोट मिले थे।

### परिसीमन से धुबरी में कैसे बड़े बदलाव आए?

असम का सबसे पश्चिमी निर्वाचन क्षेत्र होने के कारण धुबरी में अल्पसंख्यक समुदाय की एक बड़ी आबादी रहती है। इस सीट में पश्चिम में बांग्लादेश की सीमा से लगे इलाके शामिल हैं। परिसीमन के बाद पड़ोसी बारपेटा के कई मुस्लिम बहुल इलाके को धुबरी का हिस्सा बना दिया गया है।

### 85 फीसदी बंगाली भाषा मुसलमान

धुबरी लोकसभा सीट पर वर्तमान में 26 लाख से ज़्यादा मतदाता हैं, जो राज्य की सभी 14 लोकसभा सीटों में सबसे ज़्यादा है। कुल मतदाताओं में से 85 प्रतिशत से ज़्यादा बंगाली भाषी मुसलमान हैं। धुबरी के बाद दूसरा सबसे ज़्यादा आबादी वाला क्षेत्र दरांग-उदलगुरी है, जहां 21.87 लाख मतदाता हैं। धुबरी लोकसभा सीट के अंतर्गत मनकाचर से एआईयूडीएफ विधायक अमीनुल इस्लाम ने मीडिया से कहा कि पुराने बारपेटा से 7.84 लाख मतदाता धुबरी में आ गए हैं, जिनमें से 7 लाख से अधिक मुसलमान हैं।

### बांग्लादेश से लगती है सीमा

धुबरी बांग्लादेश के साथ 141.9 किलोमीटर की सीमा साझा करता है और इसके 80 प्रतिशतमतदाता बंगाली मूल के मुसलमान हैं। मीडिया की रिपोर्ट के अनुसार लोगों में नागरिकता की स्थिति को लेकर डर है, जो पिछले दो लोकसभा चुनावों से सबसे अधिक मतदान के कारणों में से एक हो सकता है।

### डी वोटर भी रहते हैं धुबरी में

भारत के चुनाव आयोग के अनुसार 1997 में डी-वोटर (संदिग्ध मतदाता) की एक श्रेणी शुरू की गई थी। डी-वोटर वे लोग थे जिनकी नागरिकता संदिग्ध थी या विवाद में थी। दिसंबर 2023 तक नागरिकता को लेकर असम में 2.44 लाख से ज़्यादा डी-वोटर मामले विदेशी न्यायाधिकरणों को भेजे गए थे। मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने फरवरी में असम विधानसभा को बताया कि राज्य में 96,987 डी-वोटर हैं। डेटा से पता चलता है कि धुबरी में 27,858 डी-वोटर हैं।

**एनआरसी से भी लोगों को डर**- कई लोग नेशनल रजिस्टर ऑफ सिटिजन्स (एनआरसी) से भी डरते हैं, जो 2019 से ही स्थगित है। कुछ बंगाली भाषी मुस्लिम मतदाताओं को लगता है कि अगर वे वोट नहीं देंगे, तो उनका नाम मतदाता सूची से हटा दिया जाएगा।

### पांचवें चरण में गंभीर

# आपराधिक मामले वाले 19 प्रत्याशी

- **कुल 20 करोड़पति हैं उम्मीदवार**

पांचवें चरण में कुल 20 करोड़पति प्रत्याशी हैं। इनमें तृणमूल के छह भाजपा के पांच और माकपा व कांग्रेस का एक-एक प्रत्याशी है। बाकी निर्दलीय व अन्य राजनीतिक दलों के हैं। हुगली लोस सीट से तृणमूल प्रत्याशी बांग्ला फिल्म अभिनेत्री रचना बनर्जी बंगाल में पांचवें चरण में सबसे अमीर प्रत्याशी हैं। उनकी कुल संपत्ति 35 करोड़ रुपये से अधिक की है।

लोकसभा (लोस) चुनाव के पांचवें चरण में बंगाल की सात सीटों पर कुल 88 प्रत्याशी हैं, जिनमें 21 के विरुद्ध आपराधिक मामले दर्ज हैं। इनमें 19 के विरुद्ध गंभीर आपराधक मामले हैं। ऐसे प्रत्याशियों में तृणमूल कांग्रेस के दो, भाजपा के पांच व माकपा के दो शामिल



हैं। पांचवें चरण में कुल 20 करोड़पति प्रत्याशी हैं। इनमें तृणमूल के छह, भाजपा के पांच और माकपा व कांग्रेस का एक-एक प्रत्याशी है। बाकी निर्दलीय व अन्य राजनीतिक दलों के हैं। हुगली लोस सीट से तृणमूल प्रत्याशी बांग्ला फिल्म अभिनेत्री रचना बनर्जी बंगाल में पांचवें चरण में सबसे अमीर प्रत्याशी हैं। उनकी कुल संपत्ति 35 करोड़ रुपये से अधिक की है।

### कल्याण बनर्जी दूसरे सबसे अमीर प्रत्याशी

श्रीरामपुर से तृणमूल प्रत्याशी कल्याण बनर्जी दूसरे सबसे अमीर प्रत्याशी हैं। उनकी कुल संपत्ति 30 करोड़ से अधिक की है। तीसरे स्थान पर बनगांव से निर्दलीय प्रत्याशी सुमिता पोद्दार हैं, जिन्होंने हलफनामे में अपनी कुल संपत्ति 22 करोड़ से अधिक की बताई है।

### 44 प्रत्याशियों ने मात्र पांचवीं से दसवीं तक की पढ़ाई

सबसे गरीब प्रत्याशी बनगांव से निर्दलीय सुरजीत हेम्ब्रम हैं, जिन्होंने कुल संपत्ति मात्र 5,427 रुपये बताई है। 44 प्रत्याशियों ने मात्र पांचवीं से दसवीं तक की पढ़ाई की है। 38 की शिक्षक योग्यता स्नातक व उससे अधिक है। चार ने डिप्लोमा किया है जबकि दो ने खुद को सिर्फ साक्षर बताया है। 17 प्रत्याशियों की उम्र 25 से 40 के बीच है। 54 की उम्र 41 से 60 के बीच है। 17 प्रत्याशी 61 से 80 के बीच के है। पांचवें चरण में कुल महिला प्रत्याशियों की संख्या 14 है। इस चरण में आगामी 20 मई को बनगांव, बैरकपुर, हावड़ा, उलबेडिया, श्रीरामपुर, हुगली व आरामबाग सीटों पर वोट पड़ेंगे।



# नौकरी के साथ करें ये काम, 1 घंटे में होगी अच्छी कमाई

**पैसे की जरूरत सभी को होती हैं। ऐसे में कई बार सैलरी के बाद भी हमें एक्स्ट्रा पैसों चाहिए होते हैं। हालांकि आप चाहे तो पार्ट टाइम काम करके भी काफी पैसे कमा सकती हैं। आज हम आपको बताएंगे कि कैसे आप 1 घंटे पार्ट टाइम काम करके महीने के हजारों रुपये कमा सकती हैं।**

### कंटेंट राइटर

कंटेंट राइटर की जरूरत सभी कंपनी को होती है। ऐसे में आप चाहे तो डेली का एक घंटा कंटेंट राइटर के तौर पर नौकरी कर सकती हैं। हिंदी या अंग्रेजी किसी भी भाषा में आप कंटेंट लिखकर पोस्ट कर सकती हैं। एक लेख के लिए आप चाहे तो हजारों रुपये चार्ज कर सकती हैं।

### वीडियो एडिटिंग

वीडियो एडिटिंग का भी आप काम कर सकती हैं। अगर आपको वीडियो एडिटिंग का काम आता है तो किसी भी कंपनी के लिए या इंफ्लूएंसर के लिए आप वीडियो एडिटिंग का काम कर सकती हैं। वीडियो एडिटिंग के जरिए आप किसी एक वीडियो के लिए हजारों रुपये चार्ज कर सकती हैं।

### कोचिंग क्लास

अगर आपका किसी भी विषय में अच्छी पकड़ है तो आपको उस विषय का बच्चों को कोचिंग क्लास देना चाहिए। इसके जरिए भी आप चाहे तो काफी अच्छी कमाई कर सकती हैं। एक घंटे की कोचिंग क्लास में आप चाहे तो 10 से 12 बच्चों को एक साथ ऑनलाइन क्लास दे सकती हैं। अगर आप प्रति स्टूडेंट 2 हजार भी चार्ज करती हैं तो आप काफी पैसे कमा सकती हैं।

### ट्विटर अकाउंट करें मैनेज

किसी सेलिब्रिटी का आप ट्विटर अकाउंट भी मैनेज करके हजारों रुपये कमा सकती हैं। आपको केवल उनके तरफ से खास और इंटरेस्टिंग पोस्ट करना होगा। इस काम को करने के लिए आपको केवल 1 घंटे का समय चाहिए। इसके बदले आप हजारों रुपये की कमाई कर सकती हैं।





# नौकरी करते हुए भी ऐसे कमा सकते हैं ज्यादा पैसे जानें क्या करना होगा

**नौकरी करते समय भी सैलरी से ज्यादा पैसे कमाने के कई तरीके हैं, एंजेल इन्वेस्टमेंट और शेयर बाजार और म्यूचुअल फंड में इन्वेस्ट करके पैसिव इनकम कमा सकते हैं।**

आज के दौर में, महंगाई बढ़ रही है और खर्च भी बढ़ते जा रहे हैं। ऐसे में केवल सैलरी पर निर्भर रहना मुश्किल हो सकता है। इसलिए, एक्स्ट्रा इनकम के स्रोत ढूंढना बेहतर विकल्प हो सकता है। इसके साथ ही आपके एंप्लॉयर को भी कोई ऐतराज नहीं होगा। अपनी स्किल्स और अनुभव का इस्तेमाल करके ऑनलाइन या ऑफलाइन फ्रीलांसिंग काम कर सकते हैं। नौकरी करते समय भी सैलरी से ज्यादा पैसे कमाने के कई तरीके हैं, इनमें से कुछ तरीके ये हैं ब्लॉगिंग, सोशल मीडिया पर पेड प्रमोशन, स्टॉक मार्केट में ट्रेडिंग, फ्रीलांसिंग, लेखन, वीडियो अपलोड करना, ईमेल मार्केटिंग, एफिलिएट मार्केटिंग एंजेल इन्वेस्टमेंट, दोस्तों-रिश्तेदारों को लोन देना, म्यूचुअल फंड, ज्योतिष या टैरो परामर्श देना, डिजिटल पाठ्यक्रम या ई-किताबें बनाना और बेचना वर्चुअल ट्यूशन या कोचिंग सत्र आयोजित करना, ऑनलाइन सर्वेक्षणों में हिस्सा लेना, स्टॉक फ़ोटोग्राफ़ी या वीडियो बनाना और बेचना, पॉडकास्ट लॉन्च करना और वेबसाइट डोमेन नाम खरीदना और बेचना। इनके अलावा, आप ये काम भी कर सकते हैं

- ऑनलाइन पढ़ाना
- वेब डिज़ाइन
- वीडियो एडिटिंग
- ऑनलाइन सर्वेक्षणों में हिस्सा लेना
- फ़ोकस समूहों में शामिल होना
- टेम्पलेट और प्रीसेट जैसे डिजिटल उत्पाद बनाना और बेचना
- ई-किताबें लिखना और उन्हें अमेजन किंडल पर बेचना

### दोस्त या रिश्तेदार को लोन देकर ज्यादा ब्याज कैसे कमाएं?

एफडी में निवेश करने पर आपको 7-8 फीसदी से ज्यादा ब्याज नहीं मिलता है, जबकि लोन पर आप 10-11 फीसदी ब्याज वसूल सकते हैं। लोन की रकम, ब्याज दर, चुकौती की अवधि और शर्तों आदि का उल्लेख करते हुए एक लिखित समझौता जरूर करें। यह समझौता दोनों पक्षों के हितों की रक्षा करेगा और किसी भी विवाद से बचाएगा। ब्याज दर तय करते समय बाजार की ब्याज दरों का ध्यान रखें। बहुत ज्यादा ब्याज दर लगाने से आपका रिश्ता खराब हो सकता है। अगर आप बड़ी रकम उधार दे रहे हैं, तो कानूनी सलाह लेना भी उचित होगा।

### एंजेल इन्वेस्टमेंट हो सकता है बेहतर ऑप्शन

एंजेल इन्वेस्टमेंट, किसी व्यक्ति द्वारा किसी कंपनी में निवेश करने की प्रक्रिया है। आम तौर पर, यह निवेश किसी स्टार्टअप कंपनी में होता है जो विकास के शुरुआती चरण में होती है। एंजेल इन्वेस्टर, कंपनी में इक्विटी के बदले में निवेश करते हैं। एंजेल इन्वेस्टर, कंपनी की संपत्ति पर कोई दावा नहीं करते और इसलिए, उनकी पूंजी असुरक्षित होती है। एंजेल इन्वेस्टर, कंपनी को सफल होने में मदद करने के लिए सलाह या प्रत्यक्ष प्रबंधन सहायता भी देते हैं। इन सबके साथ पैसे के लेन-देन को अपने रिश्ते से अलग रखें।

### एंजेल नेटवर्क क्या करता है?

एंजेल नेटवर्क, कई एंजेल निवेशकों का एक समूह होता है। यह पूंजी निवेश से आगे निकलकर, स्टार्टअप्स को उद्योग विशेषज्ञता, सलाह, और मार्गदर्शन भी देता है। इससे स्टार्टअप्स को चुनौतियों से निपटने और सूचित फैसले लेने में मदद मिलती है। एंजेल नेटवर्क से फंडिंग पाने से स्टार्टअप की विश्वसनीयता बढ़ जाती है। इससे स्टार्टअप के लिए बाद के चरण में निवेश आकर्षित करना आसान हो जाता है। एंजेल नेटवर्क, नेटवर्किंग के अवसरों को सुविधाजनक बनाते हैं और स्थानीय स्टार्टअप सिस्टम में योगदान करते हैं। शेयर बाजार और म्यूचुअल फंड में इन्वेस्ट करके पैसिव इनकम कमाने के ये मुख्य तरीके हैं -

- डिविडेंड पाना
- पोर्टफोलियो के स्टॉक पर लाभांश या बॉन्ड के ब्याज से कमाई
- वितरित सेक्युरिटीज़ को लाभ पर बेच कर पूंजीगत लाभ

शेयर बाजार में इन्वेस्ट करने के लिए, सही समय पर बाजार में प्रवेश करना जरूरी है। सबसे कम कीमत पर शेयर खरीदने से संभावित लाभ बढ़ता है। वहीं, जब शेयर की कीमत सबसे ज्यादा हो, तब उसे बेचना फायदेमंद होता है। कुछ कंपनियां अपने शेयरधारकों को डिविडेंड के रूप में लाभांश का भुगतान करती हैं। डिविडेंड एक निश्चित राशि या कंपनी के मुनाफे का एक प्रतिशत हो सकता है।

म्यूचुअल फंड में इन्वेस्ट करने के लिए, 500 या 1,000 रुपये की SIP से शुरुआत की जा सकती है। इसमें साप्ताहिक, मंथली, तिमाही, या सालाना आधार पर SIP के विकल्प मिलते हैं। इसके साथ ही डायरेक्ट प्लान के तहत, सीधे म्यूचुअल फंड की वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन निवेश किया जा सकता है। एडवाइजर, ब्रोकर या डिस्ट्रीब्यूटर के जरिए भी पैसा लगाया जा सकता है। डायरेक्ट निवेश में फंड हाउस को कम चार्ज देना होता है। म्यूचुअल फंड में इन्वेस्टमेंट से होने वाली कमाई, पोर्टफोलियो के स्टॉक पर लाभांश या बॉन्ड के ब्याज से होती है।







# कैरियर के लिहाज से अपेक्षाकृत बेहतर विकल्प है फ्रीलांसिंग

**देखा जाए तो फ्रीलांसिंग कैरियर के लिहाज से अपेक्षाकृत एक बेहतर विकल्प है। इसमें कंपनियों को इंप्लाइज का बोझ नहीं होता और जरूरत के अनुसार वह एम्पलाई (फ्रीलान्सर्स) से काम ले सकते हैं, बिना किसी लायबिलिटी के!**

फ्रीलांसिंग की दुनिया भारत में बेशक बहुत समृद्ध ना रही हो, किंतु विश्व भर में इसका बड़ा प्रचलन है। एक से एक बड़ी वेबसाइटें इसका न केवल कारोबार करते हैं, बल्कि बड़ी से बड़ी और छोटी से छोटी कंपनियां फ्रीलांसर्स के माध्यम से अपने प्रोडक्ट और सर्विसेज को अपने टारगेट ऑडियंस तक पहुंचाती रही हैं। देखा जाए तो फ्रीलांसिंग कैरियर के लिहाज से अपेक्षाकृत एक बेहतर विकल्प है। इसमें कंपनियों को इंप्लाइज का बोझ नहीं होता और जरूरत के अनुसार वह एम्पलाई (फ्रीलान्सर्स) से काम ले सकते हैं, बिना किसी लायबिलिटी के! वहीं इंप्लाइज को भी इससे काफी फायदा होता है, क्योंकि एक फ्रीलांसर के तौर पर उनके पास आजादी होती है तो घर बैठे कार्य करने की सहूलियत भी उन्हें मिल पाती है। वह किसी एक कंपनी से बंधे नहीं रहते हैं, बल्कि अपॉर्चुनिटी के आधार पर और अपनी योग्यता के आधार पर ना केवल वह कार्य कर सकते हैं बल्कि उसी अनुरूप वह पेमेंट ले सकते हैं, और अपनी ग्रोथ सुनिश्चित कर सकते हैं। अगर किसी व्यक्ति के पास ऑप्शन होता है तो वह निश्चित ही घर से कार्य करना चाहेगा। वह निश्चित ही फ्रीलांसिंग करना चाहेगा और ऐसा उसे करना भी चाहिए, क्योंकि ट्रेवल करते समय, ऑफिस जाते समय उसे कहीं ज्यादा खतरा होगा, बजाय घर बैठे फ्रीलांसिंग करने के!

### पोर्टफोलियो बनाना आवश्यक

फ्रीलांसिंग की दुनिया अनुभव के आधार पर चलती है। इसमें अनजान लोग आपको मिलते हैं और उन्हीं के माध्यम से आप अपने कार्य को आगे बढ़ाते हैं। ऐसे में अगर आपके पास पहले से पोर्टफोलियो तैयार ना हो, बेशक आप उस कार्य में जितने भी पारंगत क्यों ना हों, तो आपके लिए कार्य प्राप्त करना मुश्किल हो जाता है। इसीलिए अपने पोर्टफोलियो पर ज्यादा ध्यान दें। शुरुआत में बेशक आपको किसी वेबसाइट पर कम पैसे मिले, लेकिन पोर्टफोलियो बन जाने और कस्टमर रिव्यु मिलने के बाद आप मनचाहे रेट पर कार्य कर सकते हैं।

### टाइमली डिलीवरी पर रहे ध्यान

ऑनलाइन फ्रीलांसिंग कार्य करने वालों से जो सबसे ज्यादा उम्मीद की जाती है, वह है किसी कार्य की टाइमली डिलीवरी! जी हाँ! अगर आप तय समय पर किसी चीज को डिलीवर करने का वादा करते हैं, बेशक वह कोई पोस्टर हो, कोई वेब डिजाइनिंग हो, कोई मोबाइल एप्लीकेशन हो या कोई आर्टिकल ही क्यों न हो, तो आपको निश्चित समय पर उसकी डिलीवरी सुनिश्चित करनी चाहिए। इसी प्रकार पैसे इत्यादि की शर्तें बेहद साफ होनी चाहिए, क्योंकि अगर कहीं कोई कस्टमर शिकायत करता है या गलत रिव्यु लिखता है तो संबंधित वेबसाइट पर आपकी प्रोफाइल के खराब होने का डर रहता है। खासकर जब एक से अधिक बार कस्टमर रिव्यु खराब मिलने पर नए कस्टमर आपसे जुड़ने से बचने लगेंगे, जो किसी भी फ्रीलांसर के लिए घातक होता है।

### इंटरनेशनल मार्किट के लिए अंग्रेजी सीखें

यह कोई अनिवार्यता नहीं है, किंतु अगर आप लगातार इंग्लिश सीखते रहते हैं तो आपको बाकी दुनिया से कनेक्टिविटी बनाने में आसानी रहती है। बल्कि कई फ्रीलांसिंग वेबसाइट तो इसी आधार पर आपको कार्य देती हैं कि आपकी अंग्रेजी का ज्ञान बेहतर है। अगर अंग्रेजी पढ़ने, लिखने और बोलने में आप सिद्धस्त हैं तो आप आसानी से क्लाइंट की बातों को न केवल समझ पाएंगे बल्कि कम्युनिकेशन के माध्यम से उसे प्रभावित भी कर सकेंगे। ऐसे में बेशक अभी आपकी अंग्रेजी बेहतर ना हो, लेकिन अगर आप फ्रीलांसिंग वर्ल्ड में गंभीरता से अपना कैरियर बनाना चाहते हैं, तो अंग्रेजी बेहतर करने की ओर आपका ध्यान लगातार बने रहना चाहिए।



# फाइनेंस मैनेजमेंट से जुड़े क्षेत्र में बनाएं कॅरियर

आज के समय में हर छोटी से लेकर बड़ी कंपनियों को अपने पैसे का प्रबंधन बेहद सावधानी से करना पड़ता है। उन्हें मनी मैनेजमेंट कुछ इस तरह करना होता है, ताकि वह अपने लक्ष्यों को आसानी से पूरा कर सकें और लाभ भी कमा सकें। इस लक्ष्यों को पूरा करने व वित्त संबंधी योजनाओं को बनाने के लिए उन्हें एक एक्सपर्ट की जरूरत होती है। यही कारण है कि पिछले कुछ समय में फाइनेंशल एक्सपर्ट्स की डिमांड काफी बढ़ी है। अगर आपको लगता है कि आप पैसे का प्रबंधन बेहद ही कुशलतापूर्वक कर सकते हैं तो इस क्षेत्र में कदम बढ़ा सकते हैं। तो चलिए जानते हैं कैसे बनें एक फाइनेंशियल एक्सपर्ट-

### क्या होता है काम

एक फाइनेंशियल एक्सपर्ट का मुख्य काम कंपनी की लागत में कटौती करके उनके लाभ को अधिकतम करना होता है। वे कंपनी की पॉलिसी और उनके लक्ष्यों के आधार पर आय और व्यय की योजनाएं बनाते हैं। ये वास्तव में एक फाइनेंशियल डॉक्टर होते हैं, जो किसी व्यक्ति या संगठन के फाइनेंशियल हेल्थ की देखभाल करने के लिए जिम्मेदार हैं, वित्तीय लक्ष्यों की क्रमबद्ध और व्यवस्थित उपलब्धि सुनिश्चित करते हैं। वित्तीय रिपोर्ट तैयार करना, निवेश गतिविधियों का मार्गदर्शन और समग्र धन प्रबंधन एक वित्तीय प्रबंधक के प्रमुख कर्तव्य हैं। वे वित्तीय रणनीतियों को विकसित करके अपने स्थायी लक्ष्यों को प्राप्त करने में संगठन की मदद करते हैं। अगर किसी कंपनी का वित्तीय प्रबंधन बेहतर होता है तो मुश्किल हालातों में भी कंपनी का अस्तित्व संकट में नहीं आता।

एजुकेशन एक्सपर्ट्स कहते हैं कि फाइनेंस मैनेजमेंट के क्षेत्र में कॅरियर देख रहे छात्रों के पास वित्तीय विश्लेषण व रचनात्मक सोच का होना बेहद जरूरी है। इसके अलावा उनके पास अच्छा संचार व इंटरपर्सनल स्किल्स होना चाहिए। इतना ही नहीं, उन्हें वर्तमान वैश्विक-राष्ट्रीय वित्तीय परिदृश्य के बारे में ज्ञान को हमेशा अपडेट करते रहना चाहिए। साथ ही अच्छे गणितीय और विश्लेषणात्मक कौशल, नवीनतम कंप्यूटर प्रौद्योगिकी का ज्ञान, समस्या-समाधान, निर्णय लेने और संगठन कौशल उनके काम को काफी आसान बनाता है। चूंकि वित्तीय प्रबंधकों को एक फर्म में विभिन्न विभागों के साथ बड़े पैमाने पर काम करना पड़ता है, इसलिए व्यवसाय की व्यापक समझ आवश्यक है। किसी भी विदेशी भाषा में प्रवीणता इस पेशे में एक अतिरिक्त लाभ है।

### योग्यता

भारत के अधिकांश बिजनेस स्कूल में एमबीए की पढ़ाई के दौरान फाइनेंस को अलग से पढ़ाया जाता है। इस प्रोग्राम में एडमिशन लेने के लिए छात्र का ग्रेजुएट होना जरूरी है। एमबीए के अलावा आप इस क्षेत्र में सर्टिफिकेट, डिप्लोमा, ग्रेजुएट व पोस्टग्रेजुएट कोर्स करके भी बतौर प्रोफेशनल काम कर सकते हैं। फाइनेंस मैनेजमेंट से संबंधित पाठ्यक्रमों में से कुछ चार्टर्ड फाइनेंशियल एनालिसिस (सीएफए), चार्टर्ड अकाउंटेंसी, कॉस्ट एंड मैनेजमेंट अकाउंटेंसी, सर्टिफाइड ट्रेजरी मैनेजर कोर्स, सर्टिफाइड पब्लिक अकाउंटेंट कोर्स, सर्टिफाइड इन्वेस्टमेंट बैंकर कोर्स, सर्टिफाइड रिस्क एंड इंश्योरेंस मैनेजमेंट कोर्स आदि हैं। इन कोर्स को ज्वॉइन करने के लिए कामर्स या इकोनॉमिक्स में ग्रेजुएशन होना अनिवार्य है।

### संभावनाएं

इस क्षेत्र में अवसरों की कोई कमी नहीं है। सरकारी एजेंसियां, निजी कॉर्पोरेट और वित्तीय संगठन जैसे बैंक और बीमा उद्योग आदि अपने प्रतिष्ठानों में वित्तीय प्रबंधकों को नियुक्त करते हैं। यहां तक कि दान संगठनों जैसे गैर-लाभकारी संगठनों को भी एक वित्त प्रबंधकों की आवश्यकता होती है। हालांकि वित्त में एक संभावित उम्मीदवार से यह उम्मीद की जाती है कि वह किसी बड़े कॉर्पोरेट में जाने से पहले किसी भी छोटे संगठनों में कुछ पेशेवर अनुभव हासिल करे। कुछ वर्षों के अनुभव के बाद आप सिर्फ भारत ही नहीं, बल्कि विदेशों में भी जॉब की तलाश कर सकते हैं।

कॅरियर कोच कहते हैं कि इस क्षेत्र में आमदनी आपके कार्य कौशल और अनुभव के आधार पर बढ़ती जाती है। एमबीए करने के पश्चात एक फ्रेशर 10000 से 30000 रूपए प्रतिमाह आसानी से कमा सकता है। वहीं कुछ वर्षों के अनुभव के बाद आपकी आमदनी 50000 रूपए से लेकर लाखों रूपए प्रतिमाह तक हो सकती है। वहीं एक इंडिपेंडेंट फाइनेंशियल प्लानर घंटों के हिसाब से कंसल्टेंशन चार्ज लेते हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### विदेशी मुद्रा भंडार में बड़ा उछाल, बढ़कर 644.15 अरब डॉलर पर पहुंचा



**नई दिल्ली, एजेंसी।** विदेशी मुद्रा भंडार में लगातार इजाफा हो रहा है। आपको बता दें कि देश का विदेशी मुद्रा भंडार 10 मई को समाप्त सप्ताह में 2.56 अरब डॉलर बढ़कर 644.15 अरब डॉलर रहा। भारतीय रिजर्व बैंक ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। इससे पिछले सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 3.67 अरब डॉलर बढ़कर 641.59 अरब डॉलर रहा था। इसके पहले लगातार तीन सप्ताह इसमें गिरावट आई थी। पांच अप्रैल को समाप्त सप्ताह में देश का मुद्रा भंडार 648.56 अरब डॉलर के नए सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया था। रिजर्व बैंक के आंकड़ों के मुताबिक, 10 मई को समाप्त सप्ताह में मुद्रा भंडार का अहम हिस्सा मानी जाने वाली विदेशी मुद्रा आस्तियां 1.49 अरब डॉलर बढ़कर 565.65 अरब डॉलर हो गईं। डॉलर के संदर्भ में उल्लेखित विदेशी मुद्रा आस्तियों में विदेशी मुद्रा भंडार में रखे गए यूरो, पाउंड और येन जैसी गैर-अमेरिकी मुद्राओं की घट-बढ़ का प्रभाव शामिल होता है। रिजर्व बैंक ने कहा कि समीक्षाधीन सप्ताह के दौरान स्वर्ण आरक्षित भंडार का मूल्य 1.07 अरब डॉलर बढ़कर 55.95 अरब डॉलर हो गया। विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) 50 लाख डॉलर बढ़कर 18.06 अरब डॉलर हो गया। रिजर्व बैंक के मुताबिक समीक्षाधीन सप्ताह में अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष (आईएमएफ) के पास भारत की आरक्षित जमा 40 लाख डॉलर घटकर 4.495 अरब डॉलर रह गई।


### निवेशकों का देश बन रहा भारत, पूंजीगत बाजार बनेगा विकास का इंजन : उदय कोटक



**नई दिल्ली, एजेंसी।** कोटक महिंद्रा बैंक के संस्थापक और नॉन एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर उदय कोटक ने कहा कि भारत तेजी से निवेशकों का देश बन रहा है। यह बदलाव काफी उत्साहजनक है। पैनल में बातचीत के दौरान कोटक ने कहा कि अगर भारत को अपने भविष्य को वित्त पोषित करना है तो पूंजीगत बाजार इसके लिए एक विशाल इंजन है। ये बातें उन्होंने भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) की वार्षिक बिजनेस समिट में कही। उन्होंने आगे कहा कि म्यूचुअल फंड में एसआईपी तेजी से बढ़ रही है और एयूएम में भी काफी तेजी से इजाफा हो रहा है। हमें पूंजी आधारित बाजार बनाने की इच्छा को लेकर स्पष्ट होना होगा लेकिन हम बाजार की स्थिरता को नहीं छोड़ सकते। हमने अपने बाजारों में वृद्धि देखी है। हमें फंडामेंटल का ध्यान रखना होगा, क्योंकि स्टॉक बाजार का आखिरी उद्देश्य पूंजी बनाना होता है। इसलिए, अटकलें, लेन-देन, मात्रा में वृद्धि इस मूलभूत लक्ष्य के लिए महत्वपूर्ण साधन हैं कि यह देश के विकास के लिए पूंजी जुटाने की इच्छुक कंपनियों के लिए इंजन होनी चाहिए। कोटक ने आगे कहा कि भारत में निवेशकों का विकास होना चाहिए और उन्हें शेयर बाजार में पूंजी बनाने के पूरे मौके मिलने चाहिए। जोखिम को कम करने के लिए मध्यस्थता होना भी शेयर मार्केट के विकास के लिए अनिवार्य है।

# 15 करोड़ का झटका हिला नहीं पाया, 60 साल की उम्र में खड़ी कर दी 2,000 करोड़ की कंपनी!

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कृष्णदास पॉल दुनिया में नहीं हैं, लेकिन आज भी वह लोगों को प्रेरित करते हैं। उन्होंने साबित किया है कि उम्र सिर्फ एक संख्या है। तीन दशक तक फैमिली डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी में काम करने के बाद उन्होंने 60 साल की उम्र में अपना खुद का कारोबार शुरू करने का साहसिक फैसला लिया था। अपने तीन बच्चों जयिता, अर्पण और शर्मिष्ठा के नाम पर उन्होंने अपनी कंपनी का नाम एसएजे रखा। साल 2000 में उन्होंने बिस्क फार्म के साथ अपनी कारोबारी यात्रा शुरू की थी। कृष्णदास पॉल को 2004 में एक बड़ा झटका लगा था। इससे उन्हें 15 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ था। हालांकि, उन्होंने हिम्मत नहीं हारी। अपना फोकस पूर्वी भारत की ओर लगाया।




कृष्णदास पॉल के कारोबार में अलग-अलग स्वाद वाले सात नए बिस्किट की किस्मों की शुरुआत एक महत्वपूर्ण मोड़ थी। पश्चिम बंगाल, झारखंड, बिहार और ओडिशा के लोगों ने उनके उत्पादों का गर्मजोशी से स्वागत किया। साल 2020 में कोरोना महामारी के शुरुआती चरण में कृष्णदास पॉल का निधन हो गया था। पिता के निधन के बाद अर्पण पॉल ने कारोबारी विरासत को आगे बढ़ाते हुए एक्जीक्यूटिव चेयरमैन की भूमिका निभाई। बिस्क फार्म ने दृढ़ निश्चय और रणनीतिक सूझबूझ के जरिये 40त्न मार्केट शेयर हासिल किया।

### करोड़ों की बन गई कंपनी

इस सफलता ने कंपनी को पूर्वी भारत में एक प्रमुख खिलाड़ी बनने के लिए प्रेरित किया। 2008 तक कंपनी की बिक्री 200 करोड़ रुपये तक पहुंच गई थी। यह 2021 तक बढ़कर 1,250 करोड़ रुपये हो गई। बिस्क फार्म ने बिस्कुट, केक, कुकीज, रस्क, वेफर और स्नैक्स सहित उत्पादों की बड़ी रेंज पेश करके अपार लोकप्रियता हासिल की। रिच मैरी, शुगर-फ्री मैरी, पेटिट ब्यूरे और द टॉप जैसे लोकप्रिय आइटमों ने इस लोकप्रियता में योगदान दिया। 2023 तक कंपनी ने 2100 करोड़ रुपये का कारोबार हासिल किया था।

## भारत के युवा कारोबारियों का बजा डंका, फोर्ब्स की लिस्ट में बनाई जगह



**नई दिल्ली, एजेंसी।** देश में युवा कारोबारियों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। ये युवा उद्यमी सफलता की नई ऊंचाईयों को छू रहे हैं। अब देश के कई युवा कारोबारियों ने फोर्ब्स की लिस्ट में जगह बनाई है। ये सभी युवा उद्यमी 30 साल से कम उम्र के हैं। दरअसल फोर्ब्स ने 30 अंडर 30 एशिया का 9वां एडीशन जारी किया है। इसमें कई क्षेत्रों से जुड़े युवाओं को शामिल किया गया है। फोर्ब्स की इस लिस्ट में भारत के भी कई युवा कारोबारी शामिल हुए हैं। इस सूची में 30 साल से कम उम्र के युवा उद्यमी, नेता और ऐसे लोग शामिल हैं, जो एशिया-प्रशांत क्षेत्र में नवाचार को बढ़ावा दे रहे हैं और इंडस्ट्री में बदलाव ला रहे हैं। आईए आपको बताते हैं इस लिस्ट में भारत के कौन से युवा कारोबारियों ने जगह बनाई है।

फिनटेक कंपनी ट्रांसेक इंडिया क्रिप्टोकरेंसी को वीजा डेबिट कार्ड में ट्रांसफर करने की सुविधा देती है। फोर्ब्स की लिस्ट में ट्रांसेक इंडिया के फाउंडर येशु अग्रवाल को शामिल किया गया है। येशु अग्रवाल 29 साल के हैं। कपल के फाउंडर श्रीनिवास सरकार और क्रेडिट वाइज कैपिटल के 29 वर्षीय आलेश अवलानी के नाम भी इस लिस्ट में शामिल हैं। अर्थ चौधरी, देववंत भारद्वाज और ओशी कुमारी ने भी इस लिस्ट में जगह बनाई है। इन्होंने साल 2020 में एक भारतीय ड्रोन स्टार्टअप इनसाइडएफपीवी की स्थापना की थी।

# चुनाव बाद 5जी पर वोडाफोन आइडिया का है तगड़ा प्लान, 25 तक जाएगा शेयर!

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कर्ज में डूबी टेलीकॉम कंपनी वोडाफोन आइडिया ने चुनाव बाद अपने कारोबार विस्तार पर फोकस करने का प्लान बनाया है। कंपनी के सीईओ के मुताबिक छह महीने में चुनिंदा शहरों और जगहों पर 5जी सेवाओं की पेशकश करने की योजना बनाई जा रही है। इस खबर के बीच सप्ताह के स्पेशल ट्रेडिंग डे यानी शनिवार को शेयर की कीमत 13.40 रुपये पर थी। एक दिन पहले के मुकाबले शेयर में करीब एक फीसदी की तेजी देखने को मिली। हालांकि, शेयर पर एक्सपर्ट बुलिश भी हैं।

### क्या है प्लान

वोडाफोन आइडिया के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) अक्षय मूंदड़ा ने कहा कि अगले तीन वर्षों में 4जी नेटवर्क के विस्तार और मजबूती पर ध्यान देने के साथ कंपनी का पूंजीगत व्यय 50,000-55,000 करोड़ रुपये के बीच रहने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता 4जी कवरेज है क्योंकि मेरी नजर में इस इकलौती वजह से हम लगातार ग्राहक गंवा रहे हैं। उस पूंजीगत व्यय में काफी तेजी लाई जाएगी।

मूंदड़ा ने कहा, हम उम्मीद करते हैं कि अब से छह महीने में हमें 5जी को बड़े पैमाने पर शुरू करना चाहिए। मुख्य जोर मुख्य शहरों या अन्य क्षेत्रों पर होगा जहां 5जी उपकरणों की बड़ी मौजूदगी है। यह बाजार विकसित होने के साथ ही हम निवेश करेंगे। उन्होंने कहा कि कंपनी का निवेश प्रतिस्पर्धी होने के लिए 17 प्राथमिकता वाले सर्किलों में कवरेज के विस्तार और मजबूत करने पर केंद्रित होगा।

### शेयर पर एक्सपर्ट की राय

घरेलू ब्रोकरेज कोटक सिक्योरिटीज के मुताबिक कंपनी आम चुनाव के बाद जून 2024 में 20 प्रतिशत टैरिफ बढ़ोतरी की उम्मीद के अलावा दिसंबर 2025 में 10 प्रतिशत के मुकाबले 15 प्रतिशत टैरिफ बढ़ोतरी की योजना बना रही है। ब्रोकरेज ने कहा कि हमारा आउटलुक बुल केस में 23 रुपये है।

## भारत-ब्रिटेन ने रणनीतिक वार्ता में एफटीए पर जताई प्रतिबद्धता, 2030 के रोडमैप की हुई समीक्षा



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत और ब्रिटेन ने एक बार फिर दोनों देशों के बीच मुक्त व्यापार समझौते को लेकर अपनी प्रतिबद्धता जताई। भारत और ब्रिटेन के बीच सालाना होने वाली रणनीतिक बातचीत के लिए भारत के विदेश सचिव विनय क्वात्रा ब्रिटेन दौरे पर हैं। इस दौरान क्वात्रा ने ब्रिटेन के विदेश, कॉमनवेल्थ एंड डेवलपमेंट ऑफिस के स्थायी अवर सचिव सर फिलिप बार्टन से मुलाकात की। इस मुलाकात के बाद सर फिलिप बार्टन ने कहा कि दोनों देशों के बीच मुक्त व्यापार समझौते को लेकर प्रतिबद्धता जताई गई। साथ ही साल 2030 के रोडमैप की समीक्षा भी की गई।

### 2030 के रोडमैप की हुई समीक्षा

सर फिलिप बार्टन ने कहा कि 2030 के रोडमैप की समीक्षा के दौरान दोनों देशों के प्रतिनिधियों ने माना कि जनवरी में हुई बैठक के बाद इस दिशा में अच्छी प्रगति हुई है। जिसके तहत दुनिया की पहली मलेरिया वैक्सीन पर सहयोग बढ़ा है, साथ ही दोनों देशों ने जी20 की अध्यक्षता और छात्रों और उद्यमियों के लिए ज्यादा अवसर बनाने की दिशा में भी दोनों देशों ने मिलकर काम किया है। दोनों देशों के बीच मुक्त व्यापार समझौते और रक्षा सहयोग बढ़ाने पर भी सकारात्मक चर्चा हुई। गौरतलब है कि साल 2021 में भारत और ब्रिटेन के बीच 2030 के रोडमैप पर सहमति बनी थी। इसके तहत दोनों देश स्वास्थ्य, जलवायु, व्यापार, शिक्षा, विज्ञान, तकनीक और रक्षा क्षेत्र में सहयोग बढ़ाएंगे। एफटीए को लेकर दोनों देशों में अब तक 13 राउंड की बातचीत हो चुकी है और 14वें राउंड की बातचीत जनवरी में शुरू हुई थी। मुक्त व्यापार समझौते के तहत 26 अध्याय हैं, जिनमें सामान, सेवा, निवेश और बौद्धिक संपदा अधिकार जैसे मुद्दों पर बात हो रही है।

एफटीए के तहत भारतीय उद्योग की मांग है कि इसके आईटी और हेल्थकेयर प्रोफेशनल्स को ब्रिटेन में ज्यादा मौके मिलें, साथ ही कई सामान पर भारत चाहता है कि ब्रिटेन कस्टम ड्यूटी में भी छूट दे। वहीं ब्रिटेन भी स्कॉच व्हिस्की, इलेक्ट्रिक गाड़ियां, चॉकलेट, मांस और कुछ खाद्य सामानों पर कस्टम ड्यूटी से राहत दे। साथ ही ब्रिटेन, भारत में संचार, कानूनी और वित्तीय सेवाओं में भी अपने पैर पसारने के लिए राहत चाहता है। भारत और ब्रिटेन के बीच द्विपक्षीय व्यापार 2021-22 में 17.5 अरब डॉलर था, जो अब बढ़कर 20.36 अरब डॉलर हो गया है।

### 10 दिन की मोहलत दीजिए, अनिल अंबानी की कंपनी बेचने के लिए आरबीआई से गुहार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कर्ज में डूबी रिलायंस कैपिटल (आरकैप) के खरीदार हिंदुजा समूह की कंपनी को अधिग्रहण प्रक्रिया पूरा करने में वक्त लगेगा। दरअसल, रिलायंस कैपिटल के प्रशासक ने भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) से संपर्क कर हिंदुजा समूह की कंपनी को संपत्ति हस्तांतरित करने के लिए 10 दिन की मोहलत मांगी है। बता दें कि रिलायंस कैपिटल अनिल अंबानी की कंपनी थी, जो भारी भरकम कर्ज में डूबी है। रिलायंस कैपिटल की संपत्ति हिंदुजा समूह की कंपनी एशिया एंटरप्राइजेज को हस्तांतरित करने की समयसीमा शुक्रवार को खत्म हो गई। आरबीआई ने इसके लिए 17 नवंबर, 2023 को मंजूरी दी थी, जो केवल छह महीने के लिए वैध थी। अब रिलायंस कैपिटल के प्रशासक ने आरबीआई से 27 मई तक 10 दिन की मोहलत मांगी है। बता दें कि एनसीएलटी के आदेश के अनुसार हिंदुजा समूह की कंपनी के लिए समाधान योजना को लागू करने की समयसीमा 27 मई है।

# छह साल का रिकॉर्ड टूटा, 1.76 करोड़ लोगों को 2023-24 में मिला रोजगार

### सीएमआईई ने जारी किए रोचक आंकड़े

**नई दिल्ली, एजेंसी।** देश में बेरोजगारी के बीच चौंकाने वाले आंकड़े आए हैं। वित्त वर्ष 2023-24 में 1.76 करोड़ लोगों को काम मिला है। वित्त वर्ष यह 2016-17 के बाद से सबसे अधिक वृद्धि है। सेंटर फॉर मॉनिटरिंग इंडियन इकनॉमी यानी सीएमआईई के आंकड़ों के मुताबिक, वित्त वर्ष 2022-23 में कुल 40.57 करोड़ लोगों के पास काम था। 2023-24 में यह बढ़कर 42.33 करोड़ हो गया। आंकड़ों के मुताबिक, 2022-23 की तुलना में 2023-24 में रोजगार लगभग 4.3 प्रतिशत बढ़ा है। रोजगार दर 2022-23 में 36.5 प्रतिशत से बढ़कर 2023-24 में 37.2 प्रतिशत हो गई। सबसे ज्यादा रोजगार कृषि और सेवा क्षेत्र में है। कुल रोजगार में इनका हिस्सा करीब 35-40 प्रतिशत है। उद्योग का हिस्सा 25 प्रतिशत है।



वित्त वर्ष 2023-24 में रोजगार में वृद्धि मुख्य रूप से सेवा क्षेत्र में भारी तेजी के कारण हुई। कृषि क्षेत्र में भी नौकरियां बढ़ीं, लेकिन औद्योगिक क्षेत्र में गिरावट दर्ज की गई। सेवा क्षेत्र में वित्त वर्ष 2016-17 के बाद रोजगार का रिकॉर्ड बना है। इसी अवधि में कुल रोजगार में सेवाओं की नौकरियों की हिस्सेदारी वित्त वर्ष 2022-23 में 36.6 प्रतिशत से बढ़कर वित्त वर्ष 2023-24 में 38.9 प्रतिशत हो गई। पिछले वित्त वर्ष की हिस्सेदारी कोरोना महामारी से पहले के वर्षों से भी ज्यादा अच्छी है। आंकड़ों के अनुसार, सेवा क्षेत्र में लगभग 70 प्रतिशत कार्यबल खुदरा व्यापार, होटल और पर्यटन और व्यक्तिगत गैर-पेशेवर सेवाओं में कार्यरत है।

### 1.6 करोड़ रोजगार 2023-24 में सेवा क्षेत्र में मिला

2023-24 में सेवा क्षेत्र में 1.6 करोड़ को नौकरियां मिलीं। इसमें से करीब 96 लाख को व्यक्तिगत गैर-पेशेवर सेवाओं में नौकरियां मिलीं। इनमें नाई, बढ़ई, प्लंबर जैसी कुशल नौकरियां शामिल हैं। गैर-कुशल सेवा प्रदाता जैसे माली, चौकीदार, समाचार पत्र वितरक भी शामिल हैं।

### खुदरा व्यापार में सर्वाधिक रोजगार

सेवा क्षेत्र में सबसे अधिक नौकरियां खुदरा व्यापार में हैं। इसमें मॉल, राशन की दुकानों में काम करने वाले, फेरीवाले और खुदरा बाजारों में छोटे व्यापारी समेत अन्य लोग हैं। 2023-24 में खुदरा व्यापार में 6.88 करोड़ लोग काम कर रहे थे। खुदरा व्यापार में रोजगार 2022-23 में बढ़ने के साथ 2023-24 में भी ऊंचे स्तर पर रहा। सीएमआईई के आंकड़ों के मुताबिक, सेवा क्षेत्र की नौकरियों में व्यक्तिगत गैर-पेशेवर सेवाओं की नौकरियों का हिस्सा वित्त वर्ष 2022-23 में 13.6 प्रतिशत से बढ़कर वित्त वर्ष 2023-24 में 18.1 प्रतिशत हो गया। वित्त वर्ष 2020-21 और 2022-23 के बीच यह अनुपात 20.2 प्रतिशत से घटकर 13.6 प्रतिशत तक चला गया था।

# आयोग का डर: चुनावी आचार संहिता के कारण नकदी संग यात्रा करने से बच रहे व्यापारी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** देश में आम चुनाव हो रहे हैं। लोकसभा चुनाव 2024 की वजह से देश में आचार संहिता लागू है। इसकी वजह से अधिक नकदी लेकर यात्रा करना मुशिकल भरा सफर हो गया है। इसलिए व्यापारी दिल्ली और मुंबई जैसे शहरों में जाने से बच रहे हैं। चुनावों में धनबल का इस्तेमाल होना एक आम बात है। हर चुनावों में चुनाव आयोग धनबल के प्रयोग को रोकने के लिए भरसक प्रयास करता है। क्योंकि प्रत्याशियों की ओर से मतादाताओं को लुभाने के लिए नकदी बांटने की आशंका बनी रहती है।

ऐसे में चुनाव आयोग के निर्देश पर जगह-जगह नकदी के हस्तांरण का पता लगाने के लिए तलाशी ली जाती है। दूसरी ओर विभिन्न कारोबार से जुड़े व्यापारियों कोअपना माल खरीदने के लिए मुंबई, दिल्ली, सूरत, अहमदाबाद, कोलकाता जैसे शहरों में नकदी लेकर आना-जाना पड़ाता है। हालांकि इन दिनों चुनाव आयोग की कार्रवाई के डर से व्यापारी नकद के साथ सफर करने से बच रहे हैं। कारण है कि यदि



व्यापार के लिए ले जाने वाली नकदी चुनाव आयोग के हाथ लग जाए तो उसे वापस लेने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा है, समय अलग बर्बाद होता है। व्यापारियों की ओर से अपनी यात्राएं टालने से कारोबार पर भी इसका असर पड़ रहा है।

सूरत के होलसेल कपड़ा व्यापारी राजीव शाह बताते हैं कि कपड़ा बाजार पहले से मंदी का सामना कर रहा है। यहां होलसेल बाजार से खरीदी करने के लिए उत्तर और दक्षिण भारत के राज्यों से व्यापारी साड़ी, सूट और बच्चों के कपड़े लेने आते हैं। लेकिन चुनाव होने की वजह से व्यापारियों ने इसमें कटौती कर दी है। चेकिंग और नाकाबंदी की वजह से व्यापारी खरीदी के लिए नहीं आ रहे हैं। इसका व्यापार पर सीधा असर पड़ा है थोक बिक्री 40 प्रतिशत तक प्रभावित हुई है।

मुंबई होलसेल मार्केट के ट्रांसपोंटेशन के अधिकारी धर्मेश सिंह बताते हैं कि थोक बाजारों में दिहाड़ी मजदूरों की कमी हो गई है। चुनाव के दौरान प्रचार रैलियों और रोड शो में जाने के लिए दिहाड़ी पर काम मिल रहा है, इससे उद्योग में दिहाड़ी मजदूरों की कमी हो गई है। इससे उत्पादन क्षमता पर सीधा असर पड़ा है। छतरी बनाने वाले भरत कटियार बताते हैं कि मानसून के लिए उत्पादन चल रहा है लेकिन अभी तक कारोबार में तेजी नहीं आई है। अचार संहिता की वजह से नकदी लेकर कारोबारी आवाजाही नहीं कर रहे हैं। वहीं दूसरी और मजदूरों की कमी से उत्पादन प्रभावित हुआ है।

### सोने-चांदी के कारोबार पर भी पड़ रहा असर

जावेरी बाजार के कारोबारी इंदू जैन बताते हैं कि सोने चांदी के कारोबार पर चुनाव का असर हुआ है। बाजार में सोने के गहने और सिक्क लेकर व्यापारी आते जाते हैं। अब इसमें पेरशानी हो रही है। चेकिंग से बचने के लिए कारोबारी कम खरीदारी कर रहे हैं इसका असर व्यापार पर है। कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) महाराष्ट्र प्रदेश के महामंत्री शंकर ठक्कर का कहना है गर्मियों की छुट्टियां और चुनाव एक साथ होने से सभी उद्योगों में मजदूरों की कमी हो गई है।

## महिलाएं शुरू कर सकेंगी खुद का कारोबार, आसानी से मिलेगा लोन, एचडीएफसी बैंक को मिला है तगड़ा फंड

**नई दिल्ली, एजेंसी।** महिलाएं अब आसानी से खुद का कारोबार शुरू कर सकती हैं। कारोबार को शुरू करने के लिए लोन की जरूरत होती है। अब महिलाओं का इसकी समस्या नहीं होगी। महिलाओं को आसानी से लोन मिल सकेगा। दरअसल एचडीएफसी बैंक को महिलाओं को छोटे लोन देने के लिए अंतरराष्ट्रीय वित्तीय निगम से 500 मिलियन डॉलर का फंड मिला है। यह बैंक इन पैसों का इस्तेमाल महिला स्वयं सहायता समूह और संयुक्त देयता समूह को छोटे लोन देने के लिए करेगा। ये समूह महिलाओं को आर्थिक रूप से मजबूत बनाने के लिए चलाए जाते हैं।



अभी भारत में महिलाओं को छोटे लोन देने वाली गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियां ज्यादा सक्रिय हैं। दिसंबर 2023 तक, इन कंपनियों ने करीब 4.7 करोड़ महिलाओं को 31.6 बिलियन डॉलर के लोन दिए थे। लेकिन, ये कंपनियां आपस में बहुत बंटी हुई हैं और इनके पास ज्यादा पूंजी भी नहीं होती। साथ ही, उन्हें लोन देने के लिए ज्यादा ब्याज भी चुकाना पड़ता है। इसी वजह से एचडीएफसी बैंक जैसी बड़ी बैंकों की मदद से महिलाओं को आसानी से लोन मिल सकेगा और वे अपना खुद का कारोबार शुरू कर सकेंगी। दूसरी खबर में, फ्यूजन माइक्रोफाइनेंस इंस्टीट्यूशन को अमेरिका की अंतरराष्ट्रीय विकास वित्तीय निगम से 25 मिलियन डॉलर का लोन मिला है। इस फंड का इस्तेमाल फ्यूजन स्र्नद्ध अपने कारोबार को भारत में और बढ़ाने के लिए करेगा। बता दें कि कि फ्यूजन स्र्नद्ध ज्यादातर महिला उधारकर्ताओं को ही लोन देता है।

इधर एचडीएफसी बैंक के शेयर में आज तेजी भी देखने को मिल रही है। अभी एचडीएफसी बैंक के शेयर उछाल के साथ 1,465.40 रुपये के स्तर पर कारोबार कर रहे हैं। सुबह से ही शेयरों में तेजी देखने को मिल रही है। पिछले 5 दिनों में एचडीएफसी बैंक के शेयर में दो फीसदी से ज्यादा का उछाल आ चुका है। हालांकि इससे पहले बैंक के शेयर में गिरावट देखने को मिल रही थी।

# भारतीय जूनियर पुरुष और महिला हॉकी टीमें यूरोप दौरे के लिए रवाना

**बेंगलुरू, एजेंसी।** भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम और भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम शनिवार को यूरोप के दौरे पर रवाना हुईं। दौरे के दौरान, भारतीय जूनियर पुरुष टीम बेल्जियम, ब्रेडेज़ हॉकी वेरेनिगिंग पुश और जर्मनी से प्रतिस्पर्धा करेगी, जबकि भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम बेल्जियम, ब्रेडेज़ हॉकी वेरेनिगिंग पुश, जर्मनी और ओरांजे रूड से भिड़ेगी।

कप्तान ज्योति सिंह के नेतृत्व में, भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम 21 मई को ब्रेडेज़ हॉकी वेरेनिगिंग पुश के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगी, इसके बाद 22 मई को ब्रेडा में बेल्जियम के खिलाफ मैच खेलेगी। इसके बाद टीम 26 मई को जर्मनी से खेलने के लिए ब्रेडा लौटने से पहले 24 मई को बेल्जियम से मुकाबला करने के लिए एंटवर्प की यात्रा करेगी। वे 27 मई को फिर से जर्मनी का सामना करने के लिए डसेलडोर्फ की यात्रा करेंगे, जिसके बाद 29 मई को ब्रेडा में ओरांजे रूड के साथ मुकाबला खेलने के बाद अपना यूरोप दौरा समाप्त करेगी।




दौरे पर रवाना होने से पहले अपना उत्साह साझा करते हुए ज्योति सिंह ने कहा, टीम पूरे यूरोप की यात्रा करने और कुछ प्रमुख यूरोपीय युवा हॉकी क्लबों के साथ-साथ कुछ सबसे कठिन अंतरराष्ट्रीय युवा टीमों का सामना करने के लिए उत्सुक है। यह दौरा हमें अमूल्य मैच अनुभव प्रदान करेगा और हमें अपनी ताकत और कमजोरियों को समझने में मदद करेगा। हमारे पास कुछ खिलाड़ी हैं जो पदार्पण भी करेंगे और यह उनके लिए उच्च क्षमता वाले विरोधियों के खिलाफ अपने कौशल का प्रदर्शन करने का एक शानदार अवसर है। कप्तान रोहित के नेतृत्व में भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम 20 मई को एंटवर्प में बेल्जियम के खिलाफ अपने दौरे की शुरुआत करेगी। रिवर्स मैच 22 मई को खेला जाएगा और उसके बाद 23 मई को ब्रेडा में ब्रेडेज़ हॉकी वेरेनिगिंग पुश के खिलाफ मैच खेला जाएगा। इसके बाद टीम अपने दौरे को समाप्त करने के लिए 28 मई को मोनचेंग्लादबाक में और 29 मई को ब्रेडा में जर्मनी से भिड़ेगी।

## संक्षिप्त समाचार

### अंडर-15 आईलीग 2023-24

### आरा एफसी को 5-0 से हराकर मिनर्वा बॉयज टॉप पर

**चंडीगढ़, एजेंसी।** मिनर्वा एफसी ने अंडर-15 आई-लीग में अपना दबदबा कायम रखते हुए आरा एफसी पर 5-0 से शानदार जीत हासिल की। इस जीत के साथ टीम ने ग्रुप में टॉप स्पॉट अपने नाम कर लिया है। उन्होंने मैच के दौरान पूरा कंट्रोल के साथ गेम को आगे बढ़ाया और वे आक्रामकता के साथ विपक्षी पर दबाव बनाते रहे। उन्होंने किसी को अपने आगे टिकने का मौका नहीं दिया। मैच के शुरुआत से ही मिनर्वा ने मूव बनाए और चौथे मिनट में जायद के तेज गोल से मैच में माहौल तैयार कर दिया। टीम ने गति जारी रखी। 11वें मिनट में मूसा आशिक ने गोल किया और उसके बाद 31वें



मिनट में जायद ने दूसरा गोल किया। हाफ टाइम तक मिनर्वा ने 3-0 की अच्छी बढ़त हासिल कर ली थी। दूसरा हाफ भी उतना ही प्रभावशाली साबित हुआ। 56वें मिनट में बाइटे ने गोल किया और 71वें मिनट में राज ने पेनल्टी शॉट के साथ टीम की जीत पक्की कर दी। मैच के अंत तक बोर्ड पर स्कोर मिनर्वा के पक्ष में 5-0 था। उन्होंने आरा एफसी पर लगातार दबाव बनाया और वे अटैक के साथ आगे रहे। मैदान पर मिनर्वा ने अटूट दृढ़ संकल्प और कौशल का प्रदर्शन किया। इस शानदार जीत ने अंडर-15 आई-लीग में शीर्ष दावेदार के रूप में मिनर्वा एफसी की स्थिति को और मजबूत कर दिया। फैंस को उनके अगले मैच का बेसब्री से इंतजार है।

### थाईलैंड ओपन

### भारत का डबल्स वर्ग में शानदार प्रदर्शन

#### सात्विक-चिराग तथा तनीषा-अश्विनी सेमीफाइनल में पहुंचे

बैंकॉक, एजेंसी। विश्व रैंकिंग में तीसरे स्थान काबिज भारतीय जोड़ी ने इस सुपर 500 टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में आरिफ और याप पर 21-7, 21-14 से आसान जीत हासिल की। भारतीय डबल्स जोड़ियों ने थाईलैंड ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन करते हुए अपने-अपने मुकाबलों में जीत दर्ज की। भारत की शीर्ष पुरुष डबल्स जोड़ी सात्विकसाईराज




रेंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी ने थाईलैंड ओपन में मलेशिया के जुनैदी आरिफ और रॉय किंग याप पर सीधे गेम में जीत के साथ सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की की।

**सात्विक-चिराग का सामना अब चीनी ताइपे की जोड़ी से होगा-** विश्व रैंकिंग में तीसरे स्थान काबिज भारतीय जोड़ी ने इस सुपर 500 टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में आरिफ और याप पर 21-7, 21-14 से आसान जीत हासिल की। एशियाई खेलों की स्वर्ण पदक विजेता भारतीय जोड़ी का सामना अंतिम चार चरण में चीनी ताइपे के लू मिंग-चे और तांग काई-वेई की जोड़ी से होगा।

**महिला डबल्स जोड़ी भी सेमीफाइनल में पहुंची**
तनीषा क्रास्टो और अश्विनी पोनप्पा की महिला डबल्स जोड़ी भी सेमीफाइनल में पहुंचने में सफल रही।

# गंभीर बन सकते हैं भारत के हेड कोच

### बीसीसीआई ने इच्छा जानने के लिए संपर्क किया
### 27 मई तक अप्लाई करना होगा




**नईदिल्ली, एजेंसी।** बीसीसीआई ने भारतीय टीम का हेड कोच बनने के लिए भारत के पूर्व बल्लेबाज गौतम गंभीर से संपर्क किया है। गंभीर से यह पूछने के लिए कॉन्टैक्ट किया है कि वे टीम के हेड कोच बनना चाहते है या नहीं। आईपीएल 2024 पूरा होने के बाद आगे चर्चा होने की उम्मीद है। इस सीजन गंभीर केकेआर के मेंटर है। पॉइंट्स टेबल में उनकी टीम टॉप पर है और प्लेऑफ के लिए क्वालिफाई कर चुकी है। राहुल द्रविड़ फिलहाल टीम इंडिया के हेड कोच हैं। उनका कार्यकाल अमेरिका और वेस्टइंडीज में होने वाले टी-20 वर्ल्ड कप के बाद खत्म हो जाएगा।

**टीम इंडिया के हेड कोच के लिए 27 मई तक अप्लाई करना होगा-** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ( बीसीसीआई) ने टीम इंडिया के हेड कोच पद के लिए आवेदन मंगवाए हैं। बोर्ड ने सोमवार (13 अप्रैल) देर रात उम्मीदवारों के लिए विज्ञापन जारी किया था। उम्मीदवार 27 मई की शाम 6 बजे तक अप्लाई कर सकते हैं।

**गंभीर ने बतौर प्लेयर 2 वर्ल्ड कप और 2 आईपीएल जीते-** गंभीर बतौर खिलाड़ी 2007 में भारत की टी-20 वर्ल्ड कप जीत और 2011 में वनडे वर्ल्ड कप जीत का हिस्सा थे। उन्होंने 2011 से 2017 तक सात आईपीएल सीजन के लिए केकेआर की कप्तानी की, और उन्होंने पांच बार प्लेऑफ के लिए भी क्वालिफाई किया। बतौर कप्तान उन्होंने साल 2012 और 2014 में दो खिताब जीते।

### गंभीर के पास कोचिंग का अनुभव नहीं

42 साल के गंभीर को इंटरनेशनल या डोमेस्टिक लेवल पर कोचिंग का कोई अनुभव नहीं है, वह दो आईपीएल फ्रेंचाइजी में कोचिंग स्टाफ के इंचार्ज रहे हैं। आईपीएल 2022 और 2023 में वे लखनऊ सुपर जाइंट्स के मेंटर थे। वहीं। 2024 सीजन में केकेआर के साथ जुड़े। गंभीर ने रूस्त्र में रहते पहले दोनों सीजन में टीम को प्लेऑफ तक पहुंचाया। वहीं, इस सीजन भी केकेआर क्वालिफाई कर चुका है।

### भारत का कोच बनना थकाऊ काम है...

### ऑस्ट्रेलिया जाते-जाते ये क्या कह गए जस्टिन लैंगर



**नईदिल्ली, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम के पूर्व दिग्गज और कोच रह चुके जस्टिन लैंगर ने भारती टीम के कोच बनने पर अपना बयान दिया है। लैंगर का मानना है कि भारत का कोच बनना क्रिकेट जगत की सबसे बड़ी जिम्मेदारियों में से एक है और अगर टाइमिंग सही नहीं हो तो यह काफी थकाऊ काम हो सकता है। आईपीएल के इस सत्र में लखनऊ सुपर जाइंट्स के कोच रहे लैंगर से कई बार पूछा गया कि क्या वह भारत का कोच बनने के इच्छुक हैं चूंकि राहुल द्रविड़ का कार्यकाल टी20 विश्व कप के बाद खत्म हो रहा है। लैंगर ने एक सवाल के जवाब में कहा, यह क्रिकेट का सबसे बड़ा काम है, भारतीय टीम का मुख्य कोच बनना। उन्होंने कहा, एक तो इतना अधिक क्रिकेट हो रहा है और दूसरा अपेक्षाओं का भारी दबाव। यह काफी चुनौतीपूर्ण है लेकिन रोमांचक भी होगा। उन्होंने कहा, इसके लिए टाइमिंग सही रहने की जरूरत है। मैं ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम के साथ करीब चार साल था। ये काफी थकाऊ काम है।




# राहुल का आईपीएल में बड़ा कारनामा

### मुंबई इंडियंस के खिलाफ हासिल की खास उपलब्धि

### राहुल ने धवन को छोड़ा पीछे

मुंबई इंडियंस के खिलाफ केएल राहुल से पहले आईपीएल में सबसे ज्यादा रन बनाने का रिकॉर्ड शिखर धवन के नाम पर था, जिन्होंने 28 मैचों में 39.17 के औसत से 901 रन बनाए थे, वहीं राहुल ने अब धवन को पीछे छोड़ दिया है, जिसमें उन्होंने मुंबई के खिलाफ 18 मैचों में 79.16 के औसत से 950 रन बनाए हैं। राहुल ने इस दौरान मुंबई के खिलाफ तीन शतकीय और 6 अर्धशतकीय पारियां भी खेली हैं। राहुल का आईपीएल के इस सीजन भी बल्ला जमकर बोलता देखने को मिला है, जिसमें उन्होंने 37.14 के औसत से 520 रन बनाए हैं।

मुंबई, एजेंसी। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 17वें सीजन में लखनऊ सुपर जाएंट्स की टीम भले ही प्लेऑफ में अपनी जगह बनाने में कामयाब नहीं हो सकी, लेकिन उनके कप्तान केएल राहुल का बल्ले से बेहतरीन प्रदर्शन देखने को मिला है। मुंबई इंडियंस के खिलाफ टीम के आखिरी लीग मुकाबले में भी राहुल के बल्ले से 55 रनों की बेहतरीन पारी देखने को मिली। इसी के साथ राहुल ने जहां आईपीएल के 17वें सीजन में अपने 500 रनों के आंकड़े को पार किया तो वहीं अब वह आईपीएल इतिहास में मुंबई इंडियंस के खिलाफ सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी भी बन गए हैं।

### आईपीएल के एक सीजन में छठी बार राहुल ने बनाए 500 प्लस रन

केएल राहुल ने आईपीएल के 17वें सीजन में 14 मैचों में जहां 520 रन बनाए तो वहीं उनके बल्ले से 4 अर्धशतकीय पारियां भी देखने को मिली। राहुल अब आईपीएल इतिहास में एक सीजन में सबसे ज्यादा बार 500 प्लस रन बनाने के मामले में तीसरे नंबर पर पहुंच गए हैं। राहुल के बल्ले से छठी बार 500 प्लस रन देखने को मिले हैं। वहीं इस लिस्ट में पहले स्थान पर संयुक्त रूप से डेविड वॉर्नर और विराट कोहली हैं, जिसमें दोनों ने अब तक 7-7 बार ये कारनामा किया है।

# अब टी20 विश्व कप में शर्मा जी के बेटे का समर्थन करूंगा : केएल राहुल

**मुंबई, एजेंसी।** लखनऊ सुपर जाइंट्स (एलएसजी) के कप्तान के.एल. राहुल ने कहा कि अब वह अपने ससुर के साथ आगामी आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप में शर्मा जी का बेटा और अपने साथियों को प्रोत्साहित करेंगे। लखनऊ ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 में अपने आखिरी मैच में रोहित शर्मा की टीम मुंबई इंडियंस को शुक्रवार रात वानखेड़े स्टेडियम में धूल चटाई। शुक्रवार आधी रात को वानखेड़े स्टेडियम में एलएसजी द्वारा मुंबई इंडियंस को 18 रन से हराने के बाद आधिकारिक प्रसारणकर्ता से बात करते हुए राहुल ने कहा, मुझे अब मेरे ससुर का समर्थन मिला है और हम दोनों टी20 विश्व कप में शर्माजी का बेटा (कप्तान रोहित शर्मा,भारत) के लिए जयकार करेंगे। राहुल के जवाब में ब्रॉडकास्टर स्टार स्पोर्ट्स द्वारा राहुल के ससुर और प्रसिद्ध फिल्म अभिनेता सुनील शेट्टी द्वारा आईपीएल में स्थानीय टीम मुंबई इंडियंस के शीर्ष स्टार रोहित शर्मा का समर्थन करने वाले प्रचार वीडियो की ओर इशारा किया गया। हालाँकि शेट्टी की जड़ें कर्नाटक में हैं, जहाँ से राहुल भी आते हैं, उन्होंने अपना जीवन मुंबई में बिताया है और एक लोकप्रिय फिल्म स्टार के रूप में नाम कमाया है।




# आईटीए ने टेस्ट नहीं देने पर परवीन को सस्पेंड किया

- ओलिंपिक कोटा अमान्य, बीएफआई बोला- हमारे पास एक और मौका

**इंटरनेशनल टेस्टिंग एजेंसी** ( आईटीए) ने भारत के लिए बॉक्सिंग में 2024 ओलिंपिक का कोटा हासिल करने वाली मुक्केबाज परवीन हुड्डा पर 22 महीने का सस्पेंशन लगा दिया है। बॉक्सिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया ( बीएफआई) ने घोषणा की है कि उसने 57 किग्रा कैटेगरी में परवीन के जीते गए कोटा को अस्वीकार कर दिया है ताकि वह एक बार फिर दूसरे वर्ल्ड ओलंपिक क्वालिफायर में हिस्सा ले सके। अब भारत के पास विमेंस के 57 किग्रा कैटेगरी में ओलिंपिक क्वालिफिकेशन हासिल करने का एक और मौका होगा। परवीन ने 2022 एशियन गेम्स में ब्रॉन्ज मेडल जीतने के साथ 2024 ओलंपिक के लिए बॉक्सिंग में भारत को कोटा दिलाया था। आईटीए ने पिछले 12 महीने में तीन बार अपना ठिकाना (वेयरअबाउट) नहीं बताने के कारण परवीन को 22 महीने के लिए निलंबित कर दिया है।



# हार्दिक पर स्लो ओवर-रेट के लिए एक मैच का बैन

### 30 लाख रुपए का जुर्माना भी, अगले आईपीएल सीजन में पहला मैच नहीं खेल पाएंगे

**नईदिल्ली, एजेंसी।** मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पंड्या पर आईपीएल के इस सीजन में तीन मैचों में स्लो ओवर-रेट के लिए शुक्रवार को एक मैच का बैन लगाया गया। यह फैसला शुक्रवार को मुंबई इंडियंस और लखनऊ सुपर जायंट्स के खेले गए मैच के बाद लिया गया।

हालांकि, इस सीजन में मुंबई इंडियंस का अब एक भी मैच नहीं बचा है। वह पहले ही प्ले ऑफ की रेस से बाहर हो चुकी है। ऐसे में अगले सीजन के अपने पहले मैच में हार्दिक पंड्या नहीं खेलेंगे। साथ ही इंपैक्ट प्लेयर सहित टीम के अन्य खिलाड़ियों पर 12 लाख या मैच फीस का 50 प्रतिशत देना होगा। इनमें से जो कम होगा, उसे मुंबई इंडियंस के खिलाड़ियों को देना होगा।



मुंबई इंडियंस पर इस सीजन तीसरी बार स्लो ओवर रेट के लिए जुर्माना लगा है। दरअसल, मुंबई ने 17 मई को लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ, 30 मई को लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ और 18 अप्रैल को पंजाब किंग्स के खिलाफ स्लो ओवर किए थे। इस वजह से हार्दिक पंड्या कप्तान के तौर पर IPL कोड ऑफ कंडक्ट के उल्लंघन के दोषी पाए गए।


### 3 मैचों में हार्दिक पर 3 बार जुर्माना

- लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ 30 लाख रुपए का जुर्माना लगा।
- लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ 24 लाख रुपए का फाइन लगा।
- पंजाब किंग्स के खिलाफ 12 लाख रुपए का जुर्माना लगा।

### अब समझिए आईपीएल में स्लो ओवर रेट होने पर फाइन का नियम

आईपीएल की स्लो ओवर रेट से जुड़ी आचार संहिता के तहत अगर किसी टीम का कप्तान पहली बार दोषी पाया जाता है तो उस पर 12 लाख रुपए का जुर्माना लगता है। अगर सीजन में दूसरी बार उस कप्तान से स्लो ओवर रेट का अपराध होता है, तो 24 लाख रुपए का जुर्माना लगाया जाता है। तीसरी बार गलती हुई, तो कप्तान पर एक मैच का बैन और 30 लाख रुपए जुर्माना लगता है।

# अनिल कपूर छोड़ दी अक्षय कुमार की हाउसफुल 5 !





## क्या नाना पाटेकर के रोल पर गिरेगी गाज?

खबर है कि अनिल कपूर ने अक्षय कुमार की बिग बजट मूवी हाउसफुल 5 छोड़ दी है?। अनिल कपूर ने जितनी फीस मांगी थी, वह साजिद नाडियाडवाला को जायज नहीं लगी।खबर है कि हाउसफुल 5 में मेकर्स नाना पाटेकर के रोल पर भी दोबारा काम कर रहे हैं। खबर है कि अनिल कपूर ने फिल्म हाउसफुल 5 छोड़ दी है। फिल्म के प्रोड्यूसर साजिद नाडियाडवाला के साथ फीस को लेकर अनिल कपूर का विवाद हो गया। फिल्म वेलकम और वेलकम बैक के बाद हाउसफुल 5 में नाना पाटेकर और अनिल कपूर की हिट जोड़ी नजर आने वाली थी। फैंस भी काफी एक्साइटेड थे। पर ऐसा लग रहा है कि अब ऐसा नहीं हो पाएगा क्योंकि अनिल कपूर की फिल्म छोड़ने की खबरें आ रही हैं। फिल्म में अक्षय कुमार, रितेश देशमुख और अभिषेक बच्चन के साथ नाना पाटेकर और अनिल कपूर को भी कास्ट किया गया था।

## शिखर धवन के शो में नजर आएंगे अक्षय कुमार

भारतीय क्रिकेटर बाएं हाथ के बल्लेबाज शिखर धवन जल्द ही OTT प्लेटफॉर्म पर एक नए अवतार में नजर आएंगे। वे 'धवन करेंगे' नाम से एक नया चैट शो लेकर आ रहे हैं। मेकर्स ने गुरुवार (16 मई) को इसका पहला प्रोमो रिलीज किया। इसमें धवन एक्टर अक्षय कुमार, एक्ट्रेस तापसी पन्नू, यूट्यूबर भुवन बाम, क्रिकेटर ऋषभ पंत और हरभजन सिंह के साथ चैट करते नजर आ रहे हैं। 50 सैकंड के इस प्रोमो में धवन, अक्षय के पॉपुलर डायलॉग 'डोंट एंग्री मी' बोलने की कोशिश करते दिखे। धवन ने तापसी के साथ ढोल की बीट्स पर डांस भी किया। यह शो 20 मई से जियो सिनेमा पर स्ट्रीम होगा। मेकर्स ने इसे अपने ऑफिशियल इंस्टा अकाउंट पर शेयर करते हुए लिखा, आपका फेवरेट गब्बर आ रहा है नए अंदाज में गपशप, कहानियों और मस्ती से भरे इस नए शो के लिए तैयार रहिए।

अपना उत्साह व्यक्त करते हुए धवन ने कहा कि धवन करेंगे मूवीज, स्पोर्ट्स, स्पिरिचुअलिटी और बिजनेस वर्ल्ड जैसी इंडस्ट्री को बारीकी से जानेगा, जिससे एक वास्तविक अनुभव तैयार होगा। मैं इस उद्यम में अपने ए-गेम को सामने लाने के लिए तैयार हूं, टॉक शो को अपने व्यक्तित्व और ऊर्जा से भर दूंगा। यह सिर्फ एंटरटेनमेंट के बारे में नहीं है, यह मेरे फैंस के साथ एक पर्सनल कनेक्शन है, जो पहले अनदेखे पहलुओं को उजागर करने और वास्तविक संबंधों को बढ़ावा देने का मौका है। हर एपिसोड अपनी कहानी और माहौल के साथ नई पारी की तरह सामने आएगा, जो हमारे दर्शकों के साथ साझा किए जाने का बेसब्री से इंतजार कर रहा है।

### अब किसी भी प्रोजेक्ट के लिए

## वजन नहीं बढ़ाउंगी शिवांगी वर्मा



फिल्म पिचाईकरण 2 के गाने नाना बुलुकु के लिए 10 किलो वजन बढ़ाने वाली एक्ट्रेस शिवांगी वर्मा ने अपना वजन घटाने के अनुभव के बारे में बात की और कहा है कि वह किसी भी प्रोजेक्ट के लिए अपना वजन दोबारा कभी नहीं बढ़ाएंगी। छोटी सरदारनी, रिपोर्टर्स और टीवी, बीवी और मैं में अपने काम के लिए मशहूर एक्ट्रेस ने साझा किया कि वह समर्पण और कड़ी मेहनत से 10 किलो वजन कम करने में सफल रहीं। शिवांगी ने कहा, मैंने इसे किसी तरह मैनेज किया। 69 से 59 तक पहुंचने में मुझे सचमुच एक साल लग गया। मेरे डाइटिशियन को धन्यवाद, मुझे लगता है कि मैं काफी फोकस्ड थी। मेरा वर्कआउट सही था, यही वजह है कि मैं वजन कम करने में सफलता हासिल कर पायी। हालांकि, अब उन्होंने तय कर लिया है कि वो किसी भूमिका के लिए वजन बढ़ाने के लिए सहमत नहीं होंगी।

नच बलिए सीजन 6 के फाइनलिस्ट ने कहा, अब, मैं कभी भी किसी प्रोजेक्ट के लिए वजन नहीं बढ़ाऊंगी। अगर मुझे ऐसा करना पड़े तो मैं प्रोजेक्ट को छोड़ दूंगी। वजन कम करने के सबसे महत्वपूर्ण पहलुओं के बारे में, शिवांगी ने कहा, पहला है सही डाइट लेना, दूसरा है रोजाना वर्कआउट करना और तीसरा है अपनी इच्छाशक्ति को बरकरार रखना। मुझे लगता है कि आपको अपने ऊपर कंट्रोल रखने की जरूरत है। आपकी जीभ ही यह तय करती है कि आप कितना वजन बढ़ाते हैं या घटाते हैं।

## राजस्थान के 50 डिग्री तापमान में निया शर्मा कर रही सुहागन चुड़ैल की शूटिंग



अपकमिंग फैंटेसी-थ्रिलर-रोमांस ड्रामा सुहागन चुड़ैल में लीड रोल निभाने वाली निया शर्मा ने राजस्थान में 50 डिग्री सेल्सियस के तापमान व चिलचिलाती धूप में शूटिंग की और बताया कि इसमें उनकी टीम ने उनकी किस तरह मदद की। निया ने चिलचिलाती गर्मी और दुर्गम इलाके का सामना करते हुए राजस्थान में शो के स्पेशल ओपनिंग सीक्वेंस की शूटिंग की। अनुभव के बारे में बात करते हुए, नागिन फेम ने कहा- राजस्थान की खूबसूरती मुझे हमेशा रोमांचित करती है। हमारी शूटिंग के दौरान टेस्टी खाना था और 50 डिग्री तापमान था।

चिलचिलाती धूप में घंटों बिताने से चेहरा काला हो गया, लेकिन एक एक्टर के रूप में काम सबसे ज्यादा महत्वपूर्ण है। हर चुनौती ने मुझे अपना बेस्ट देने के लिए प्रेरित किया। निया ने आगे कहा, मेरी टीम ने मुझे हाथ के पंखों से हवा दी और मुझे ठंडा रखा, जिससे मैं अपना बेस्ट परफॉर्म दे सकी। यह दर्शकों का प्यार है जो मुझे आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करता है, और यह इन चुनौतियों पर काबू पाने को सार्थक बनाता है। मैं अपने नए शो के लिए इतना जबरदस्त उत्साह दिखाने के लिए उन्हें धन्यवाद देती हूं और राजस्थान की चिलचिलाती गर्मी के बीच हमने जो जादू पैदा किया है, उसे देखने के लिए मैं इंतजार नहीं कर सकती। सुहागन चुड़ैल का प्रीमियर 27 मई को रात 10.30 बजे कलर्स पर होगा।

## अप्सरा आली रे..कान्स में कियारा आडवाणी का स्टाइलिश डेब्यू

### मिसेज मल्होत्रा ने थाई-हाई स्लिट गाउन में ढाया कहर



कान्स फिल्म फेस्टिवल में बॉलीवुड की एक और हसीना का स्टाइलिश डेब्यू हो गया है। ये एक्ट्रेस और कोई नहीं बल्कि कियारा आडवाणी हैं। हसीना ने अपने डेब्यू के लिए ऑल व्हाइट लुक चुना। कियारा का ये लुक काफी फ्रेश और शानदार लग रहा है जिस उन्होंने बड़े ही स्टाइलिश अंदाज के साथ कैरी किया।

कियारा ने अपने डेब्यू के लिए फेमस फैशन डिजाइनर प्रबल गुरुंग गाउन चुना। इस थाई-हाई स्लिट गाउन में कियारा किसी अप्सरा सी हसीन लग रही थी। कान्स फिल्म फेस्टिवल में बॉलीवुड की एक और हसीना का स्टाइलिश डेब्यू हो गया है। ये एक्ट्रेस और कोई नहीं बल्कि कियारा आडवाणी हैं।

हसीना ने अपने डेब्यू के लिए ऑल व्हाइट लुक चुना। कियारा का ये लुक काफी फ्रेश और शानदार लग रहा है जिस उन्होंने बड़े ही स्टाइलिश अंदाज के साथ कैरी किया। कियारा ने अपने डेब्यू के लिए फेमस फैशन डिजाइनर प्रबल गुरुंग गाउन चुना। इस थाई-हाई स्लिट गाउन में कियारा किसी अप्सरा सी हसीन लग रही थी। एक्ट्रेस का प्लंजिंग नेकलाइन वाला गाउन काफी क्लासी लग रहा था। स्कर्ट पोर्शन में ढेर सारी फ्लेयर्स डाली थी और स्लिट कट दिया गया था जिससे आउटफिट में काफी शानदार ग्रेस आ रहा था। वहीं इसकी स्लीव्स को एक साइड फुल रखा गया तो दूसरी साइड हाफ। कियारा ने अपनी जूलरी के लिए लेस इज मोर वाला कॉन्सेप्ट फॉलो किया और सिर्फ स्टेटमेंट ईयररिंग्स पहने दिखाई दीं।

### डेब्यू हो तो ऐसा माथे पे टीका...छुटकू सी नथ...

## कान्स में छाई सुनंदा शर्मा



कान्स फिल्म फेस्टिवल की शुरुआती हो चुकी है। अब तक कई हसीनाएं अपने लुक से सबको दीवाना बना चुकी हैं। जहां ऐश्वर्या राय बच्चन, उर्वशी रौतेला ने अपने लुक्स से सब को मदहोश किया। कान्स फिल्म फेस्टिवल की शुरुआती हो चुकी है। अब तक कई हसीनाएं अपने लुक से सबको दीवाना बना चुकी हैं। जहां ऐश्वर्या राय बच्चन, उर्वशी रौतेला ने अपने लुक्स से सब को मदहोश किया। देसी टशन दिखा सारी महफिल ही लूट ली। ये मुटियार है पंजाबी सिंगर सुनंदा शर्मा जिन्होंने इस बार कान्स रेड कार्पेट में डेब्यू किया।



## जिंदगी में कोई स्पेशल आ रहा, प्रभास का पोस्ट देख उड़ी शादी की खबर

### अनुष्का शेट्टी को दुल्हनिया बता रहे लोग

तेलुगू सुपरस्टार प्रभास ने कुछ ऐसा पोस्ट किया जिसे देखने के बाद उनके फैंस एक्साइटेड हो गए हैं। यहां तक कि वो सोच रहे हैं कि एक्टर शादी करने वाले हैं लेकिन रिपोर्ट्स कहती हैं कि वो अपनी फिल्म कल्कि- 2898 एडी से कुछ घोषणा कर सकते हैं। आइए देखें उनकी पोस्ट।

तेलुगू सुपरस्टार प्रभास ने शुक्रवार, 17 मई को अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक नोट शेयर किया, जिसमें उन्होंने हिंट दिया कि उनकी लाइफ में कोई स्पेशल आ गया है। प्रभास ने फैंस को चिढ़ाया है और अपनी फिल्म कल्कि-2898 एडीकी रिलीज से पहले, उन्होंने एक पोस्ट शेयर किया जिसमें लिखा था, डार्लिंग्स!! आखिरकार कोई बहुत खास मेरी लाइफ में आने वाला है (स्माइली इमोजी)। कृपया प्रतीक्षा करें। लेकिन लोगों को लग रहा है कि प्रभास अपनी शादी की भी घोषणा कर सकते हैं और इसी के साथ एक्ट्रेस अनुष्का शेट्टी का नाम भी ट्रेंड कर रहा है।

## प्यार में अटूट विश्वास रखती हैं कैटरीना कैफ



बॉलीवुड अभिनेत्री कैटरीना कैफ और विक्की कौशल बी टीउन के पावर कपल में से एक हैं। दोनों अक्सर एक-दूसरे के प्रति अपना प्यार जाहिर करते हुए नजर आते हैं। हाल ही में अभिनेत्री ने पति विक्की का जन्मदिन मनाया है। इस दौरान की तस्वीरें सोशल मीडिया पर छाई हुई हैं। कैटरीना का एक पुराना इंटरव्यू सामने आया है, जिसमें वह रिश्तों के बारे में बात करती हुई नजर आ रही हैं।

कैटरीना कैफ से बातचीत के दौरान सवाल किया गया कि क्या रणबीर कपूर से ब्रेकअप के बाद रिश्तों को लेकर उनका नजरिया बदला है। इसका जवाब देते हुए अभिनेत्री ने कहा कि प्यार के बारे में उनकी राय कभी नहीं बदलेगी। कैटरीना ने कहा, मुझे लगता है कि प्यार के बारे में मेरे विचार और अधिक विकसित हुए हैं। उन्होंने कहा, मैंने रिश्तों को अधिक निस्वार्थता के साथ निभाना सीखा है। प्यार को लेकर मेरा दृढ़ विश्वास, प्यार में जुनून और ईमानदारी वैसी ही हेगी। कैटरीना कैफ के ये विचार प्यार को लेकर उनकी समझ को दर्शाते हैं। उन्होंने कहा कि प्यार में चुनौतियों का सामना करने के बावजूद, प्यार को लेकर उनका विश्वास अटूट बना हुआ है। गौरतलब है कि कैटरीना कैफ और रणबीर कपूर ने लंबे वक्त तक एक दूसरे को डेट किया था। मगर बाद में दोनों का ब्रेकअप हो गया था। बी-टाउन की गलियों में इनके रिलेशनशिप और ब्रेकअप दोनों की खबरें खूब सुर्खियों में छाई थीं।

### तमिल ब्लॉकबस्टर अरनमनई का होगा

## 24 मई को हिन्दी में होगा प्रदर्शन





तमन्ना भाटिया की एक तमिल मूवी अब हिंदी में भी रिलीज होगी। इसके तमिल वर्जन को दर्शकों के साथ-साथ क्रिटिक्स ने भी खूब सराहा है। इसने बॉक्स ऑफिस पर 70 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार कर लिया है। अब यह फिल्म हिंदी में रिलीज होने के लिए तैयार है। फिल्म का नाम है 'अरनमनई 4'। इसमें राशि खन्ना भी हैं। 24 मई को हॉरर-कॉमेडी फिल्म 'अरनमनई 4' हिंदी में सिनेमाघरों में रिलीज किया जाएगा। फिल्म में तमन्ना भाटिया और राशि के अलावा सुंदर सी, रामचन्द्र राजू, संतोष प्रताप, कोवई सरला, योगी बाबू, वीटीवी गणेश, दिल्ली गणेश और के.एस. रविकुमार प्रमुख भूमिका में थे। इसका निर्देशन और लेखन सुंदर सी ने किया है। फिल्म का ये चौथा पार्ट है। इसका पहला पार्ट 2014, दूसरा 2014 और तीसरा पार्ट 'अरनमनई 3' 2021 में आया था। इस फ्रेंचाइजी की सारी फिल्में हिट रही थीं। इसकी कहानी एक महल और उसे बेचने गई फैमिली के इर्द-गिर्द घूमती है।

- साभार एजेंसी